चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 242, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 1 अक्तूबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

अब सात अक्टूबर तक बदल और जमा कर सकेंगे दो हजार के नोट

3.56 लाख करोड़ रुपये के 2000 के बैंक नोटों में से 3.42 लाख करोड़ रुपये के नोट बैंकों में वापस आ चुके हैं

नई दिल्ली

दो हजार रुपये के पुराने नोट को बदलवाने और जमा की आखिरी तारीख को बढ़ाकर सात अक्तूबर कर दिया गया है। अभी तक इसकी आखिरी तारीख 30 सितंबर, 2023 थी। बता दें कि कुछ महीनों पहले रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने दो हजार रुपये के नोटों को वापस लेने का एलान किया था।

19 मई 2023 को प्रचलन में रहे ?2000 के नोटों का 96% बैंकों में लौटाः बैंकों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, 19 मई, 2023 तक प्रचलन में में रहे 3.56 लाख करोड़ रुपये के 2000 के बैंक नोटों में से 3.42 लाख करोड़ रुपये के नोट बैंकों में वापस आ चुके हैं। 29 सितंबर को कारोबार की समाप्ति के बाद केवल 0.14 लाख करोड़ रुपये ही चलन में रह गए हैं। इस प्रकार, 19 मई 2023 को प्रचलन में रहे ?2000 बैंक नोटों का 96% अब बैंकों में वापस आ गया है।

8 अक्तूबर के बाद सिर्फ आरबीआई के 19 इश्यू दफ्तरों से बदले जा सकेंगे नोट : आरबीआई की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि आठ अक्तूबर 2023 से बैंक शाखाओं में दो हजार के नोटों को जमा लेना और बदलना बंद कर दिया जाएगा। आठ अक्तूबर के बाद आरबीआई के 19 इश्यू दफ्तरों में एक बार में 20 हजार रुपये तक के 2000 के नोट बदले जा सकेंगे।

19 इश्यू दफ्तरों के माध्यम से खातों में भी जमा हो सकेंगे 2000 के नोटः आठ अक्तूबर के बाद केवल आरबीआई के 19 इश्यू दफ्तरों के माध्यम से दो हजार के बचे नोटों को अपने खातों में जमा किया जा सकेगा। लोग दो हजार के नोट डाक विभाग से भी आरबीआई के 19 इश्यू दफ्तरों को भेज सकते हैं। ये नोट का मूल्य संबंधित व्यक्ति के खाते में क्रेडिट कर दिया जाएगा।

2000 रुपये के बैंक नोट वैध बने रहेंगेः आरबीआई की ओर से जारी बयान में यह भी कहा गया है कि सात अक्तूबर के बाद भी 2000 रुपये के बैंक नोट वैध बने रहेंगे। अदालतें, कानून प्रवर्तन एजेंसियां, सरकारी विभाग या पब्लिक अथॉरिटी जांच या कार्यवाही के दौरान जब जरूरत होगी बिना किसी सीमा के केंद्रीय बैंक के 19 आरबीआई निर्गम कार्यालयों में से किसी में भी 2000 रुपये के बैंक नोट जमा कर सकेंगे।

हर योजना में भ्रष्टाचार हावी है, इसलिए छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार को हटाने और बीजेपी को लाने के लिए जनता पूरी तरह से तैयार है: मोदी

'छत्तीसगढ़ में परिवर्तन तय'

'भारत सरकार ने निभाई अपनी जिम्मेदारी'

पीएम ने कहा उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए छत्तीसगढ़ में हजारों करोड़ रुपये के विकास कार्यों को मंजूरी दी और पैसे भेजे, लेकिन कांग्रेस सरकार की वजह से या तो वह रुके हुए हैं या बहुत देरी से शुरू हुए। हर परियोजना में रोक-टोक करने वाली कांग्रेस सरकार अगर यहां पर दोबारा आई तो क्या छत्तीसगढ़ का भला होगा? इसी बीच प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार गरीबों का जीवन आसान बनाने की कोशिश में जुटी रहती है। उन्होंने कहा कि हमने शौचालय बनाएं तो दलित, पिछड़े और आदिवासी परिवारों की महिलाओं की मुश्किलें कम हुई। हमने सौभाग्य योजना से मुफ्त बिजली कनेक्शन दिए तो दलित, पिछड़े और आदिवासी परिवारों के घर रोशन हुए। हमने उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त कनेक्शन दिया तो इन परिवारों को धुएं से मुक्ति मिली।

सनद रहे कि छत्तीसगढ़ में आगामी विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान भले ही न हुआ हो, लेकिन राजनीतिक दलों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं।

बिलासपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को बिलासपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए ग्रैंड ओल्ड पार्टी 'कांग्रेस' पर जमकर कटाक्ष किए। उन्होंने कहा कि हर योजना में भ्रष्टाचार हावी है, इसलिए छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार को हटाने और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) को लाने के लिए जनता पूरी तरह से तैयार है। दरअसल, प्रधानमंत्री मोदी बिलासपुर में भाजपा की 'परिवर्तन यात्राओं' के समापन समारोह में शामिल हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने अटल बिहारी वाजपेयी जी ने छत्तीसगढ़ की आकांक्षाओं को समझते हुए इस प्रदेश का निर्माण किया था। भाजपा ने छत्तीसगढ़ के लोगों के सामर्थ्य को समझा, यहां का हाई कोर्ट हमारे बिलासपुर में है। उन्होंने कहा, आज मैं यह गारंटी देने आया हूं कि आपके सपने को साकार करने के लिए मोदी कोई कसर नहीं छोड़ेगा। जनता का सपना, मेरा का संकल्प है। छत्तीसगढ़ के हर परिवार का सपना तभी साकार होगा, तब छत्तीसगढ़ में भी भाजपा सरकार होगी।

'कांग्रेस में मची खलबली'

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दिल्ली से मैं जितनी भी कोशिश करूं यहां की कांग्रेस सरकार उसको विफल करने में जुटी रहती है। पिछले पांच वर्षों में छत्तीसगढ़ को केंद्र सरकार से हजारों करोड़ रुपये मिला है, यहां सड़क, रेल, बिजली सहित दूसरे अनके विकास कार्यों के लिए पैसों की कोई कमी नहीं रखी।

उन्होंने कहा, यह बात सिर्फ मैं कह रहा हूं ऐसा नहीं है, बल्कि यहां के उपमुख्यमंत्री जी ने सार्वजनिक सभा में कही थी और उपमुख्यमंत्री जी ने सच बोला तो पार्टी (कांग्रेस) में ऊपर से नीचे तक तूफान खड़ा हो गया और उनको फांसी में लटकाने का खेल शुरू हो गया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस सरकार के उपमुख्यमंत्री भरी सभा में कहते हैं कि दिल्ली कभी अन्याय नहीं करता है। इस पर हर एक को खुशी होनी चाहिए, लेकिन पूरी कांग्रेस में तूफान मच गया।

पीएम ने आकांक्षी ब्लॉकों के लिए 'संकल्प सप्ताह' कार्यक्रम का किया शुभारंभ

नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को भारत मंडपम में देश में आकांक्षी ब्लॉकों के लिए संकल्प सप्ताह नामक एक अद्वितीय सप्ताह भर का कार्यक्रम शुरू किया। उन्होंने एस्पिरेशनल ब्लॉक्स प्रोग्राम पोर्टल भी लॉन्च किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्र भारत के शीर्ष 10 कार्यक्रमों की किसी भी सूची में आकांक्षी जिला कार्यक्रम स्वर्ण अक्षरों में अंकित होगा। आकांक्षी जिला कार्यक्रम ने देश के 112 जिलों में 25 करोड़ से अधिक लोगों का जीवन बदल दिया है।

भोपाल के आसमान में गरजे लड़ाकू विमान

भोपाल

राजधानी भोपाल के बड़ा तालाब के ऊपर शनिवार को भारतीय वायुसेना ने अपने शौर्य और करतब का प्रदर्शन किया। भारतीय वायुसेना के 91वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में यहां बड़ा तालाब के बोट क्लब क्षेत्र में आसमान में वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने उड़ान भरी। इस अवसर पर राज्यपाल मंगूभाई पटेल और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के अलावा वायुसेना के अधिकारी कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे। सुबह से ही बोट क्लब पर एयर शो को देखने के लिए लोगों की भीड़ पहुंच गई थी।

जी 20 की सभी देश के नेताओं ने की प्रशंसाः शाह

अहमदाबाद

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को पीएम मोदी की सराहना की। उन्होंने कहा कि नए संसद भवन, चंद्रयान-3, जी20 शिखर सम्मेलन और महिला आरक्षण विधेयक सभी चार काम तीन महीने के भीतर पूरे कर लिए गए, जबकि इनमें से किसी एक को पूरा करने में आम तौर पर 50 साल लग जाते। एक सभा को संबोधित करते हुए, शाह ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का कायाकल्प करने और इसके वैज्ञानिकों को प्रेरित करने के साथ-साथ जी20 शिखर सम्मेलन के माध्यम से यह संदेश देना कि भारत विकसित और विकासशील दोनों देशों के साथ है, इसके लिए मोदी की प्रशंसा की।

नई संसद में पारित होने वाला पहला विधेयकः गृह मंत्री शाह ने यह भी कहा कि मोदी ने नीति और कानून निर्माण में महिलाओं के योगदान को स्वीकार करते हुए विधानसभाओं और लोकसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने वाले विधेयक के माध्यम से मातृ शक्ति को सम्मान दिया है। गौरतलब है कि यह महिला आरक्षण विधेयक नई संसद में पारित होने वाला पहला विधेयक है।

शाह ने कहा, "मैं बड़े विश्वास के साथ कह सकता हूं कि नरेंद्र भाई ने तीन महीने के भीतर चार काम पूरे किए, जबकि एक काम को पूरा करने में भी 50 साल लग जाते। यह दशार्ता है कि नरेंद्र भाई के नेतृत्व में एनडीए सरकार भारत को दुनिया में अपना स्थान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।"

मोदी ने विकास की अवधारणा को वास्तविकता में बदलाः नारी शक्ति वंदन अधिनियम या महिला आरक्षण विधेयक पर टिप्पणी करते हुए, शाह ने कहा कि यह अधर में था और प्रधानमंत्री द्वारा इसे नई संसद में लाने से वर्षों तक पटरी पर रुकी हुई थी, जिसे गणेश चतुर्थी के शुभ दिन पर पास किया गया।

खालिस्तान समर्थकों ने ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त को गुरुद्वारे में जाने से रोका

एडिनबर्ग

खालिस्तान समर्थकों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। कनाडा में अराजक माहौल बनाने के बाद अब स्कॉटलैंड में खालिस्तान समर्थकों ने ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त को एक गुरुद्वारे में जाने से रोक दिया। भारत ने इस पर कड़ी आपत्ति जताते हुए ब्रिटिश विदेश मंत्रालय व पुलिस के सामने यह मसला उठाया है। जानकारी के मुताबिक ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोराईस्वामी स्कॉटलैंड के सबसे बड़े शहर ग्लासगो में स्थित गुरुद्वारे में गुरुद्वारा समिति के साथ बैठक में भाग लेने आए थे। बैठक के दौरान खालिस्तान से जुड़ी गतिविधियों को लेकर भी चर्चा होनी थी। वे जैसे ही गुरुद्वारे के पास पहुंचे, गुरुद्वारे के बाहर ही खालिस्तान समर्थकों ने उनकी कार को घेर लिया और उन्हें अंदर नहीं जाने दिया। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे घटना के एक वीडियो में खालिस्तान समर्थक गुरुद्वारे ।

देश के सामने एक ही मुद्दा है, जातीय जनगणनाः राहुल

शाजापुर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी शनिवार को मध्य प्रदेश के प्रवास के दौरान कालापीपल विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पोलायकला में आयोजित जन आक्रोश यात्रा में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में जातीय जनगणना को लेकर केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। इससे पहले राहुल गांधी विमान से इंदौर एयरपोर्ट पहुंचे, जहां पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने उनकी अगवानी की। इसके बाद राहुल गांधी सड़क मार्ग से पोलायकला पहुंचे, जहां जन आक्रोश यात्रा की जनसभा को संबोधित किया। सभा में पार्टी के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह, रणदीप सिंह सुरजेवाला, जीतू पटवारी समेत अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। राहुल गांधी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश के सामने एक ही मुद्दा है- जातीय जनगणना। ओबीसी कितने हैं? उनकी भागीदारी कितनी होनी चाहिए? उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार आने पर यह पहला काम हम करके दिखाएंगे। उन्होंने महिला आरक्षण का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण से पहले सर्वे की क्या जरूरत है? महिला आरक्षण में ओबीसी आरक्षण क्यों नहीं है? जबकि नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि वे ओबीसी के नेता हैं। इससे पहले पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने भी सभा को संबोधित किया। गौरतलब है कि मप्र में भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा के जवाब में कांग्रेस ने 26 सितंबर से जन आक्रोश यात्राओं का आगाज किया था। प्रदेश के सात अलग-अलग इलाकों से कांग्रेस ने इन यात्राओं की शुरूआत की थी। ये यात्राएं लगभग 11 हजार 400 किलोमीटर से ज्यादा का सफर तय कर प्रदेश के सभी 230 विधानसभा क्षेत्रों में पहुंच रही हैं।

प्रशासन ने भारी पुलिस फोर्स के साथ एसटीएफ की टुकड़ी को भी तैनात किया

राजस्थानः युवक की हत्या के बाद जयपुर में तनाव

जयपुर

राजस्थान में जयपुर के सुभाष चौक इलाके के गंगापोल में शुक्रवार देर रात बाइक सवार एक युवक की हत्या के बाद से तनाव के हालात बन गए हैं। प्रशासन ने भारी पुलिस फोर्स के साथ एसटीएफ की टुकड़ी को भी तैनात किया है। हत्या से आक्रोशित लोगों ने आरोपितों की जल्द गिरफ्तारी को लेकर परकोटा क्षेत्र में बड़ी चौपड़ से रामगंज चौपड़ तक ट्रैफिक जाम किया। इलाके में तनाव को देखते हुए शनिवार सुबह पुलिस कमिश्नर, एडिशनल पुलिस कमिश्नर, डीसीपी, एडीसीपी समेत अन्य पुलिस अफसर सुभाष चौक इलाके में तैनात रहे। किशनपोल विधायक अमीन कागजी और आदर्श नगर विधायक रफीक खान भी क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए मौके पर पहुंचे। प्रशासन और पुलिस के आला अधिकारी हालात पर नजर बनाए हुए हैं। फिलहाल हालात तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में बताए जा रहे हैं। पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने दोषियों को जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने बताया कि सुभाष चौक थाना इलाके में फूटा खुर्रा रामगंज के रहने वाले इकबाल (18) पुत्र अब्दुल मजीज की हत्या हुई है। शुक्रवार देर पौने ग्यारह बजे जयसिंह पुरा खोर से इकबाल बाइक लेकर घर जा रहा था। इसी दौरान गंगापोल में रावलजी का बाग में उसकी बाइक की दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। इस बात को लेकर दोनों युवकों में गाली-गलौज हो गई।

सोशल मीडिया ध्यान भटकाने के हथियार बन गएः हाईकोर्ट

पणजी

सोशल मीडिया या मास मीडिया बड़े पैमाने पर ध्यान भटकाने के हथियार बन गए हैं, लेकिन इनसे निपटने के लिए अभी तक कोई ठोस प्रयास नहीं किए गए हैं। ये बात बॉम्बे हाई कोर्ट की गोवा पीठ के न्यायमूर्ति महेश सोनाक ने शनिवार को कही। उन्होंने कहा, आज, हम ऐसे युग में रहते हैं जहां हम कंप्यूटर और स्मार्टफोन जैसी सोचने वाली मशीनों की पूजा करते हैं और उनका महिमामंडन करते हैं। लेकिन हम उन इंसानों पर बेहद संदेह करते हैं या उनसे सावधान भी रहते हैं जो सोचने की कोशिश करते हैं। जस्टिस सोनक ने कहा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की अपनी खूबियां हैं, लेकिन यह एक दुखद दिन और दुखद दुनिया होगी अगर हम अपनी सोचने की क्षमता, बुद्धिमान और इसके अलावा संवेदनशील विकल्प चुनने की क्षमता को किसी मशीन या एल्गोरिदम के पास गिरवी रख दें। चाहे वह कितना भी बुद्धिमान क्यों न हो। उन्होंने आगे कहा, हमें अपनी सोचने की क्षमता को कमजोर नहीं करना चाहिए, अन्यथा एक इंसान और एक मशीन के बीच कोई अंतर नहीं रह जाएगा। हम मानव जाति को उसकी मानवता से वंचित नहीं होने दे सकते, या कम से कम हमें ऐसा नहीं करना चाहिए। न्यायमूर्ति सोनक ने कहा कि स्पष्ट रूप से, स्वतंत्र रूप से और निडर होकर सोचने की यह क्षमता एक छात्र को उन विचारों और विचारधाराओं को जांचने, समझने और, यदि आवश्यक हो, अस्वीकार करने में सक्षम बनाएगी, जो कि हर घंटे शक्तिशाली होते जा रहे मास मीडिया उपकरणों द्वारा लगातार दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, कुछ दशक पहले, दुनिया व्यापक विनाश के हथियारों - डब्लूएमडी के खिलाफ युद्ध में थी। आज, सोशल मीडिया या जनसंचार माध्यम बड़े पैमाने पर ध्यान भटकाने के हथियार बन गए।

खबर संक्षेप

किसान आंदोलन के चलते 15 ट्रेनें निरस्त

10 ट्रेनों का किया गया रूट डायवर्जन

प्रयागराज। फिरोजाबाद मंडल ने किसान आंदोलन के चलते 15 ट्रेनों के निरस्त किए जाने की घोषणा की है। यह ट्रेनें 28 सितंबर से लेकर एक अक्तूबर तक के लिए निरस्त की गई हैं। इसमें कुछ ट्रेनें प्रयागराज से होकर भी गुजरती हैं। प्रयागराज समेत आसपास के यात्रियों को भी इसकी असुविधा होगी। उत्तर मध्य रेलवे की ओर से निरस्त ट्रेनों की सूची जारी की गई है। इसी तरह 10 ट्रेनों का संचालन तो होगा लेकिन उनका रूट डायवर्जन कर दिया गया है। 06 ट्रेनों को आंशिक रूप से निरस्त किया गया है। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि यात्रियों को इससे कुछ असुविधा होगी। यात्रियों की सहूलियत के लिए ही कुछ ट्रेनों का संचालन नहीं निरस्त किया है बल्कि उन्हें दूसरे रूट से भेजा जाएगा।

ट्रक से कुचलकर पिता-पुत्री की मौत

अखंड भारत संदेश

बारा। पुलिस विभाग में नौकरी करने के सपने के साथ परीक्षा देने के लिए पिता संग जा रही युवती सड़क हादसे का शिकार हो गई। यह हादसा जिले के दक्षिणी छोर पर स्थित शंकरगढ़ थाना क्षेत्र में शिवराजपुर चौराहे के पहले हुआ। हादसे की सूचना मिलते ही शंकरगढ़ पुलिस मौके पर पहुंच गई और दोनों को सीएचसी शंकरगढ़ पहुंचाया, जहां दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। शवों को चीरघर भेजते हुए पुलिस ने आगे की विधिक कार्यवाही की। दूसरी तरफ ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है, जबकि चालक भागने में सफल रहा। जानकारी के मुताबिक समीपवर्ती जनपद चित्रकूट के बरगढ़ थाना क्षेत्र के गोइया पटेरी के रहने वाले श्यामजी यादव (50) की बेटी अदिति यादव (20) ने बिहार पुलिस विभाग में नौकरी केलिए आवेदन किया था। शनिवार को दूसरे पहर अदिति अपने पिता श्यामजी यादव के साथ परीक्षा देने के लिए बिहार के

परीक्षा देने जा रही थी बेटी

मुजफ्फरनगर जा रही थी। श्यामजी यादव अपनी बेटी अदिति यादव के साथ मोटरसाइकिल से घर से निकले।श्यामजी यादव को छिवकी से ट्रेन पकड़ना था। बताया जाता है कि रास्ते में वह बाइक खड़ी करते और बस से छिवकी जाते, लेकिन शिवराजपुर पहुंचने से पहले ही बेकाबू ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। सड़क पर गिरते ही पिता-पुत्री ट्रक की चपेट में आ गए। हादसे के बाद ट्रक भी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे जाकर रुक गया। इसी दौरान चालक मौके से भाग निकला। तब तक मौके पर जुटी भीड़ ने पुलिस के साथ 108 नंबर पर जानकारी दी। गंभीर रूप से जख्मी पिता-पुत्री को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शंकरगढ़ ले जाया गया, जहां डाक्टर्स ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। औपचारिकता पूरी करने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घटना की जानकारी परिवार के लोगों को दी।

धनुहा मोड़ के पास ट्रेलर अनियंत्रित होकर घर मे घुसी पांच घायल

अखंड भारत संदेश



नैनी। नैनी कोतवाली क्षेत्र के धनुहा मोड़ के पास शुक्रवार देर रात में उस समय हड़कंप मच गया सिलकासेंड लदी ट्रेलर अनियंत्रित होकर एक घर मे घुस गई। जिससे मकान क्षतिग्रस्त हो गया। मकान के बाहरी हिस्से में सो रहे बच्चो समेंत गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस रेस्क्यू कर मकान में फंसे सभी घायलों को बाहर निकालकर उन्हें स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय ले गए। शंकरगढ़ से सिलकासेंड लाद कर नैनी की ओर आ रही एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर के धनुहा मोड़ के रहने वाले सुभाष कुमार के घर मे घुस गई। ट्रेलर की टक्कर से सुभाष का मकान क्षतिग्रस्त हो गया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना करते हुए दोनों की शिनाख्त की, इसके बाद इस हादसे की सूचना घरवालों को दी गई। समाचार लिखे जाने तक घरवाले भी मौके पर पहुंच और बाहरी हिस्से में सो रहे सुभाष (36) उसकी मां श्यामा देवी (60) पत्नी स्व फूलचंद्र, संध्या (2) पुत्री सुभाष, चालक अर्जुन पुत्र छोटे लाल निवासी शिवराजपुर शंकरगढ़ व खलासी रोहित पुत्र छोटे लाल गम्भीर गए थे। अदिति यादव तीन बहनों और एक भाई में सबसे बड़ी थी। परिजनों के मुताबिक बिहार पुलिस की परीक्षा देने के लिए अदिति को छिवकी से ट्रेन पकड़ना था। वह रूप से घायल हो गए। सभी को स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। इंस्पेक्टर नैनी यशपाल सिंह ने बताया कि हादसे में घायल हुए सभी को एसआरएन में भर्ती कराया गया है।

अपने पिताके साथ परीक्षा देने के लिए जा रही थी। पर, बीच राह यह अनहोनी हो गई। पिता-पुत्री की एक साथ मौत से पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

न्यूज झरोखा

भागवत कथा अमृत है इसके श्रवण करने से मनुष्य अमर हो जाता है : कन्हैया शास्त्री महाराज

प्रतापपुर। शहरी बोझ, सिरसा गांव में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत पुराण कथा में श्रीकृष्ण बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। कथा वाचक कन्हैया शास्त्री महाराज श्रीधाम गोवर्धन मथुरा ने कहा कि सुख केवल भगवान के चरणों में है भगवान के सम्मुख और उनके शरणागत होने से ही भागवत कथा है भागवत कथा से कल्याणकारी और कोई भी साधन नहीं है इसलिए व्यस्त जीवन से समय निकालकर कथा को आवश्यक महत्व देना चाहिए भागवत कथा से बडा कोई सत्य नहीं है। भागवत कथा अमृत है इसके श्रवण करने से मनुष्य अमर हो जाता है यह एक ऐसी औषधि है जिससे जन्म-मरण का रोग मिट जाता है। भागवत कथा को पांचवां वेद कहा गया है जिसे पढ सकते हैं और सुन सकते हैं। कृष्ण हिन्दू धर्म में विष्णु के अवतार हैं। सनातन धर्म के अनुसार भगवान विष्णु सर्वपापहारी पवित्र और समस्त मनुष्यों को भोग तथा मोक्ष प्रदान करने वाले प्रमुख देवता हैं। जब-जब इस पृथ्वी पर असुर एवं राक्षसों के पापों का आतंक व्याप्त होता है तब-तब भगवान विष्णु किसी किसी रूप में अवतरित होकर पृथ्वी के भार को कम करते हैं। वैसे तो भगवान विष्णु ने अभी तक तेईस अवतारों को धारण किया। इन अवतारों में उनके सबसे महत्वपूर्ण अवतार श्रीराम और श्रीकृष्ण के ही माने जाते हैं। श्री कृष्ण का जन्म क्षत्रिय कुल में राजा यदु कुल के वंश में हुआ था। भागवत भूषण ने कृष्ण के जीवन गाथा का विस्तार पूर्वक विवरण कर संगतों को कृष्ण के जीवन लीला के बारे में बताया गया। इस अवसर सैकड़ों लोग मौजूद रहे कथा में आरती प्रसाद का वितरण किया गया जिसमें यजमान शारदा प्रसाद तिवारी, उमाकांत तिवारी, श्रीकांत शुक्ल, देवेंद्र शुक्ल, मूलचंद्र, गुलाब चंद्र, राजेश, महेंद्र, राजू, सुनील, राकेश, सतीश, विक्की, राहुल, शिवम, सौरभ, रोशन, रोहित सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

अप्रेंटिस मेला का आयोजन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में हुआ

नैनी। नैनी में शनिवार को शासन के निदेर्शानुसार राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नैनी प्रयागराज के प्रधानाचार्य एस के श्रीवास्तव के नेतृत्व में अप्रेंटिस मेला का आयोजन हुआ जिसमें सैकड़ो प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया जिसमें 64 प्रतिभागियों का चयन हुआ इस अवसर पर अप्रेंटिस प्रभारी राकेश शर्मा सहा. अप्रेंटिस प्रभारी अमृतलाल गुप्ता संगठन अध्यक्ष नंदकिशोर बिंद मंत्री भोलानाथ सूर्यमणि नगीना सिंह कार्यदेशिका कौशल विकास के शिवांगी गौर विजय मौर्य रंजना शुक्ला रश्मि श्रीवास्तव सूर्यमणि प्रदीप भूषण धीरज कुमार पंडित प्रमोद कुमार के अलावा संस्थान के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

फुटब्रिज की मांग को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

मेजा। मेजा तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत दिघिया के दर्जनों ग्रामीण शनिवार को तहसील मुख्यालय मेजा पहुंचकर उप जिलाधिकारी मेजा अमित कुमार गुप्ता को ज्ञापन देकर पैदल ऊपरगामी रेलवे पुल बनाने की मांग की। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि रेलवे विभाग दिल्ली से हावड़ा रेलवे मार्ग में दिघिया ग्राम पंचायत में बने रेलवे क्रॉसिंग को बंद करके रेलवे फ्लाईओवर का निर्माण कर दिया, जो कि ग्रामीण बस्ती से दूर होने के कारण स्थानीय लोगों को किसी भी कार्य हेतु आने-जाने में और किसी के बीमार होने पर एवं छोटे-छोटे बच्चों को विद्यालय में आने-जाने में काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है।ग्रामीणों ने कहा अगर वहां पर पैदल ऊपर गामी रेलवे पुल का निर्माण हो जाता है तो इस असुविधा से राहत मिल सकती है और आम जनमानस का समय का खर्च कम हो सकता है। इस दौरान मुख्य रूप से अमित कुमार, विकेश मल्लाह, अमित सोनकर, अजय कुमार, वीरेंद्र गौतम, रामबहादुर निषाद, धीरेंद्र राव आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शिता एवं योजनाओं से आम जनमानस लाभान्वित-अनिरुद्ध सिंह पटेल

प्रतापपुर। भारतीय जनता पार्टी बरुणा मंडल की बूथ सशक्तिकरण बैठक में बूथों को सशक्त बनाने पर पर बल दिया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष गंगापार अनिरुद्ध सिंह पटेल ने कहा कि कार्यकर्ता बूथ मजबूत करने के लिए जुट जाएं मंडल के प्रत्येक शक्ति केंद्र पर पार्टी का कार्यक्रम संपन्न होना चाहिए। सच्ची निष्ठा और लगन के साथ पार्टी का काम करें और बूथ सशक्तिकरण अभियान में जुट जाएं।कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार अंत्योदय के उद्देश्य को साकार करने के लिए समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्तियों को प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नीतियों के कारण सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। बूथ सशक्तिकरण बैठक कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष समरजीत मौर्य ने किया।इस अवसर पर जिला मंत्री दिलीप यादव, मनोज पाठक, निसार अहमद, रुद्र प्रताप सिंह, पवन पांडेय चंचल, चंद्रजीत यादव, भूपेंद्र मिश्र सहित समस्त पदाधिकारी, शक्ति केंद्र संयोजक, प्रभारी बूथ अध्यक्ष सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन हुआ

लोगों की मदद करना हमारी पहली प्राथमिकता है अध्यक्ष डॉ रमेश चंद्र

नैनी। नैनी में लायंस क्लब प्रयागराज रॉयल द्वारा मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन घूरपुर भीटा रोड पर स्थित ज्ञान भारती विद्या मंदिर विद्यालय के प्रांगण में किया गया। इस हेल्थ चेकअप कैंप में विद्यालय के बच्चों और उनके अभिभावकों के साथ 423 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिसमें 340 लोगों को दवा भी वितरित की गई। इस हेल्थ चेकअप कैंप में मरीज का ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर की जांच, आंखों व दांतों की जाच, स्वास्थ्य परीक्षण, एवं दवा का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष डॉ रमेश चंद्र सचिव इं संत कुमार वर्मा कोषाध्यक्ष डा सूर्यनाथ प्रजापति, डॉ सुमित पटेल, इं रवि भूषण गुप्ता, डॉ अवधेश सिंह, डॉ अमित डॉ विनीत मिश्रा , सरिता पटेल, सुधा गुप्ता, अल्पना वर्मा, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।मेडिकल कैंप पूरी तरह सफल रहा।

फतेहपुर माफी, प्रतापपुर में पेरेंट्स टीचर मीटिंग का आयोजन

प्रतापपुर। शनिवार को सार्वजनिक ग्रामीण पूर्व माध्यमिक विद्यालय फतेहपुर माफी प्रतापपुर में पेरेंट्स टीचर मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें अभिभावकों और छात्र-छात्राओं को विषयवार यूनिट टेस्ट के अंकों को बताया गया तथा अभिभावकों से सुझावों का आदान प्रदान हुआ।यूनिट टेस्ट में प्राप्त अंकों के आधार पर कक्षा 6 में प्रथम स्थान पर सौम्या यादव, द्वितीय स्थान पर शैव्या यादव, कक्षा 7 में प्रथम स्थान पर सौम्या यादव, द्वितीय स्थान पर तानिया सरोज, कक्षा 8 में प्रथम स्थान पर सत्यम तथा द्वितीय स्थान पर प्रियांशु को प्रधानाध्यापक महोदय द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्यारेलाल वर्मा प्रधानाध्यापक, सिद्धार्थ भारद्वाज सहायक अध्यापक, सतीश कुमार सिंह सहायक अध्यापक सहित तमाम अभिभावक एवं बच्चे मौजूद रहे। पैरेंट्स टीचर मीटिंग का संचालन सहायक अध्यापक सिद्धार्थ भारद्वाज द्वारा किया गया।

नहरों में पानी छोड़ने को लेकर भारतीय किसान यूनियन का प्रतिनिधि मंडल डीएम मिजार्पुर से मिला

अखंड भारत संदेश

विधायक कोरांव की पहल पर आज से बेलन नहर में पानी आयेगा

पसना। प्रकृति के असंतुलन की मार झेल रहे कोरांव व मेजा तहसील के किसानों के लिए धान की सूखती फसल को जीवनदान देने हेतु बेलन नहर में 1अक्टूबर से पानी छोड़ने का आदेश जिलाधिकारी मिजार्पुर ने अधिशाषी अभियंता सिरसी बांध प्रखंड को दिया है। गौरतलब है कि मिजार्पुर की पूर्व में जिलाधिकारी रही दिव्या मित्तल ने मेजा बांध का पानी प्रयागराज की नहरों में छोड़ने पर सिंचाई विभाग के अफसरों को काफी डांट लगाई थीं, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर भी खूब वायरल हुआ था।कोरांव क्षेत्र के किसानों की धान की फसल वर्तमान में पानी के अभाव में सूखने के कगार पर पहुंच गई है,सिंचाई की समस्या के समाधान हेतु कोरांव विधायक राजमणि कोल भारतीय किसान संघ के प्रांत मंत्री भोला सिंह के अनुरोध पर पर संघ के प्रतिनिधि मंडल के साथ आज डीएम मिजार्पुर प्रियंका निरंजन से मुलाकात की। बैठक के दौरान विधायक कोरांव राजमणि कोल जिलाधिकारी मिजार्पुर,सिरसी बांध प्रखंड के अधिशाषी अभियंता,बेलन नहर प्रखंड के अधिशाषी अभियंता, भारतीय किसान संघ के प्रांत मंत्री भोला सिंह बीच बातचीत के आधार पर डीएम ने 1अक्तूबर से 10अक्तूबर तक प्रयागराज जिले को 1000 क्यूसेक पानी रोजाना व 11अक्तूबर से 31अक्तूबर तक 500 क्यूसेक पानी मेजा बांध से रोजाना छोड़े जाने हेतु सिंचाई विभाग के अफसरों को आदेशित किया। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से रामाश्रय शुक्ल,संजय सिंह,धीरज सागर आदि शामिल रहे।

नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन प्रांतीय सम्मेलन समारोह आज

सिरसा। नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन की प्रांतीय सम्मेलन समारोह आज दिनांक 01 (एक) अक्टूबर 2023, दिन रविवार, समय सुबह 10: 30 से स्थान ग्रीन गार्डेन गेस्ट हाउस मेवालाल की बगिया नैनी, प्रयागराज में हैं। जिसमे आप सबकी उपस्थित अनिवार्य रूप से सादर प्रार्थनीय हैं। जिसमे मुख्य अतिथि श्री गिरीश चन्द्र त्रिपाठी जी (अध्यक्ष उच्च शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश, पूर्व कुलपति बीएचयू, वाराणसी), विशिष्ट अतिथि श्री के0 बी0 पांडेय जी (पूर्व अध्यक्ष लोक सेवा आयोग ,उत्तर प्रदेश), विशिष्ट अतिथि श्री कवीन्द्र प्रताप सिंह जी (पूर्व पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज जोन), विशिष्ट अतिथि श्री आफताब अहमद जी (निर्देशक डेटा एक्सपर्ट प्रयागराज), अध्यक्षता श्री कृष्णानंद त्रिपाठी जी (संपादक लोकमित्र) होंगे। प्रांतीय सम्मेलन में सभी साथियो को आना हैं।

अधिवक्ता मिलन समारोह आज

मेजा। क्षेत्र के ब्रिज विहारी पावन वाटिका सोनार का तारा उरुवा में 1 अक्टूबर रविवार को अधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद (रज्जू भैया) अध्यक्ष पद के प्रत्यासी जिला अधिवक्ता संघ प्रयागराज के लिए प्रीति भोज का आयोजन किया जा रहा है। उक्त आशय की जानकारी आयोजक अधिवक्ता शशिकांत मिश्र (नीरज) ने दी। नीरज मिश्र ने अधिवक्ताओं सहित क्षेत्र के लोगों से अपील किया कार्यक्रम अधिक से अधिक संख्या में पधारें।

शुभ के परिजनों से मिले कैबिनेट मंत्री नंदी, बंधाया ढांढस

अखंड भारत संदेश

एक लाख रुपये की दी आर्थिक मदद, अपहरण कर की गई थी हत्या सीमावर्ती शंकरगढ़ बाजार में सीसीटीवी कैमरा लगाने का दिया निर्देश

बारा/शंकरगढ़। कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता ने नगर पंचायत शंकरगढ़ के सदर बाजार निवासी विक्की केसरवानी के बेटे शुभ के अपहरण और हत्या पर गहरा दुख व्यक्त किया है। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने शंकरगढ़ पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात कर दर्द साझा किया। नंदी ने पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाया कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। प्रदेश सरकार परिवार के साथ खड़ी है। इस दौरान उन्होंने शंकरगढ़ पुलिस को व्यापारी के लाइसेंस की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। नंदी ने कहा कि योगी सरकार में कानून को हाथ में लेने और व्यापारियों का उत्पीड़न करने वालों की अब खैर नहीं है। मासूम बेटे को खोने वाले पीड़ित व्यापारी पुष्पराज केसरवानी उर्फ विक्की केसरवानी के परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया, साथ ही तत्काल एक लाख रुपए की आर्थिक मदद मुहैया कराई। इस दौरान पीड़ित परिवार ने पूरे घटना क्रम से मंत्री नंदी को अवगत कराया कि किस तरह से इस पूरे घटनाक्रम को अंजाम दिया गया। पहले 13 वर्षीय पुत्र का अपहरण किया गया फिर उसकी हत्या कर दी गई। मंत्री ने शंकरगढ़ पुलिस से घटना में अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी ली। एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि किशोर की हत्या के मामले में तीन लोग आरोपित हैं। जिनमें शंकरगढ निवासी सुखदेव, उसका भतीजा गणेश और रिश्तेदार संजय शामिल हैं। जिनमें से गणेश को गिरफ्तार कर लिया गया है, वहीं सुखदेव और संजय के पैर में गोली लगी हैं।इसके पश्चात नंद गोपाल गुप्ता ने पुरानी बाजार में व्यापारियों के साथ बैठक की। जिसमें व्यापारियों ने शंकरगढ़ बाजार के व्यापारी पुष्पराज केसरवानी के पुत्र का अपहरण कर हत्या किए जाने की घटना की निंदा करते हुए बाजार में व्यापारियों की सुरक्षा बढ़ाने एवं पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद व शस्त्र लाइसेंस दिलाने की मांग की। जिस पर मंत्री ने पुलिस अधिकारियों को बाजार में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी किए जाने और सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के निर्देश दिए। व्यापारियों ने व्यापारी पुष्पराज के परिवार को एक करोड़ रुपए की आर्थिक मदद और शस्त्र लाइसेंस दिलाए जाने की मांग की।

भुलई शाह के मेले खरीददारों से बढ़ी रौनक, सर्कस व झूले आकर्षण का केंद्र

फूलपुर। फूलपुर तहसील क्षेत्र के चक अब्दुल करीम उर्फ पूरे भुलई गांव में लगने वाले तीन दिवसीय सालाना उर्स में उमड़ी खरीदारों की भीड़ ने मेले की रौनक बढ़ा दी है। मेले के दूसरे दिन शनिवार को महिलाओं ने जहां घरेलू सामानों की जमकर खरीदारी की वहीं बच्चे सर्कस व झूले का आनंद लेते रहे। मेले का लुत्फ लेते हुए अकीदतमंदों ने भुलई शाह बाबा व सूफी संत हजरत मौलाना सैयद शाह सिकन्दर अली के 149वां सालाना उर्स में चादर चढ़ा अपनी मन्नत मांगी। शनिवार सुबह से ही सूफी-संत चिश्ती हजरत मौलाना सैयद शाह सिकन्दर अली रहमतुल्लाह अलय की दरगाह में मिन्नतो की मांग गूंजने लगी हैं। मन्नतों की पोटली लिए देश के मध्य प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा के साथ ही अन्य कोने से बाबा के मुरीद जायरिनों व उनके चाहने वालों की आमद शुरू हो गई है। दरगाह रंग-बिरंगी रोशनियों से झिलमिल हो चुका है। दरगाह के सज्जादानशीन सैय्यद हाफि ज सदरूल हसन की देखरेख में शनिवार रात के बारह बजे चादरपोशी गागर का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इतने बड़े और ऐतिहासिक मेले में जहां क्षेत्र के अकीदतमंदों के साथ ही अन्य प्रदेशों से लोग आते हैं वहीं स्थानीय प्रशासन के द्वारा शौचालय, पीने का पानी, एम्बुलेंस की मुकम्मल व्यवस्था न होने से हजारों की संख्या में आए अकीदतमंदों के लिए परेशानी का सबब बना है। मेले में सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिस कर्मियों के अतिरिक्त अन्य व्यवस्थाओ का आभाव होना प्रशासन की उम्दा व्यवस्था की कलई खोलता है।

तीन शातिर चोर धराए , दो बाइक और मोबाइल बरामद

शंकरगढ़. शंकरगढ़ पुलिस ने तीन मोटरसाइकिल चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से दो मोटरसाइकिल और एक मोबाइल बरामद हुआ है। यह गिरफ्तारी क्षेत्र के पटहट नहर पुलिया के पास से की गई। एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि थाने के एसआई ऋतुराज सिंह ने अपनी टीम के साथ पटहट पुलिया के नजदीक घेराबंदी कर तीन चोरों को धर दबोचा। गिरफ्त में आए दो चोर समीपवर्ती राज्य मध्य प्रदेश के निवासी हैं। एसओ ने बताया कि पुलिस टीम ने सोनू उर्फ गुलशेर अली पुत्र मोहम्मद शरीफ (बसहरा उपरहार, शंकरगढ़), दीपेंद्र माझी पुत्र उमेश माझी (बाबूपुर, सोहागी, रीवा, मध्यप्रदेश) और बुद्धसेन बहेलिया पुत्र भारत सिंह बहेलिया(बाबूपुर, सोहागी, रीवा, मध्यप्रदेश) के कब्जे से दो मोटरसाइकल बरामद की है। दोनों बाइक चोरी की है। एक बाइक मध्य प्रदेश और दूसरी यूपी में रजिस्टर्ड है। इसके अलावा एक सेलफोन भी बरामद हुआ है।तीनों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर चालान भेज दिया गया है।

भाजपा अनुसूचित मोर्चा यमुनापार ने चलाया बस्ती संपर्क अभियान

करछना। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित मोर्चा यमुना पार के करछना विधानसभा के भडेवरा मण्डल मे बस्ती संपर्क अभियान के तहत ग्राम सभा मछहर उर्फ पुरवा में भव्य कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कमलेश द्विवेदी जी व जिला अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा राजमणि पासवान व नरेश कुमार सोनकर जिला मंत्री युवा मोर्चा भाजपा यमुना पार महेंद्र कुमार पासी जिला उपाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा अजय कुमार सोनकर जिला सोशल मीडिया प्रभारी मुकुंद लाल सोनकर जिला महामंत्री अनुसूचित मोर्चा लाल बहादुर गौतम मंडल अध्यक्ष त्रिशूल नाथ पटेल मंडल अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा कमलेश साहू मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा जिला और मंडल पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नलकूप की मोटर बीस दिन में दूसरी बार जली किसान हलाकान

सहसों। क्षेत्र के चिरौड़ा गांव स्थित 44 पी की मोटर 20 दिन में दूसरी बार जलने से किसानों की मुख्य फसल धान की सिंचाई प्रभावित हो सकती है। 44 पी नलकूप की मोटर 20 दिन के अंदर दूसरी बार जल जाने के कारण किसानों के सामने धान की सिंचाई की संकट उत्पन्न हो गया है। इस संबंध में किसानों ने संबंधित अधिकारी एवं टेक्नीशियन से संपर्क किया तो जांच पड़ताल के बाद टेक्नीशियन ने बताया कि मोटर जल चुकी है। दो-तीन दिन बाद मोटर लगा करके संचालित किया जाएगा। नलकूप टेक्नीशियन गुलाब सिंह ने बताया कि तीन ब्लॉक पर 60 नलकूप की जिम्मेदारी होने पर भी प्रयास किया जाता है कि कोई भी नलकूप खराब न हो और किसानों को सिंचाई के लिए कोई परेशानी न हो। जिसमें चिरौड़ा की मोटर को दो-तीन दिन में ठीक करके शीघ्र संचालित कर किसानों को पानी उपलब्ध करा दिया जाएगा। इस संबंध में जेई दुर्गेश यादव ने बताया कि शीघ्र ही मोटर को दुरुस्त करके नलकूप चलाया जायेगा ताकि किसानों की सिंचाई प्रभावित न हो।

दिव्यांग जन सशक्तिकरण शिविर में 265 ने कराया पंजीकरण

अखंड भारत संदेश

139 दिव्यांग जन को सीएमओ जारी करेंगे प्रमाण पत्र

करछना। प्रयागराज विकास खंड करछना में शनिवार को आयोजित दिव्यांग जन सशक्तिकरण शिविर में 265? दिव्यांग लोगों का पंजीकरण किया गया, शिविर में बड़ी संख्या में दिव्यांगो ने बढ़चढ़ कर भाग लिया बता दें कि सरकार द्वारा दिव्यांग जनों को कल्याण कारी योजनाओं को लागू कर उनके जीवन में खुशहाली लाने के लिए कयी कल्याण कारी योजनाओं से लाभान्वित करने में दिव्यांग पेंशन, कुष्ठा वस्ता पेंशन, कृत्रिम अंग, सहायक उपकरण, दुकान निर्माण,संचालन ऋण योजना, शादी प्रोत्साहन आदि महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई गई है जिससे दिव्यांग जन सशक्तिकरण योजना से उनके जीविकोपार्जन को और अधिक मजबूत बनाने को लेकर सरकार द्वारा जिले के प्रत्येक विकास खंडों में शिविर लगाकर कर दिव्यांग जन सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत पंजीकरण शिविर में प्रमाण पत्र जारी कर उन्हें मुख्य धारा में शामिल कर लाभान्वित करने का अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में शनिवार को विकास खंड करछना के मीटिंग सभागार में आयोजित किया गया था, कार्यक्रम में मुख्य रूप से शैलेन्द्र दुबे,सनी सिंह, सीएमओ टीम में डाक्टर बेद प्रकाश, डॉ सुभाष चन्द्रा, डॉ प्रकाश पासवान, एवं दिव्यांग अधिकारी एन के सहित करछना ब्लाक के कर्मी मौजूद रहे।

हिन्दी गीत हैं कर्ण प्रिय,देते मधु रस घोल...

अखंड भारत संदेश

हिन्दी पखवाड़ा समापन समारोह में कवियों ने बखानी हिन्दी की महिमाः

बच्चों ने भी मौलिक कविताओं का पाठ कर बांधी समां

करछना। क्षेत्र के रामपुर स्थित बृजमंगल सिंह इंटर कॉलेज के सभागार में हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक डॉ.भगवत पांडेय की प्रेरणा से अनवरत तीसरे वर्ष आयोजित कार्यक्रम के दौरान मंच पर पहुंचे कवियों ने हिन्दी की महिमा बखानी तो वहीं विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी मौलिक रचनाओं का काव्यपाठ कर खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे वरिष्ठ कवि रामलोचन सांवरिया और अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य मनीष कुमार तिवारी ने की। मोहिनी श्रीवास्तव की वाणी वंदना के उपरांत कवि सम्मेलन का संचालन कर रहे डा.राजेंद्र शुक्ल ने कहा-देवनागरी लिपि सरल,सहज है इसके बोल।हिन्दी गीत हैं कर्णप्रिय,देते मधु रस घोल। शायर शबरेज अहमद ने कुछ इस तरह से हिन्दी का बखान किया-हिन्दी भुला दिया तो तुम्हें जानेंगे कैसे।वंशज रहीम, तुलसी के पहचानेंगे कैसे। कवि संजय पांडेय सरस की कविता ने बचपन के अतीत की स्मृतियों को जीवन्त किया,तो वहीं विपिन सिंह परिहार की कविता-एक युद्ध सबसे पहले स्वयं के विरुद्ध कर,खूब सराही गई। डॉ.वीरेंद्र कुसुमाकर ने पढ़ा -विश्व के पटल पर पहचान है हिन्दी।देश के उत्थान में वरदान है हिन्दी। रामलोचन सांवरिया की पंक्तियां- स्वस्थ रहे हिन्दी सदा,करें निरंतर योग। सांस्कृतिक सहयोग से रखिए देश निरोग,खूब सराही गईं। सामाजिक सरोकारों से जुडी.कविता के चर्चित कवि संतोष शुक्ला समर्थ ने- मैं घर से अपनी मां के पांव छू के चला था। पीपल की,बरगद की छांव छू के चला था,जैसी पंक्तियों पर खूब तालियां बटोरी। कवि मुन्ना मासूम द्वारा प्रस्तुत गजल खूब सराही गई तो वहीं नारी सम्मान के प्रति समर्पित गीतकार जितेंद्र जलज के गीत ने भी खूब वाहवाही लूटी। विद्यालय के शिक्षक मोहम्मद परवेज सिद्दीकी, छात्र आयुष, सुभाष हर्षित और छात्रा श्रद्धा,खुशी,मनिता ने भी स्वरचित रचनाओं पर प्रभावित किया।अध्यक्षता कर रहे प्रधानाचार्य मनीष कुमार तिवारी ने कहा कि कवि हमारी लोक संस्कृति के संवाहक हैं। इनकी संदेश परक कविताओं से समाज को सीख लेने की जरूरत है। उन्होंने सभी कवियों और बालकवियों को अंग वस्त्रम,सम्मान पत्र प्रदान करते हुए सम्मानित किया। इस मौके पर प्रवक्ता प्रदीप श्रीवास्तव, जितेंद्र कुमार, जगतपाल, सुरेश कुमार, विजय सिंह, सुधा सिंह, वेद श्रीवास्तव विश्वेष ओझा, कमला शंकर त्रिपाठी, कंचन पांडेय, राजकुमार विश्वकर्मा, विमला देवी, सुनील प्रजापति समेत बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद रहे।

11 अध्यायों में विभिन्न विषयों का समावेश करते हुए बनाया जायेगा जिले का नया गजेटियर

अखंड भारत संदेश

प्रभारी डीएम ने सभी सम्बंधित अध्यायों के नोडल अधिकारियों को अपने अध्याय से सम्बंधित सूचनाएं एकत्र करते हुए उपलब्ध कराये जाने का दिया निर्देश

प्रयागराज। प्रभारी जिलाधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में नया जिला गजेटियर तैयार किए जाने हेतु अध्यायवार नामित किए गए नोडल अधिकारियों एवं सभी विषयों से सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उन्होंने नोडल अधिकारियों एवं सम्बंधित अधिकारियों को जिला गजेटियर तैयार किए जाने से सम्बंधित सूचनाओं को तैयार कराते हुए उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि जिला गजेटियर तैयार किए जाने हेतु कुल 11 अध्यायों की प्रश्नावली तैयार की गयी है, इसके लिए अध्यायवार नोडल अधिकारी भी नामित किए गए है। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर सूचनाएं संकलित कर जिला गजेटियर अभिलेखित किया जाना है। कहा कि प्रथम अध्याय से सम्बंधित विषयों में जिले का नाम, गठन, भौगोलिक स्थिति, सीमा और विस्तार, जनसंख्या, जिले के क्षेत्रीय भाषा-बोली, जिले के धार्मिक समुदाय, विश्वास एवं प्रथाओं, त्योहारों, मेलों आदि का विवरण, जिले के प्रशासनिक ईकाई, जल संसाधन, वन्य क्षेत्र जीव-जंतु एवं जल विविधता का विवरण, जिले के प्रमुख उत्पाद, जिले के प्रमुख महापुरूषों, स्वतंत्रता सेनानियों, शहीदों आदि का विवरण, जनपद की लोक सभा-राज्यसभा-विधानसभा-विधान परिषद की सीटों का विवरण तथा जनपद में स्थित दूरदर्शन-आकाशवाणी केन्द्र-रेडियो चैनल सहित अन्य विषयों से सम्बंधित सूचनाएं रहेंगी। अध्याय-2 में इतिहास, कला एवं संस्कृति से सम्बंधित विषय, अध्याय-3 में लोक एवं समाज से सम्बंधित विषय, अध्याय-4 में जिला प्रशासन-पुलिस प्रशासन-न्याय व्यवस्था एवं अन्य विभाग से सम्बंधित विषय, अध्याय-5 में कृषि, बागवानी, सिंचाई एवं संलग्न गतिविधियों से सम्बंधित विषय, अध्याय-6 में आर्थिक परिदृश्य-जिसमें उद्योग, बैंकिंग, व्यापार एवं वाणिज्य तथा विविध व्यवसाय से सम्बंधित विषय, अध्याय-7 में राजनैतिक परिदृश्य एवं स्थानीय स्वशासन से सम्बंधित विषय, अध्याय-8 में शिक्षा से सम्बंधित विषय, अध्याय-9 में चिकित्सा तथा जनस्वास्थ्य सेवाओं से सम्बंधित विषय, अध्याय-10 में पर्यटन, परिवहन एवं संचार से सम्बंधित विषय एवं अध्याय-11 में विविध विषयों से सम्बंधित सूचनाएं संकलित होगी।बैठक में प्रभारी जिलाधिकारी ने सभी नोडल अधिकारियों को अपने अध्याय से सम्बंधित विषयों से सम्बंधित अधिकारियों से समन्वय बनाते हुए वांछित सूचनाएं प्राप्त करते हुए उपलब्ध करायें जाने हेतु निर्देशित किया है। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी भोलानाथ कनौजिया, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी संतोष कुमार, अपर सांख्यिकीय अधिकारी चन्द्र प्रकाश मौर्या तथा अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सीएमओ साहब 10 वर्षो से कार्यरत चिकित्साधिकारी पर आखिरकार इतनी मेहरबानी क्यों!

तबादला होने के बाद भी स्थगित हुआ आदेश, आम जनमानस में उठा बड़ा सवाल ईलाज के लिए पिस रहे मरीज

अतुल तिवारी

पत्रांक–मु0चि0अ0/चि0अ0/स्था0/2023-24/5149
प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
1. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ0प्र0 लखनऊ।
2. अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, प्रयागराज मण्डल,प्रयागराज।
3. मुख्य कोषाधिकारी, प्रयागराज।
4. प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, 100 शैय्या युक्त संयुक्त चिकित्सालय, भगवतपुर, प्रयागराज।
5. अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्रशासन/आर0सी0एच0/प्रतिरक्षण, प्रयागराज।
6. जिला क्षयरोग/उप जिला क्षयरोग अधिकारी, प्रयागराज।
7. अधीक्षक, सामु0स्वा0केन्द्र, मेजा/रामनगर/फूलपुर प्रयागराज।
8. आहरण वितरण अधिकारी, कार्यालय अधोहस्ताक्षरी।
9. वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी, कार्यालय अधोहस्ताक्षरी।
10. सम्बन्धित चिकित्सा अधिकारियों को उपरोक्तानुसार अनुपालनार्थ।
11. नोडल अधिकारी, मानव सम्पदा, कार्यालय अधोहस्ताक्षरी।
12. लेखालिपिक कार्यालय अधोहस्ताक्षरी।
13. श्री शरद जायसवाल, संचालक, डी0वी0ओ0पीटर, कार्यालय अधोहस्ताक्षरी।
मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
प्रयागराज।

मेजा। मेरे द्वारा किया गया तबादला आदेश पर किसी कारण वश क्रियान्वन कुछ दिनों के लिए स्थगित कर दिया गया है। चौकिए नही यह शब्द किसी राज नेता अथवा साधू महात्मा के नही बल्कि प्रयागराज जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशू पांडेय के हैं। एक ही अस्पताल में विगत दस वर्षों से कार्यरत चिकित्सक का तबादला होने के बाद भी आखिर कार अचानक इतनी मेहरबानी क्यों !



दरसल मामला सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मेजा से जुड़ा हुआ है। उल्लेखनीय हैं कि विगत कई वर्षों सीएचसी मेजा की कमान अधीक्षक के रूप में डॉ. ओम प्रकाश के हाथो में सौंपी गई थी। इस दौरान अस्पताल में मरीजों की देख रेख एव शासन द्वारा दी जा रही जन कल्याणकारी दवाइयों तथा उनके गुणवत्ता पूर्वक ईलाज में काफी आज अनियमितता एव भ्रष्टाचार का बोलबाला कई बार अखबारों की सुर्खियां बन चुका है। किन्तु जिले के स्वास्थ विभाग के बड़े अधिकारियो मे इस ओर कभी ध्यान नहीं था। गौरतलब है कि इसी सितम्बर माह में बीते 18 तारीख को मेजा तहसील के गेदुराही पहाड़ी पर स्थित एक इंटर कॉलेज में शिक्षारत लगभग 27 छात्राए जिनकी उम्र 14 से लेकर 15वर्ष तक थी अचानक स्कूल में बीमार होकर विहोस हो गई थी छात्राओ की दशा देखकर विद्यालय में हडकंप मच गया था तपश्चात आनन फानन में सभी छात्राओ को उपचार के लिए अभिभावक एव उनके परिजन सीएचसी मेजा अस्पताल में ले गये थे।बता दे कि अस्पताल के हालात को देखकर सैकड़ो की संख्या में पहुंचे अभिभावक व परिजन भड़क उठे थे भीषड़ उमस भरी गर्मी में छात्राओ को दवा ईलाज के लिए जिस वार्ड में भर्ती किया गया था वहा एक भी पंखा नहीं था जनरेटर की हालत खस्ता थी बेड पर गंदे धब्बेदार चद्दर बिछे हुऐ थे जिसको लेकर पूरे अस्पताल में अफरा तफरी का माहौल बना हुआ था। इसी बीच पूरे प्रकरण की भनक स्थानीय मीडिया को लगी मीडिया तथा स्थानीय प्रशासन की इंट्री होने के बाद छात्राओ के ईलाज चल रहे वार्ड में किसी तरह पंखे की व्यवस्था अधीक्षक डॉ. ओम प्रकाश द्वारा कराई गई थी। प्रकरण के वावत स्थानीय मीडिया के माध्यम से मामले की जानकारी वर्तमान सीएमओ डॉ आशू पांडेय को दी गई थी। इस दौरान सीएचसी मेजा में व्याप्त भ्रष्टाचार एव डॉ. ओम प्रकाश द्वारा मरीजों की सुख सुविधा मे बरती जा रही घोर लापरवाही की खबर सुर्खियों में आने पर सीएमओ डॉ आशू पांडेय द्वारा कड़ा एक्शन लिया गया और उक्त के अधीक्षक डॉ. ओम प्रकाश का तबादला तत्काल प्रभाव से सीएचसी रामनगर कर दिया गया था। जिसका बकायदा मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रयागराज महोदय द्वारा लिखित आदेश भी जारी किया गया था। और सीएचसी मेजा के वरिष्ट चिकित्सक डॉ समीम अख्तर को बतौर अधीक्षक मेजा की कमान दी गई थी। डॉ. समीम अख्तर के कार्यभार ग्रहण करने की खबर भी अखबारों में प्रकाशित हुई थी। किन्तु मजे की बात तो यह है कि मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रयागराज द्वारा तबादला आदेश का क्रियान्वयन अभी तक क्यों नहीं हो पा रहा है ।यह आम जनमानस में एक बड़ा सवाल बना हुआ है। इतना ही नहीं सीएचसी मेजा में अधीक्षक की कुर्सी को लेकर दोनो चिकत्सको मे ठनी हुई है जिसमे दूर दराज से आए हुए मरीज पिस रहे है। ऐसे में जिम्मेदार कौन होगा रही बात जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशू पांडेय की तो उनसे बात करने पर उन्होंने स्पष्ट लहजे में दबे हुए मन से यह कहा कि मेरे द्वारा किया गया तबादला पर आदेश क्रियान्वयन की कार्यवाही कुछ समय के लिए रोक दी गई हैं। अब यहा यह भी बड़ा सवाल उठना लाजमी है कि क्या पूर्व अधीक्षक डॉ ओम प्रकाश के सिर पर किसी बड़े राजनैतिक सफेदपोस नेता ने हाथ तो नहीं रख दिया है या फिर जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी को मोटी रकम तो मील गई। जबकि शासनादेश है कि कोई भी सरकारी कर्मचारी एक ही स्थान पर तीन वर्ष से अधिक तैनात नहीं रह सकता हैं।तो ऐसे में आखिर कार प्रयागराज के सीएमओ डॉ.आशू पांडेय डॉ. ओम प्रकाश पर इतने मेहरबान क्यों हो गये है।



एयर शो के लिए अस्पतालों में 200 बेड रिजर्व

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज में 8 अक्टूबर को होगा शो, राष्ट्रपति भी होंगी शामिल

प्रयागराज। वायु सेना दिवस के मौके पर प्रयागराज में 08 अक्तूबर को एयर शो का आयोजन होने जा रहा है। इसमें देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू भी हिस्सा लेने के लिए आ रही हैं। इसके लिए शहर में तैयारियां तेज हो गई हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से भी सभी अस्पतालों को अलर्ट किया गया है। इसके लिए सरकारी और निजी अस्पतालों में करीब 200 बेड रिजर्व कर दिए गए हैं।इसमें आईसीयू, वेंटीलेटर समेत अन्य संसाधन भी उपलब्ध होंगे। वायु सेना के विंग कमांडर अनिल कुमार टीम के साथ तेज बहादुर सप्रू अस्पताल, मोतीलाल नेहरू मंडलीय अस्पताल, स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल, जिला महिला अस्पताल समेत करीब आधा दर्जन निजी अस्पतालों में पहुंचकर व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली।

ब्लड बैंकों में रिजर्व में रखे जाएं ब्लड

चूंकि एयर शो के दौरान बड़ी संख्या में वीवीआईपी समेत आम नागरिक शहर में होंगे। संगम क्षेत्र, परेड ग्राउंड की तरफ दर्शकों की भीड़ बहुत ज्यादा होगी। इस भीड़ में किसी तरह की इमरजेंसी होने की स्थिति को देखते हुए अधिकारी तैयारी कर रहे हैं। शहर के सभी ब्लड बैंकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वह सभी ग्रुप के ब्लड अपने ब्लड बैंक में रिजर्व रखें। एएमए ब्लड बैंक, एसआरएन ब्लड बैंक में 50-50 यूनिट ब्लड, बेली व काल्विन ब्लड बैंक में 20-20 यूनिट ब्लड सभी ग्रुपों के रखने के निर्देश दिए गए हैं।शहर के 07 बड़े निजी अस्पतालों में 5-5 बेड व आइसीयू के रिजर्व में रखने के निर्देश सीएमओ डॉ. आशु पांडेय की ओर से दिए गए हैं।

संदिग्ध दशा में युवक की मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

प्रयागराज। हंडिया थाना क्षेत्र के खानापुर गांव निवासी एक युवक की पड़ोसी जनपद भदोही के कलीपुर थाना ऊंज में संदिग्ध दशा में मौत हो गई। युवक दो दिन पहले अहमदाबाद से आया था। बताया जा रहा है कि किसी से मिलने कलीपुर गांव गया था। वहां उसकी लाश पाई गई। उधर, परिजनों ने आरोप लगाया कि उसकी हत्या की गई है। इस संबंध में परिजनों ने भदोही के एसपी से मिलकर मामले की जांच कराने की गुहार लगाई है। खानापुर गांव निवासी शिवकुमार प्रजापति (35) अहमदाबाद में परिवार के साथ रहता था। वह आर्टिफिशियल ज्वेलरी का व्यवसाय करता था। 26 सितंबर को वह पत्नी से यह बोलकर निकला था कि बाजार से सामान लाने जा रहा हूं। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। उसका फोन भी बंद था। 27 सितंबर को उसका फोन पत्नी के पास आया और कहा कि वह सही सलामत है और जल्दी ही घर लौटेगा। इसी बीच 28 सितंबर को पत्नी के मोबाइल पर शिवकुमार का मैसेज आता है कि वह भदोही के कलीपुर ऊंज में है। यहां उसने दूसरी शादी कर ली है। जब तक परिवार के लोग कुछ समझ पाते तब तक पुलिस ने फोन किया कि शिव कुमार की मौत हो गई है। बदहसवास परिजन दो दिन बाद घर पहुंचे और शव का अंतिम संस्कार किया। परिजनों ने एसपी भदोही से मिलकर मामले की गहराई से जांच कराने की मांग की है।

पूर्व राष्ट्रीय फुटबॉलर जलालुद्दीन का निधन, कई सालों तक यूपी टीम का किया था प्रतिनिधित्व

प्रयागराज। जाने माने फुटबॉल खिलाड़ी मोहम्मद जलालुद्दीन का शनिवार को निधन हो गया। वह काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। सुबह 8.35 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका उपचार झलवा के एक निजी चिकित्सालय में चल रहा था। वह 76 वर्ष के थे। अपने पीछे पत्नी के अलावा तीन पुत्र और दो पुत्रियां छोड़कर गए हैं। बीएसएनएल से 2007 में सेवानिवृत्त होने वाले जलालुद्दीन ने कई वर्षों तक उत्तर प्रदेश फुटबॉल की टीम का प्रतिनिधित्व किया था। वह शहर के विभिन्न क्लबों के लिए भी खेले। एक पखवारे भर पहले वह फुटबॉल की कोचिंग देने के लिए शक्तिनगर (सोनभद्र) गए थे, जहां उन्हें पक्षघात हो गया। फिर उन्हें झलवा के एक निजी अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां शनिवार सुबह 8:35 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके जनाजे को देर शाम नेवादा कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया।

गांधी जयंती पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा स्वच्छता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का किया जायेगा आयोजन

प्रयागराज। महात्मा गांधी जी के जन्मदिवस 02 अक्टूबर से पूरे प्रदेश में जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के माध्यम से स्वच्छता जागरूकता अभियान के रूप में एक सप्ताह तक कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। इसी क्रम में जनपद प्रयागराज में भी 02 अक्टूबर से दिनांक 08 अक्टूबर तक स्वच्छता जागरूकता अभियान कार्यक्रमों का आयोजन, बड़ी संख्या में क्षेत्रीय आबादी को सम्मिलित करते हुए किया जायेगा। गांधी जयंती के अवसर पर जनपद न्यायालय, समस्त तहसील एवं ब्लाक स्तर पर प्रभात फेरी का आयोजन किया जायेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं तहसील विधिक सेवा समितियों द्वारा अपने कार्यालय एवं समीपवर्ती परिसर में साफ-सफाई के लिए गहन स्वच्छता कार्य भी सम्पादित किया जायेगा। एक सप्ताह तक चलने वाले स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत जिले के समस्त प्राथमिक विद्यालयों, माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों तथा महाविद्यालयों को भी सम्मिलित करते हुए वहां पर निबंध, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। दोनों संवर्गों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यालय व छात्रों को पुरस्कृत भी किया जायेगा। यह जानकारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज सुभाष चन्द्र मौर्य ने दी है।

महापौर ने जनप्रतिनिधियों पार्षदों व अधिकारियों कर्मचारी को स्वच्छता के प्रति दिलाई शपथ

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। नगर निगम प्रयागराज द्वारा शनिवार को स्वच्छता ही सेवा पखवाडा कार्यक्रम के अन्तर्गत सायकाल 04 बजे नगर निगम मुख्यालय स्थित नवनिर्मित भवन में महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी द्वारा उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों/ पार्षदों तथा नगर निगम के समस्त अधिकारियों तथा कर्मचारियों को स्वच्छता के प्रति शपथ दिलायी। इस दौरान महापौर द्वारा सम्पूर्ण प्रदेश में चलाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा पखवाडा कार्यक्रम के अन्तर्गत उपस्थित सभी पार्षदों से सफाई इत्यादि के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की किस प्रकार हम सभी अपने प्रत्येक वार्डो में इस अभियान के तहत गली मोहल्लों में छोट-छोटे सफाई अभियान कार्यक्रम चला कर अपने प्रयागराज को स्वच्छ एवं सुन्दर बना सकते है तथा अपने प्रयागराज के प्रदेश में प्रथम पायदान पर पहुंचा सकते है। स्वच्छता यात्रा की इस जन आन्दोलन में अपने नगर के नागरिकों एवं संस्थाओं को अधिक से अधिक से अधिक जोड़ने का प्रयास करेंगें तथा अपने इन्हीं प्रयासों से हम अपने नगर को स्वच्छ रखते हुए हमारा स्वच्छ उत्तर प्रदेशह्य के सपनों को साकार करेंगें। इस दौरान, नगर आयुक्त नगर निगम प्रयागराज चन्द्र मोहन गर्ग, अपर नगर आयुक्त अरविन्द राय, रत्न प्रिया, सहायक नगर आयुक्त अखिलेश त्रिपाठी, दीप शिखा पाण्डेय, जन सम्पर्क अधिकारी/मुख्य कर निर्धारण अधिकारी पी0के0 द्विवेदी, मुख्य अभियन्ता सतीश कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 अभिषेक सिंह, जोनल अधिकारी मदन गोपाल, संजय ममगई, अमरजीत यादव, दिलीप श्रीवास्तव, आर0पी0 श्रीवास्तव, पशुधन अधिकारी डा0 विजय अमृत राज, लेखाधिकारी अक्षय कुमार आदि अधिकारीगण के साथ मा0 पार्षदगण राजू शुक्ला, श्रीमती किरन जयसवाल, श्रीमती कुसुमलता जयसवाल, नेम यादव, मो0 आजम, सिन्टू मिश्रा, नीरज गुप्ता, अजय यादव, भोला तिवारी, कमलेश तिवारी, दिगविजय कुश्वाहा आदि अन्य पार्षदगण उपस्थित रहे।

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न

प्रयागराज। प्रभारी जिलाधिकारी गौरव कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को संगम सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति शाशी निकाय की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में प्रभारी जिलाधिकारी ने जेएसवाई, मंत्रा पोर्टल पर प्रसव की इंट्री, ई-कवच एप, प्रधानमंत्री मातृत्व अभियान योजना, प्रधानमंत्री मातृ वन्दना योजना, परिवार कल्याण कार्यक्रम, नियमित टीकाकरण, कोल्ड चेन स्टेटस, आयुष्मान मित्र, क्षयरोग नियंत्रण कार्यक्रम, विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के प्रशिक्षण कार्यक्रम, फाइनेंशियल स्टेटस रिपोर्ट, आरसीएच पोर्टल पर पंजीकरण एवं अपडेशन के कार्यों सहित स्वास्थ्य विभाग से सम्बंधित अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की।

प्रभारी जिलाधिकारी ने एएनएम का गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण कराये जाने, प्रशिक्षण की मानीटरिंग कराये जाने एवं आवश्यतानुसार एएनएम की पोस्टिंग करने के लिए कहा है, जिससे कि कोई भी केन्द्र खाली न रहे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक ब्लाक रिव्यू मीटिंग में एजेंडा अनुसार समीक्षा व उनकी समस्याओं के निदान के लिए भी कहा है। उन्होंने मेजल्स रूबेला के टीकाकरण की स्थिति ठीक न पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए टीकाकरण के कार्य में तेजी लाने के लिए कहा एवं एमआर फर्स्ट, एमआर सेकेण्ड, पेंटा, डीपीटी बुस्टर के टीकाकरण की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने गोल्डेन कार्ड बनाने की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि कोई भी प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक गोल्डेन कार्ड बनाने में विलम्ब न करें अन्यथा, जिम्मेदारी तय करते हुए उनके विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी। क्षयरोग नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए प्रभारी जिलाधिकारी ने कहा कि केवल स्क्रीनिंग ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार की टेस्टिंग करवा लें, जिससे कि एक भी मरीज न छूटने पाये। प्रभारी जिलाधिकारी ने शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने प्रसूताओं को मिलने वाले इंसेंटिव का भी शत-प्रतिशत भुगतान कराये जाने का निर्देश दिया है। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी ने जानकारी दी कि 02 अक्टूबर को प्रत्येक ग्राम सभा में आयुष्मान सभा का आयोजन किया जायेगा, जिसमें लोगो को स्वास्थ्य कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी जायेगी। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 आशु पाण्डेय, सभी अपर मुख्य चिकित्साधिकारीगणों सहित चिकित्सा अधीक्षकगण उपस्थित रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत अंदावा, वि. ख. कड़ा जिला- कौशाम्बी

पत्रांकः मेमो/पन्द्रहवां/पंचम/एसबीएमजी फेज-2/मनरेगाकोटेशन/ 2023-24

टेण्डर/कोटेशन

दिनांक 30.09.2023

समस्त अधिकृत पंजीकृत फर्म/ पंजीकृत विक्रेताओ को एतद्द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अंदावा विकास खण्ड कड़ा जनपद कौशाम्बी मे वित्तीय वर्ष 2023–24 मे ग्राम पंचायत के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज –2 के अर्न्तगत ठोस तरल अपशिष्ठ प्रबंधन (माडल ग्राम पंचायत) के अर्न्तगत साइकिल ई–रिक्शा डस्टबिन क्रय प्लास्टिक बैक क्रय आर0आर0सी सेटर निर्माण हेतु आवश्यक सामग्री तथा सीमेण्ट बालू सरिया ईट गिट्टी पत्थर गिट्टी टाल्इस इण्टर लकिंग इत्यदि वित्त आयोग एमबी0एम0 फेज 2 ग्रामीण की प्राप्ति धनराशि के अनुसार पन्द्रहवॉ वित्त आयोग पंचम वित्त आयोग/ मनरेगा एवं अन्य शासकीय मदो के अर्न्तगत निर्माण कराने हेतु निर्धारित मानक /गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि निर्माण सामग्री व निर्माण कार्य हेतु मोहर बन्द निविदा आमत्रित की जाती है इच्छुक फर्म से दिनांक 01.10.2023 से 08.10.2023 के अपराहन तीन बजे तक निविदा आमत्रित की जाती है प्राप्त निविदा दिनांक 10.10. 2023 को कार्यालय के कार्य दिवस अपराहन तीन बजे ग्राम पंचायत कार्यालय सचिवालय मे निविदा प्रेषित करने वाले ठेकेदारो के समक्ष गठित समिति तथा निर्माण समिति अध्यक्ष ग्राम पंचायत सचिव एंव ग्राम प्रधान की उपारिथती मे की जायेगी आमत्रित टेण्डर मे दर्शाये गये कार्यो को धन की उपलब्धता के अनुसार कराये जाने वाले कार्य करने के आदेश दिये जायेंगे जिसका विवरण निम्नवत है

क्र0	कार्य का नाम	नग/ प्रकार	सामग्री की अनुमानित लागत प्रति नग (लाख में)	सामग्री की अनुमानित धनराशि (लाख में)	निविदा का मूल्य	धरोहर धनराशि	टेण्डर स्वीकृति होने के पश्चात जमानत की धनराशि व प्रतिशत	कार्य की अवधि
1.	व्यक्तिखाद गड्ढा/ कम्पोस्ट पिट	13	1300.00	16900.00	500	2 प्रतिशत	3 प्रतिशत	2 माह
2.	सामुदायिक एवं सस्थागत खाद गड्ढा/ कम्पोस्ट पिट	10	300.00	30000.00	500	2 प्रतिशत	3 प्रतिशत	2 माह
3.	सामुदायिक नाडेप (कम्पोस्ट पिट)	6	20000.00	120000.00	500	2 प्रतिशत	3 प्रतिशत	2 माह
4.	सामुदायिक वर्मी कम्पोस्टिंग	4	60000.00	240000.00	500	2 प्रतिशत	3 प्रतिशत	2 माह
5.	सामुदायिक एवं सस्थागत कचरा पात्र	10	15000.00	150000.00	500	2 प्रतिशत	3 प्रतिशत	2 माह
6.	सामुदायिक एवं सस्थागत प्लास्टिक बैंक	8	6000.00	48000.00	500	2 प्रतिशत	3 प्रतिशत	2 माह
7.	कचरा वाहन ई–रिक्शा/ साइकिल रिक्शा	2	150000.00	300000.00	500	2 प्रतिशत	3 प्रतिशत	2 माह
8.	स्वच्छता किट (ड्रेस फावड़ा तगाड़ी, साबुन/सेनेटाइजर ग्लव्स, कैप इत्यादि	6	3000.00	18000.00	500	2 प्रतिशत	3 प्रतिशत	2 माह
9.	एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंध केन्द्र	1	1000000.00	1000000.00	500	2 प्रतिशत	3 प्रतिशत	2 माह
10.	सामुदायिक एवं संस्थागत इन्सिनरेटर (भस्मक)	2	15000.00	30000.00	500	2 प्रतिशत	3 प्रतिशत	2 माह
11.	सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु सोकपिट	20	15000.00	300000.00	500	2 प्रतिशत	3 प्रतिशत	2 माह
12.	सिल्ट केचर (नालियों पर)	6	8000.0	48000.0	500	2 प्रतिशत	3 प्रतिशत	2 माह
13.	फिल्टर चैम्बर (तालाब/ जलाशयों पर)	10	40000.00	400000.00	500	2 प्रतिशत	3 प्रतिशत	2 माह
14.	वेस्ट स्टेबलाइजेशन पोंड (WSP)	1	442000.00	442000.00	500	2 प्रतिशत	3 प्रतिशत	2 माह
15.	भूमिगत नाली निर्माण/मरम्मत	300M	2800.00	840000.00	500	2 प्रतिशत	3 प्रतिशत	2 माह
16.	हैण्डपम्प प्लेटफार्म रेट्रोफिटिंग/ मरम्मत/निर्माण/सेनेटरी इम्प्रूमेन्ट	24	6000.00	144000.00	500	2 प्रतिशत	3 प्रतिशत	2 माह

नियम व अन्य शर्ते–
1.निविदा के अन्य धरोहर धनराशि फिक्स सिक्योरिटी एन0एस0सी अथवा एफ0डी0 राष्ट्रीयकृत बैंक / डाक घर का हो की बात है तथा ग्राम पंचायत अंदावा वि0ख0 कड़ा जनपद कौशाम्बी के पक्ष मे बन्धक हो मान्य होगा । प्रयुक्त सामग्री के गुणवत्ता के टेस्टिंग की रिपोर्ट के भुगतान के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। 2.उपरोक्त निविदा 10.10. 2023 तीन बजे अपराहन खोली जायेगी । ग्राम निधि मे उपलब्ध धनराशि व कार्य का मापक न होने के उपरान्त ही कार्य का भुगतान किया जायेगा साम्रगी घट बढ़ सकती है। प्राक्लन के अनुसार भुगतान वास्तविक एम0बी0 अनुसार होगा जेम पोर्टल रजिस्टर्ड फर्म विक्रेताओं को प्राथमिकता दी जायेगी।

एकता राज
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत अंदावा
वि0 ख0 कड़ा कौशाम्बी

प्रदीप कुमार
ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत अंदावा
वि0 ख0 कड़ा कौशाम्बी

वैज्ञानिक सोच को धरातल पर उतारने की जरूरत : रवि

इसरो वैज्ञानिक रवि का चांदी का मुकुट पहनाकर किया अभिनंदन

केसरवानी समाज ने किया अभिनंदन समारोह

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। चांद पर चंद्रयान श्री की सफलता पूर्वक उतरने में कामयाबी का झंडा गाड़ने वाले वैज्ञानिकों की टीम में शामिल हो अपनी टीम का नेतृत्व करने वाले कुंडा के इसरो वैज्ञानिक रवि केसरवानी का शनिवार को हादी हाल में केसरवानी वैश्य समाज की नगर इकाई द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में चांदी का मुकुट पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि नई

हादीहाल में वैज्ञानिक रवि केसरवानी को सम्मानित करते महापौर, विधायक, नपाध्यक्ष।

पीढ़ी को वैज्ञानिक सोच को धरातल पर उतारने की जरूरत है। यह तभी हो सकता है जब आप शिक्षित हो। माता पिता का सदैव सम्मान करिए। पत्रकारों के पूछने पर उन्होंने अपने अगले प्रोजेक्ट के बारे में भी बताया। कहा कि चंद्रयान श्री और आदित्य एल-1 का हिस्सा बनने पर वे गर्व महसूस करते हैं। मुख्य अतिथि गणेश केसरवानी महापौर प्रयागराज नगर निगम ने कहा कि चंद्रयान श्री का सफलता पूर्वक चांद पर उतरने कई सालों की तपस्या का नतीजा है। भारत विश्व का नेतृत्व कर रहा है। ये बहुत ही फक्र की बात है। विशिष्ट अतिथि सदर विधायक राजेंद्र मौर्य ने कहा कि जनपद वासियों को इसरो वैज्ञानिक रवि केसरवानी पर गर्व है। उन्होंने देश ही नहीं दुनिया में जिले का नाम रोशन किया है। नपा अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह ने कहा कि आज देश तरक्की की ओर तेजी से बढ़ रहा है। रवि केसरवानी ने हम सभी का सम्मान बढ़ाया है। अध्यक्षता सुरेश केसरवानी ने की। संचालन पंकज केसरवानी व शरद केसरवानी ने किया। इस मौके पर केसरवानी समाज की तरफ से विधायक, नपा अध्यक्ष और महापौर का शाल और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। रवि ने छात्रों द्वारा बनाए गए पोस्टर गैलरी का अवलोकन किया। इसके पूर्व श्री राम बालिका इंटर कालेज में रोटरी क्लब प्रतापगढ़ सेंट्रल और भारत विकास परिषद् द्वारा स्वागत उनका हुआ। उन्होंने बच्चों को वैज्ञानिक बनने की टिप्स दी। सपरिवार मां बेल्हा देवी का दर्शन पूजन भी किया। समारोह में उ0प्र0 उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमण्डल के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र केसरवानी, शरद केसरवानी, अरुणा केसरवानी, उमा केसरवानी, रिया केसरवानी, डा0 अजय केसरवानी, रवीन्द्र केसरवानी सतीश केसरवानी, अश्विनी केसरवानी, लखनलाल बाबा, गोपाल, मनोज, स्वदेश, राजेंद्र, प्रकाश, जगदीश, सुधीर केसरवानी, विजय, लक्ष्मी, विभा, रूचि, बीना, पुष्प, डाली केसरवानी, उमेश सिंह, संजीव आहूजा, रतन और आनंद केसरवानी, लालमणि समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

सेवानिवृत्त सूचना कर्मी सहायक लेखाकर अशोक कुमार मिश्रा की भावभीनी विदाई

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग के अन्तर्गत जिला सूचना कार्यालय प्रतापगढ़ में कार्यरत सहायक लेखाकार अशोक कुमार मिश्र आज 60 वर्ष की अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण करने के उपरान्त सेवानिवृत्त हो गये। इस परिप्रेक्ष्य में सूचना कर्मियों ने अशोक कुमार मिश्र को माल्यार्पण कर भावभीनी विदाई दी।

विदाई समारोह में जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी/जिला सूचना अधिकारी राजेश कुमार सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी सविता यादव एवं सूचना कर्मी नन्द लाल यादव, भाष्कर मिश्र, सजन लाल मौर्य, सनोज कुमार ने सेवानिवृत्त अशोक कुमार मिश्र को माल्यार्पण कर एवं अंगवस्त्र भेटकर विदाई दी। इस

सहायक लेखाकार को भावभीनी विदाई देते अधिकारीगण।

अवसर पर पूर्व सहायक निदेशक सूचना आर0बी0 सिंह, पूर्व जिला सूचना अधिकारी जे0एन0 यादव, सेवानिवृत्त सूचना कर्मी प्रभुनाथ एवं प्रेमनाथ पाण्डेय ने भी अशोक कुमार मिश्र को माल्यार्पण कर विदाई दी। अन्त में सेवानिवृत्त अशोक कुमार मिश्र ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुये कहा कि उन्होंने कार्यालय के सभी स्टाफ के सहयोग से अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने का प्रयास किया है।

कीमती भैंस हुई चोरी, दी तहरीर

लालगंज, प्रतापगढ़। अज्ञात चोरों ने पीड़ित की भैंस सरिआ से चोरी कर ले गये। पीड़ित ने चोरी की घटना की सूचना पुलिस को दी है। लालगंज कोतवाली के हरनाहर पूरे बक्सू निवासी छेदीलाल गुप्ता के पुत्र दर्शन लाल गुप्ता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि अटठाईस सितंबर की रात उसकी भैंस सरिआ में बंधी थी। रात करीब दो बजे के आस पास अज्ञात चोर सरिया का ताला तोडकर पिकप से भैंस लादकर चोरी कर ले गये। करीब ढाई बजे अचानक आवाज सुनकर पीडित की आंख खुली तो उसने अपनी भैंस पिकप पर लदी देखा। शोर मचाने पर आरोपी वाहन से फरार हो गये। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

आरोपी के खिलाफ छेडछाड व धमकी का केस

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। उदयपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में आरोपी युवक ने युवती के साथ छेडछाड व अश्लील हरकत की। मामले में पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़िता के पिता ने उदयपुर थाने में आरोपी युवक के खिलाफ शनिवार को तहरीर दी है। पीडित ने तहरीर में कहा है कि शुक्रवार की रात उसकी पुत्री सो रही थी।

इस बीच एक आरोपी युवक घर में घुसकर उसकी पुत्री के साथ अश्लील हरकत करने लगा। पुत्री के शोर मचाने पर घर के लोग जगे तो युवक गालीगलौज करते हुए शिकायत करने पर जानलेवा धमकी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी युवक रेहुआ लालगंज निवासी रामपियारे सरोज के पुत्र दीपू सरोज के खिलाफ छेडछाड व धमकी का केस दर्ज किया है।

आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ बलवा व तोडफोड का केस

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने जमीनी विवाद को लेकर आधा दर्जन से अधिक आरोपियों के खिलाफ बलवा तथा मारपीट व तोडफोड एवं धमकी का केस दर्ज किया है। लालगंज के पूरे निहाल सिंह सराय जगत निवासी मोती लाल की पत्नी शिवदुलारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि अटठाईस सितंबर को दिन में विपक्षियों ने जमीनी विवाद को लेकर उस पर हमला बोल दिया। विपक्षी गांव के बाबूलाल के पुत्र बसंत लाल मौर्य, शिवरतन के पुत्र रामसुंदर, रामसुख के पुत्र अक्षय व अखिलेश तथा छेदीलाल की पत्नी कबूतरा, अक्षय की पत्नी गिरीशा तथा रामसुंदर की पत्नी ओझाइन ने लाठी डंडे से लैस होकर खेत में लगे उसके पिलर को तोडकर नष्ट कर दिया। विरोध करने पर आरोपियो ने ईट पत्थर से भी पीडिता पर हमला किया। शोर मचाने पर आरोपी गाली देते हुए जानलेवा धमकी देने लगे। तहरीर के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार की रात आरोपी बसंतलाल समेत सात के खिलाफ केस दर्ज किया है।

सीनियर बालिका वर्ग में पीबी कालेज रहा विजेता

सेंट एंथोनी इंटर कालेज में हुई जनपदीय खो-खो प्रतियोगिता

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जनपदीय खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन सेंट एंथोनी इंटर कालेज परिसर में जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह के निर्देशन में व फादर आनंद कुमार जान के देखरेख में संपन्न हुई।

प्रतियोगिता को संपन्न कराने में जनपद के निम्नलिखित व्यायाम शिक्षकों ने सहयोग किया जिसमें प्रभात श्रीवास्तव, मंजू सिंह, मोहम्मद आबाद कौशलेंद्र प्रताप सिंह राजेंद्र पाण्डेय सुदीप पांडे, सुरेश कुमार, सुशील सिंह जिला स्काऊट मास्टर प्रतापगढ़, पवन सिंह कपिल गिरी, विमल कुमार,

जनपदीय खो-खो प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ीगण।

राम बाहदुर पाल मनोज कुमार शैलेश सिंह आदि के द्वारा जनपद प्रतापगढ़ के बालक एवं बालिकाओं का चयन मंडलीय प्रतियोगिता के लिए किया। सीनियर बालिका वर्ग में पी बी कालेज प्रतापगढ़ विजेता रही। ससीनियर बालक वर्ग में सेंट जेवियर्स कॉलेज विजेता रहा। जूनियर बालिका वर्ग में संत एंथोनी कॉलेज विजेता रही। जूनियर बालक वर्ग में ग्राम विकास इंटर कॉलेज देल्हूपुर विजेता रहा। सब जूनियर बालक वर्ग में मांधाता विजेता व बालिका वर्ग में गौरा बना विजेता।

उक्त जानकारी जिला क्रीड़ा सचिव दिनेश चन्द्र पाण्डेय ने दी। सभी चयनित बच्चों को जिला विद्यालय निरीक्षक एवं सह जिला विद्यालय निरीक्षक एस पी द्विवेदी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रतापगढ़ भूपेंद्र सिंह एवं प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज बरहदा डा विंध्याचल सिंह व जिला व्यायाम शिक्षक प्रतापगढ़ राम कुमार सिंह ने चयनित प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी।

एमडीपीजी कालेज में स्वच्छता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। एम0डी0पी0जी0 कॉलेज में स्वच्छता ही सेवा है कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्वयं सेवकों एवं स्वयं सेविकाओं ने सहभागिता करते हुए स्वच्छता विषय पर अपने-अपने विचार प्रस्तुत किये।

इसके बाद आज के कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए डॉ राजेंद्र प्रसाद मिश्र स्वच्छता के उद्देश्य एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए जीवन के लिए स्वच्छता को विशेष उपयोगी बताया। कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर मनोज मिश्र ने स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए मानव कर्म को स्वच्छता का मूल बताते हुए इसे भारतीय संस्कृति का आधार बताया। उन्होंने स्वयंसेवकों को उत्प्रेरित करते हुए स्वच्छता को संपूर्ण

स्वच्छता कार्यक्रम में बोलते प्राचार्य मनोज मिश्र।

उन्नति एवं विकास का मार्ग बताया। डॉ अमिता मिश्रा ने सभी को व्यक्तिगत स्वच्छता पर ध्यान देने की सलाह दी।

डॉ शैलेश पाण्डेय ने स्वच्छता के माध्यम से ही स्वस्थ रहने की सलाह दी। कार्यक्रमाधिकारी डॉ रेखा मिश्रा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए सभी के प्रति आभार ज्ञापित किया। इसके बाद एक जागरूकता रैली निकाली गई जो महाविद्यालय से प्रारंभ होकर भगवा चुंगी चैराहा खुशखुशवापुर, देवकली (मलिन बस्ती) होते हुए पुनः कॉलेज में समाप्त हुई। रैली में विभिन्न स्लोगनों और नारों के माध्यम से जन जागृति का संदेश दिया गया।

रोशन लाल के महासचिव बनने पर वकीलों ने जतायी खुशी

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। समाजवादी बाबा साहब वाहिनी के प्रदेश महासचिव बनाए जाने पर अधिवक्ता रोशन लाल सरोज का शनिवार को तहसील परिसर में साथियों ने स्वागत किया। अधिवक्ताओं ने रोशन सरोज को मिली जिम्मेदारी को क्षेत्र के लिए उपलब्धि करार दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष रामलगन यादव व संचालन संघ के पूर्व महामंत्री प्रवीण यादव ने किया। इस मौके पर पारसनाथ सरोज, हरिश्चंद्र पाण्डेय, अजीत यादव, विमल यादव, अवधेश विश्वकर्मा, राजेश यादव, शिव कुमार कनौजिया, रमेश वर्मा, जय नारायण यादव, शेर खान, ज्ञानप्रकाश वर्मा, हरिश्चंद्र पाण्डेय आदि रहे।

डीसीएम पलटा, चालक को आयी मामूली चोट

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। नेशनल हाइवे पर अचानक मवेशियों का झुण्ड आ जाने से डीसीएम ट्रक अनियंत्रित होकर खडढ़ में पलट गयी। हालांकि दुर्घटना में चालक को मामूली चोटें आयीं। लीलापुर थाना के हण्डौर ईदगाह के समीप शनिवार की भोर लगभग तीन बजे कन्नौज से आलू लादकर डीसीएम ट्रक मछली शहर जौनपुर के लिए निकली। अचानक नेशनल हाइवे पर मवेशियों का झुण्ड आ गया। इससे ट्रक अनियंत्रित होकर बगल खडढ़ में पलटा खा गयी। दुर्घटना में कन्नौज जिले के अवशेर थाना ठठिया निवासी ट्रक चालक उमर खान के पुत्र जमील खान को मामूली चोटें आयीं है। दुर्घटना की सूचना पाकर लीलापुर पुलिस भी मौके पर पहुंची।

मोदी सरकार अर्न्तराष्ट्रीय सीमाओं की सुरक्षा संभालने में नाकामः प्रमोद तिवारी

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने भाजपा पर गांधी परिवार को लेकर व्यक्तिगत ईर्ष्या एवं द्वैष की पराकाष्ठा पर जनता के जीवन के साथ खिलवाड करने की कड़ी आलोचना की है। उन्होने कहा कि गांधी परिवार में अपने व्यक्तिगत सम्पर्कों एवं संसाधनों से अमेठी के मुंशीगंज में संजय गांधी हास्पिटल की स्थापना करायी थी। शनिवार को रामपुर खास के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी लालगंज कैम्प कार्यालय पर मीडिया से रूबरू होते बीजेपी की केन्द्र एवं राज्य सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होनें सरकार से कहा है कि वह व्यक्तिगत मतभेद को

सर्पदंश से बच्चों की मौत पर संवेदना जताते राज्य सभा सदस्य प्रमोद तिवारी।

जनहित में त्याग कर फौरन संजय गांधी अस्पताल का संचालन शुरू कराएं। प्रमोद तिवारी ने कहा कि मोदी सरकार पूरब से पश्चिम तक देश की अर्न्तराष्ट्रीय सीमाओं को संभालने व सुरक्षित बनाए रखने में असफल साबित हो रही है। इस दौरान प्रमोद तिवारी लालगंज क्षेत्र के धधुआ गाजन गांव पहुंचे। यहां उन्होनें हाल ही में सर्पदंश से बबलू यादव के दो पुत्रों अगम व अरनव के आकस्मिक निधन पर गहरी संवेदना जतायी। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के बबलू यादव के घर पहुंचने पर एक बार फिर दो मासूम बच्चों की हुई मौत को लेकर माहौल गमगीन हो उठा। श्री

सर्पदंश से बच्चों की मौत पर पीड़ित परिवार से मिले प्रमोद तिवारी

तिवारी ने स्वयं तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना की ओर से दुखी परिवार को हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाते हुए उनके आंसू पोछे। इस मौके पर सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, आशीष उपाध्याय, आशुतोष जायसवाल, मुकेश यादव, मो. मोकीम, पन्ना लाल पाल, दगपाल यादव, रामकृपाल पासी आदि रहे।

बीजेपी की डबल इंजन सरकार में तेज हो रहा विकासः सांसद

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। विश्वनाथ विधानसभा क्षेत्र के गारापुर में जिले के सांसद संगम लाल गुप्ता ने ग्रामीणों के साथ केन्द्र एवं राज्य की भाजपा सरकारों की उपलब्धियों को साझा किया। सांसद ने अनुसूचित जाति बस्ती संपर्क अभियान कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार द्वारा अनुसूचित जाति के लोगों से जुड़ी कल्याणकारी योजनाओं को वरदान ठहराया। उन्होनें चैपाल के माध्यम से संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गरीब तबके के पात्र लोगों को आयुष्मान कार्ड बनवाकर वितरित भी करवाया। उन्होनें कहा कि केन्द्र एवं राज्य की डबल इंजन की सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ गरीब व जरूरतमंद को उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। उन्होनें लोगों से योजनाओं के सही लोगों तक लाभप्रद होने में सहयोग भी मांगा। सांसद संगम लाल ने जिले के विकास में भी निरंतर प्रयास मजबूती से जारी रखने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर प्रतिनिधि अभिषेक पाण्डेय, ओमप्रकाश पाण्डेय, अजय वर्मा, जगत पासी, देवदत्त, दिनेश बहादुर सिंह, विद्युत मिश्र, श्रीनाथ पासी, शुभम सिंह, मो. रब्बानी आदि रहे। सांसद ने सांगीपुर भाजपा मण्डल अध्यक्ष अभिषेक सिंह के आवास पर पहुंचकर उनके पिता के निधन पर परिजनों से मिलकर संवेदना भी जतायी।

हत्या के प्रयास के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

प्रतापगढ़। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में थाना आसपुर देवसरा के उ0नि0 बंशीधर राय मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/तलाश वांछित, वारण्टी अभियुक्त/विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत से संबंधित वांछित अभियुक्त मो0 मुन्ना पुत्र बफाती नि0ग्राम दफरा थाना आसपुर देवसरा जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र आसपुर देवसरा के ढ़कवा मोड तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया।

मेरी माटी मेरा देश अभियान पर युवाओं द्वारा निकाली गई अमृत कलश यात्रा

नेहरू युवा केंद्र द्वारा पंचप्रण पर आधारित युवा संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। नेहरू युवा केंद्र द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प पंचप्रण पर आधारित युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन आज यहां पट्टी तहसील के अंतर्गत वी0वी0 डी0 एकेडमी लौआर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने युवाओं का आवाहन किया कि युवा देश के भविष्य है देश का नवनिर्माण उनके कंधों पर है। सभी युवा साथियों ने आज प्रधानमंत्री के पंचप्रण की जो शपथ ली है उस पर गंभीरता से विचार करें तथा अपने जीवन में अमल लाने का प्रयास करें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नेहरू युवा केंद्र के उपनिदेशक समर बहादुर सिंह ने पंचप्रण के बारे में विस्तार से

पंचप्रण की शपथ लेते आयोजकगण।

जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अमृत कलश जिसमें आज यहां मिट्टी डाली गई है जिला स्तर पर रखी जाएगी। उसके उपरांत लखनऊ जाएगी जहां से मुख्यमंत्री द्वारा दिल्ली ले जाया जाएगा। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व सहायक निदेशक सूचना आर0बी0 सिंह ने पंचप्रण पर अपने विचार व्यक्त किए। नेहरू युवा केंद्र के लेखाकार विनय कुमार मिश्र ने सभी जन समुदाय को प्रधानमंत्री की पंचप्रण की शपथ दिलाई। विद्यालय के प्रबंधक राकेश त्रिपाठी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन नेहरू युवा केंद्र मंडल सगरा सुंदरपुर के सचिव रंजय मिश्रा ने किया तथा मेरी माटी मेरा देश अभियान एवं युवा संवाद पर प्रकाश डाला। प्रारंभ में विद्यालय की छात्रा अर्चना ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया तथा रिचा पांडे, दिव्यांशी, दीक्षा, स्नेहा ने अतिथियों का बैच अलंकरण किया। शिव तिवारी, अभिनव, अनीश पांडे, सिद्धार्थ तिवारी, सूर्य प्रताप सिंह ने अतिथियों का माल्यार्पण किया। विद्यालय की छात्रा दिव्यांशी सिंह स्नेहा ने पंचप्रण पर अपने विचार व्यक्त किए और श्याम नारायण पटेल, आशुतोष का आयोजन को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं ने विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं तथा आयोजकगणों एवं अतिथियों ने अमृत कलश में विद्यालय परिसर की मिट्टी डाली तथा तिरंगा यात्रा व अमृत कलश यात्रा निकाली गई।

सई में समाये अधेड़ का घाट पर उतराया शव, कोहराम

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। सई नदी में समाए अधेड़ का शव दूसरे दिन शनिवार को घाट पर उतराया देख परिजन बिलख पड़े। लीलापुर थाना क्षेत्र के तिना भुलना निवासी भोलानाथ गुप्ता 50 शुक्रवार को घुइसरनाथ धाम में दर्शन करने आया था। दर्शन से पूर्व वह सई में स्नान करने गया तो अचानक गहरे पानी में समा गया।

भोला नाथ के सई में डूबने की खबर से हडकंप मच गया। उसका एक भाई सूचना पर पहुंचा तो उसके कपड़े देखकर पहचान की थी। पुलिस व गोताखोरों ने शुक्रवार की शाम से ही उसकी तलाश सई में शुरू की। हालांकि शनिवार को धाम से कुछ दूर थरिया घाट पर ग्रामीणों ने भोला नाथ का शव उतराया देखा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव का पंचनामा कराकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। इधर भोला नाथ का शव मिलने की जानकारी पर परिजन बिलख पड़े। पत्नी संतोषी का रो रो कर बुराहाल देखा गया। वहीं पुत्र प्रभुनाथ के अलावा पुत्री साक्षी 15 तथा मोहिनी 07 के सिर से पिता का साया उठने पर लोग भी भावुक हो उठे। मृतक भोला नाथ किसी तरह रोजमर्रा के छोटे व्यवसाय से घर की आजीविका चलाया करता था।

जनसहभागिता सुनिश्चित कर श्रमदान करें अधिकारी : मंडलायुक्त

मण्डलायुक्त/नोडल अधिकारी ने स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित कराने के लिए अब तक की गई तैयारियों की विस्तृत समीक्षा कर दिये आवश्यक निर्देश

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। मण्डलायुक्त प्रयागराज/जनपद के नोडल अधिकारी विजय विश्वास पन्त ने उदयन सभागार में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत एक तारीख एक घण्टा स्वच्छता कार्यक्रम का सफल आयोजन के लिए अब तक की गई तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। मण्डलायुक्त प्रयागराज/जनपद के नोडल अधिकारी ने अब तक की गई तैयारियों की विस्तृत की समीक्षा के दौरान सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासनादेश का अनुपालन करते हुए जनसहभागिता सुनिश्चित कर श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया जाय। उन्होंने सभी खण्ड विकास अधिकारियों एवं ई0ओ0 को दिनांक 02 अक्टूबर को प्रत्येक विकास खण्ड/नगर निकाय में कार्यक्रम का आयोजन कर स्वच्छताग्रहियों को सम्मानित करने के निर्देश दियें। उन्होंने श्रमदान एवं स्वच्छताग्रहियों को सम्मानित करने का कार्यक्रम सुव्यस्थित तरीके से आयोजित कराने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय। मण्डलायुक्त नोडल अधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को स्वच्छता शपथ भी दिलायी। जिलाधिकारी ने बताया कि स्वच्छता ही सेवाह्व कार्यक्रम को सफलतापूर्वक आयोजित कराये जाने के लिए ग्राम पंचायतवार नोडल अधिकारी नामित किये गये है इस अवसर पर जिलाधिकारी सुजीत कुमार, पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) डॉ0 विश्राम एव अपर पुलिस अधीक्षक समर बहादुर सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के सफल आयोजन के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने की अधिकारियों के साथ बैठक

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा उदयन सभागार में ह्लस्वच्छता ही सेवाह्व पखवाड़ा के अन्तर्गत एक तारीख एक घण्टा स्वच्छता कार्यक्रम का सफल आयोजन कराये जाने के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियां के साथ बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि स्वच्छ शहर और गॉव बनाने के लिए सार्वजनिक कार्यों को प्रेरित करने के लिए प्रधानमंत्री द्वारा 01 अक्टूबर 2023 को सुबह 10 बजे सभी नागरिकों द्वारा सामूहिक रूप से स्वच्छता के लिए 01 घण्टे के श्रमदान का आह्वान किया गया है, जो बापू जी के लिए उनकी जयंती की पूर्व संध्या पर एक स्वच्छांजलि होगी। उन्होंने सभी खण्ड विकास अधिकारियों एवं ई0ओ0 को शासनादेश का अक्षरशः अनुपालन करने के निर्देश देते हुए कहा कि कार्ययेजना बनाकर ग्राम पंचायतवार/वार्डवार स्थल चिन्हित कर एवं जनसहभागिता करते हुए श्रमदान का आयोजन किया जाय। इसके साथ ही उन्होंने 02 अक्टूबर 2023 को प्रत्येक विकास खण्ड/नगर निकाय में कार्यक्रम का आयोजन कर स्वच्छताग्रहियों को सम्मानित करने के निर्देश दियें। उन्होंने जनपद स्तर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर स्वच्छताग्रहियों को सम्मानित करने के भी निर्देश दियें इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

अनुसूचित समाज के सुनील हेला के आवास पर भाजपा नेताओं ने किया भोजन

कौशाम्बी। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पालिका परिषद भरवारी के वार्ड नंबर 6 बाला जी नगर टीकरडीह में अनुसूचित बस्ती जन सम्पर्क अभियान के तहत आयोजित गोष्ठी को नगर पालिका परिषद भरवारी की अध्यक्ष कविता पासी ने संबोधित किया इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य भी मौजूद रहे और उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित कर केंद्र प्रदेश सरकार की योजनाओं का बखान किया इसके उपरांत भाजपा नेताओं ने अनुसूचित समाज से सुनील हेला के आवास पर भोजन ग्रहण करने के पश्चात परिजनों से मिलकर कुशलक्षेम लिया कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य नगर पालिका अध्यक्ष कविता पासी प्रदेश सह कोषाध्यक्ष मनोज कुमार पासी मंडल के पदाधिकारी व सभासद मौजूद रहे।

किसान भाई पराली न जलाएं, पराली प्रबन्धन के उपायों को अपनायें : डीएम

अखंड भारत संदेश

जिलाधिकारी ने पराली प्रबन्धन के लिए जनपद स्तरीय जागरूकता गोष्ठी का दीप प्रज्ज्वलित कर किया शुभारम्भ

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने उदयन सभागार में कृषि विभाग द्वारा आयोजित पराली प्रबन्धन के लिए जनपद स्तरीय जागरूकता गोष्ठी का दीप प्रज्ज्वलित कर तथा कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कृषि प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारम्भ व अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए किसान भाइयों से कहा कि इस गोष्ठी का उद्देश्य आप लोगों को पराली जलाये जाने के दुष्परिणामों एवं पराली प्रबन्धन के उपायों आदि के बारे में जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि पराली न जलायें तथा पराली प्रबन्धन के उपायों को अपनायें। पराली जलाये जाने से प्रदूषण का स्तर बढ़ता है तथा जमीन की उर्वरता घटती है। शासन द्वारा पराली जलाये जाने की घटना को गम्भीरता से लिया जाता है तथा सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही के लिए निर्देशित किया जाता है। जनपद में विगत वर्ष पराली जलाये जाने की घटनायें सामने आई थी। उन्होंने कहा कि पराली जलाये जाने पर भूमि के आधार पर यथा-02 एकड़ से कम भूमि पर रुपएं 2500 एवं 02 एकड़ से अधिक व 05 एकड से कम भूमि पर रुपएं 5000 तथा 05 एकड़ से अधिक भूमि पर रुपए 15000 प्रति घटना पर जुमार्ना लगायें जाने का प्राविधान है। कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा0 अजय सिंह ने कृषकों से अनुरोध किया कि पराली न जलायें, पराली को खेतों में ही सड़ाकर मिट्टी में मिलायें और मिट्टी की उर्वराशक्ति को बढ़ाकर उत्पादन बढ़ायें। पराली को सड़ाने के लिए कृषि विभाग द्वारा पूसा बायो डिकम्पोजर की 21200 बोतलों की डिमॉण्ड भेजी गयी है, एक सप्ताह में इसकी आपूर्ति कर कृषकों को निःशुल्क उपलब्ध कराया जायेंगा। इस दवा की प्रत्येक बोतल 100 मिलीलीटर की होगी। वेस्ट डिकम्पोजर का घोल बनाने के लिए एक ड्रम में 200 लीटर पानी लेकर उसमें 02 किग्रा0 गुड़ डालकर अच्छे से हिलाकर मिलायें तथा घुलने पर एक बोतल वेस्ट डिकम्पोजर की 100 मिली0 पूरा डालकर लकड़ी या डण्डे से घोल को हिलाकर मिलायें। इसके बाद पालीथीन से अच्छी तरह ढककर 07 दिन के लिए रख दें, इसके बाद इसमें झाग या मैट तैयार होने पर पराली को एकत्रित कर एक गड्ढे में डालकर कुछ पानी डालें व इसमें प्रतिदिन दवा के घोल का छिड़काव करें व गड्ढे में गोबर भी डाल सकते हैं। कुछ ही दिन में पराली सड़कर उपजाऊ खाद बन जायेंगी। गोष्ठी में किसानों को अवगत कराया गया कि जिन कम्बाइन हार्वेस्टर मशीनों द्वारा बिना फसल अवशेष प्रबन्धन वाले कृषि यन्त्रों जैसे-सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम (एस0एम0एस0) अथवा स्ट्रारेक या बेलर अथवा स्ट्रारीपर के धान की कटाई करते हुये पकड़ी जायेगी, उसे तत्काल सीज किये जाने की कार्यवाही की जायेंगी और उन मशीनों को तब तक नही छोड़ा जायेंगा, जब तक पराली प्रबन्धन यन्त्र मशीन मालिक द्वारा न लगवा लिया जाय। उप कृषि निदेशक सतेन्द्र तिवारी द्वारा कृषकों व कम्बाइन हार्वेस्टर स्वामियों को अवगत कराया कि जनपद के कम्बाइन हार्वेस्टर मालिकों द्वारा हार्वेस्टर मशीनो में लगाये जाने वाले पूरक यन्त्रों को क्रय करने पर 50 प्रतिशत का अनुदान अनुमन्य है। 10-12 दिनों में अनुदान प्राप्त करने के लिए शासन द्वारा ऑनलाइन आवेदन करने के लिए पोर्टल खोल जाने की सम्भावना है। किसान भाई पराली प्रबन्धन के यन्त्रों पर अनुदान के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकतें हैं। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी द्वारा कृषकों से कहा कि जिनके यहॉ पराली अधिक होती है, वे अपने नजदीकी गौ आश्रय केन्द्र अथवा गौशाला में पराली लें जाय, व इसके बदले एक ट्राली गोबर की खाद ला सकतें हैं। इस प्रकार से आप अपने खेतों की उर्वरा शक्ति को बढ़ा सकते हैं व जुमार्ना आदि से भी स्वयं को बचा सकतें हैं।

तो फिर तिहरे हत्याकांड की साजिश रचने के दोषी होंगे चकबंदी अफसर

अखंड भारत संदेश

चकबंदी अधिकारियों की साजिश के बाद तीन लोगों की हत्या के मामले को क्या पुलिस गंभीरता से लेकर चकबंदी अधिकारियों का प्रकाश में लाएगी नाम

कौशाम्बी। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मोहद्दीनपुर गांव में अनुसूचित जाति के तीन लोगों की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर हमलावरों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया अधिकारियों के जांच के दौरान मामले में जमीनी विवाद उभर कर सामने आया शासन के निर्देश पर जिला अधिकारी ने अपर जिला अधिकारी के नेतृत्व में टीम बनाकर संपूर्ण प्रकरण की जांच कराई जिस पर चकबंदी विभाग के अधिकारियों की भूमिका पर सवाल खड़े हो गए चकबंदी विभाग के अधिकारियों और चकबंदी लेखपाल की लापरवाही के चलते तिहरे हत्याकांड की घटना को वेखोफ होकर अंजाम दिया गया घटना के बाद पूरा जिला हिल गया राजनीतिक नेता इस घटना के बाद अपनी कालर टाइट करने लगे रोटियां सेकने लगे मौके पर पहुंचकर मृतक परिजनों का दुख दर्द कुरेदने वालों मामले में जांच के बाद तिहरे हत्याकांड में चकबंदी अधिकारियों को दोषी मानते हुए निलंबन और विभागीय कार्यवाही कर दी गई है अब सवाल उठता है कि तीन लोगों की हत्या का यह मामला बेहद गंभीर है और इस मामले में अधिकारियों की जांच के बाद स्पष्ट हो गया है कि चकबंदी अधिकारियों की लापरवाही साजिश के बाद तीन लोगों की हत्या हुई है तो क्या तीन लोगों की हत्या की विवेचना के दौरान चकबंदी अधिकारियों का नाम भी विवेचन के दौरान प्रकाश में लाएंगे तीन लोगों की हत्या की साजिश रचने का दोषी मानते हुए क्या चकबंदी अधिकारियों को गिरफ्तार कर अदालत के सामने पेश किया जाएगा पुलिस विवेचना में तमाम अहम सवाल खड़े हो रहे हैं इन्हें हत्या की साजिश रचने का दोषी मानेंगे या फिर तीन लोगों की हत्या होने के मामले में चकबंदी विभाग के अधिकारियों की लापरवाही और साजिश के बाद भी चकबंदी अधिकारियों का पुलिस के अभिलेखों में नाम दर्ज होने से बच जाएगा।

न्यूज झरोखा

सड़क दुघर्टना में सिपाही गम्भीर रूप से घायल, रास्ते से जा रहे पूर्व विधायक मौके पर बचाव एवं राहत कार्य में जुटे

कौशाम्बी। चरवा थाने में तैनात एक सिपाही पहले से लगी चोट का इलाज कराने डॉक्टर के पास जा रहा था रास्ते में उसे पिकअप सवार ने टक्कर मार दिया है जिससे सिपाही घायल हो गया है घायल सिपाही को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत गंभीर बताई जाती है। जानकारी के मुताबिक चरवा थाना में तैनात सिपाही रमेश चन्द्र सरोज शनिवार की दोपहर करीब 1 बजे चरवा थाना से अपनी बाइक पर सवार होकर चरवा चौराहे डॉक्टर के पास पहले से लगी चोट का इलाज कराने जा रहा था जैसे ही बाइक सवार सिपाही सिरसी गांव के पास पहुँचा अनियंत्रित पिकअप सवार ने सड़क की मोड़ के पास पीछे से बाइक में कट मार दिया जिससे सिपाही रमेश चन्द्र सरोज सड़क पर बाइक समेत गिर गए हादसे में सिपाही के शरीर व चेहरे पर गम्भीर चोट आई है और सिपाही घायल हो गया। दुर्घटना की खबर से आसपास के ग्रामीणों की घटनास्थल पर भीड़ जमा हो गयी साथ ही पूर्व विधायक संजय कुमार गुप्ता तिल्हापुर मोड़ के पास एक मीटिंग में जा रहे थे रोड़ पर दुघर्टना को देख कर अपनी गाड़ी से उतर कर वह मौके पर पहुँचे और बचाव एवं राहत कार्य में लगते हुए स्थिति को देखते हुए चरवा थाना प्रभारी विनोद कुमार सिंह को सूचित किया घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल सिपाही को तुरन्त इलाज के लिए जिला अस्पताल मंझनपुर में भर्ती करवाया सिपाही की हालत बिगड़ने पर जिला अस्पताल के डॉक्टरों द्वारा घायल सिपाही को प्रयागराज रिफर कर दिया है

शिव स्वरूप ब्रह्मचारी महाराज का हुआ स्वर्गवास

27 वर्ष पहले तमाम कष्ट को झेलते हुए स्वामी जी ने अखंड कीर्तन की जलाई ज्योति

कौशाम्बी। जंगल में महा मंगल करने वाले श्रद्धेय परम पूज्य श्री श्री 1008 श्री शिव स्वरूप ब्रह्मचारी महराज जी का स्वर्गवास हो गया है ब्रह्मचारी जी महाराज के स्वर्गवासी होने की जानकारी जैसे ही इलाके के लोगों को लगी मौके पर भक्तों की भीड लग गई है जंगल में महामंगल करने वाले परम पूज्य श्री श्री 1008 श्री शिव स्वरूप ब्रह्मचारी महाराज जी 1996 में ग्राम पंचायत गोइठा जमुना जी के किनारे गांव घाट पर 1996 कृष्ण जन्माष्टमी के दिन ग्राम सभा गोपसहसा के स्वर्गीय श्री हरिश्चंद्र त्रिपाठी और स्वर्गीय ललऊ प्रसाद अग्रहरी के सहयोग से महाराज जी के द्वारा सीताराम संकीर्तन कराया गया था उसी दिन से आज तक महाराज जी के आशीर्वाद से कीर्तन निरंतर चली आ रही है जंगल में किसी प्रकार की सुविधा नहीं रही तमाम कष्ट को झेलते हुए स्वामी जी ने अखंड कीर्तन की ज्योति जलाई और क्षेत्र में महाराज जी की कृपा से अमन चैन रहा आज शनिवार को दुर्भाग्य है कि हम सबके बीच में परम पूज्य ब्रह्मचारी श्री श्री 1008 श्री शिव स्वरूप ब्रह्मचारी महाराज जी का स्वर्गवास हो गया है महाराज जी के स्वर्गवासी हो जाने से क्षेत्र में दुख का पहाड़ टूट पड़ा है।

एसपी से मिला जय जवान जय किसान मंच का प्रतिनिधिमंडल

कौशाम्बी। पुलिस थाने में फर्जी मुकदमा दर्ज कराए जाने के विरोध में जय जवान जय किसान मंच का प्रतिनिधि मंडल सुशील जय हिंद के नेतृत्व में शनिवार को पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव से मिला और फर्जी मुकदमा दर्ज कराए जाने की जांच करा कर मुकदमा समाप्त कराए जाने की मांग की है उन्होंने बताया कि कुछ समाजसेवी लोगों के ऊपर फर्जी मुकदमे रजिस्टर्ड कराए गए है जिसको लेकर शनिवार को पुलिस कप्तान से जय जवान जय किसान मंच का प्रतिनिधि मंडल मिला और उन्हें पूरी बात बताते हुए फर्जी मुकदमे को समाप्त करने की मांग की है सुशील जय हिंद ने कहा कि पुलिस अधीक्षक ने भरोसा दिया है कि निष्पक्ष जांच होगी और निर्दोष बेकसूर लोगों पर कार्यवाही नहीं होगी सुशील जय हिंद ने कहा कि हमें आशा है कि समस्त मुकदमे निरस्त कर दिए जाएंगे उन्होंने कहा कि जय जवान जय किसान मंच गरीबों के लिए असहाय लोगों के लिए पीड़ित लोगों के लिए सदैव संकल्पित होकर तैयार खड़ा है।

प्रधानमंत्री के उद्बोधन को उपस्थित लोगों ने सुना

प्रधानमंत्री द्वारा नई दिल्ली में आकांक्षात्मक विकास खण्डों में प्रस्तावित संकल्प सप्ताह कार्यक्रम शुभारम्भ का किया गया सजीव प्रसारण

कौशाम्बी। प्रधानमंत्री द्वारा भारत मण्डपंम, नई दिल्ली में आकांक्षात्मक विकास खण्डों में प्रस्तावित ह्लसंकल्प सप्ताह (03 अक्टूबर से 09 अक्टूबर 2023) का शुभारम्भ किया गया, इसका सजीव प्रसारण उदयन सभागार कौशाम्बी में आयोजित कार्यक्रम में किया गया तथा उपस्थित लोगों ने प्रधानमंत्री के उद्बोधन को सुना इस अवसर पर जिलाधिकारी सुजीत कुमार, मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, जिला पंचायत राज अधिकारी रवि शंकर द्विवेदी एवं जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मनोज यादव सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण एवं विकास खण्डों के कर्मचारीगण तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें।

स्कूली छात्रा का महीनो बाद नहीं लगा सुराग

कौशांबी। चरवा थाना क्षेत्र के आदर्श ग्राम सभा स्कूल में पढ़ने वाली एक बालिका 4 अगस्त को कोचिंग पढ़ने के लिए घर से निकली थी बालिका साथ में मोबाइल लेकर गई थी लेकिन स्कूल की छात्रा कोचिंग से वापस घर नहीं लौटी बालिका के वापस न लौटने में परिजन परेशान हो गए रिश्तेदारी और संभावित स्थान पर उसकी खोजबीन की लेकिन कहीं सुराग नहीं लगा परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया धीरे-धीरे लगभग 2 महीने का समय ब्यतीत हो रहा है लेकिन स्कूली छात्रा का सुराग नहीं लग सका है जिससे परिजन परेशान है।

एडीएम वि0/रा0 अधिवर्षता आयु पूर्ण करने के पश्चात हुए सेवानिवृत्त

अखंड भारत संदेश

जनपद में 02 वर्ष 16 दिन का रहा कार्यकाल, अधिकारियों कर्मचारियों ने श्री जयचन्द्र पाण्डेय को फूलों की माला एवं उपहार सप्रेम भेंट कर किया विदाई

कौशाम्बी। अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 कौशाम्बी के पद पर कार्यरत जयचन्द्र पाण्डेय आज शनिवार को अधिवर्षता आयु पूर्ण करने के पश्चात सेवानिवृत्त हुए। उदयन सभागार में आयोजित विदाई समारोह में जनपद के अधिकारियों/ कर्मचारियों ने जयचन्द्र पाण्डेय को फूलों की माला एवं उपहार सप्रेम भेंट कर विदाई किया। जयचन्द्र पाण्डेय ने अपने सर्विस के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि जनपद कौशाम्बी में कुल 02 वर्ष 16 दिन का कार्यकाल रहा। उनका जब कौशाम्बी स्थानान्तरण हुआ तो वह उत्साहित थे, कि जनपद कौशाम्बी प्रयागराज का हिस्सा होने के कारण काफी कुछ सीखने व जानने को मिलेंगा।सर्विस में अपना बेहतर से बेहतर देने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि जनपद में अपना कार्यकाल सुचारू रूप से पूर्ण करने में यहॉ के अधिकारियों/कर्मचारियों ने पूर्ण सहयोग दिया है। जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने कहा कि सेवानिवृत्ति नौकरी का महत्वपूर्ण अंग है। अपर जिलाधिकारी ने अपना बहुत ही अच्छा कार्यकाल जनपद में व्यतीत किया। अपर जिलाधिकारी के सहयोग से विधानसभा निर्वाचन एवं नगर निकाय निर्वाचन आदि को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया गया। निर्वाचन के दौरान अपर जिलाधिकारी द्वारा सराहनीय कार्य किया गया। अपर जिलाधिकारी की देख-रेख में कलेक्ट्रेट परिसर के सौन्दर्यीकरण का कार्य कुशलतापूर्वक किया गया। अपर जिलाधिकारी को शासकीय कार्यो विशेषकर निर्वाचन एवं राजस्व की बहुत ही अच्छी जानकारी है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि अपर जिलाधिकारी दीर्घजीवी एवं स्वस्थ्य रहें। अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) डॉ0 विश्राम ने कहा कि सेवा में आने के बाद यह निश्चित हो जाता है कि एक दिन सेवानिवृत्त होना है, सेवा से बिना किसी आरोप/दाग के सेवानिवृत्त होना बहुत ही बड़ी बात होती है।

अपर जिलाधिकारी को शासकीय कार्यों की बहुत ही अच्छी जानकारी है, सभी से प्रेमपूर्वक वार्ता करना उनका स्वाभाविक स्वभाव है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि आप सदैव स्वस्थ्य रहें। उप जिलाधिकारी मंझनपुर आकाश सिंह, उप जिलाधिकारी सिराथू सौम्य मिश्र उप जिलाधिकारीगण प्रबुद्ध सिंह व राहुल देव भट्ट, ए0आई0जी0 स्टाम्प, नायब तहसीलदार अंकिता पाठक, अंगद सिंह तथा वासुदेव त्रिपाठी सहित आदि कर्मचारियों ने अपर जिलाधिकारी से शासकीय कार्यों में प्राप्त कुशल मार्गदर्शन के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि अपर जिलाधिकारी से शासकीय कार्यों को सम्पादित करने में काफी कुछ सीखने को मिला।

दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की पेरेंट्स काउंसलिंग के द्वितीय सत्र का आयोजन

कौशाम्बी। बीआरसी मंझनपुर में 30 सितम्बर को समेकित शिक्षा के अंतर्गत एनवायरमेंट बिल्डिंग प्रोग्राम के तहत दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों की पेरेंट्स काउंसलिंग के द्वितीय सत्र का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों के 50 अभिभावकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम मुख्य रूप से 2 सत्रों में आयोजित किया गया प्रथम सत्र में दिव्यांग बच्चों के शैक्षिक पुनर्वास एवं उपलब्ध सुविधाओं के बारे में अभिभावकों को जागरूक किया गया तथा दूसरे सत्र में दिव्यांग बच्चों के समस्याओं के संबंध में अभिभावकों से गहन विचार विमर्श कर व्यक्तिगत परामर्श दिया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में खण्ड शिक्षा अधिकारी मंझनपुर जवाहर लाल यादव द्वारा दिव्यांग बच्चों हेतु शासन द्वारा संचालित योजनाओं एवं उनके उचित क्रियान्वयन के संबंध में अभिभावकों का मार्गदर्शन किया गया। कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन के रुप में लइक अहमद आदि उपस्थित रहे तथा विकासखंड मंझनपुर के स्पेशल एजुकेटर्स राजीव कुमार तिवारी,श्रीमती श्रद्धा सिंह, श्रीमती मीनू शुक्ला तथा फिजियोथेरेपिस्ट पंकज साहू द्वारा जिले में समेकित शिक्षा से संबंधित गतिविधियों से अवगत कराया गया तथा इससे संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

पत्रकारों का उत्पीड़न नहीं होगा बर्दाश्त : उमेश द्विवेदी

अखंड भारत संदेश

पत्रकार हित में भारतीय पत्रकार संघ ने एसपी कौशाम्बी को सौपा 7 सूत्रीय ज्ञापन

कौशाम्बी। भारतीय पत्रकार संघ के पत्रकारों ने दिनांक 30 सितंबर को राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश द्विवेदी के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक कौशांबी बृजेश कुमार श्रीवास्तव से मिले और पत्रकारों के हित से संबंधित सात सूत्रीय ज्ञापन सौपा है। मंझनपुर मुख्यालय में 30 सितम्बर को भारतीय पत्रकार संघ के पत्रकार अखंड भारत संदेश समाचार पत्र कार्यालय में एकत्रित हुए और राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश चन्द्र द्विवेदी को माल्यार्पण कर जोरदार तरीके से स्वागत किया अखंड भारत संदेश समाचार पत्र कार्यालय में पत्रकारों की बैठक आयोजित हुई जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश द्विवेदी ने किया उन्होंने पत्रकारों के हित में तमाम दिशा निर्देश दिए और कहा कि किसी कीमत पर पत्रकारों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं होगा पत्रकार अपने अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी पालन करें बैठक के बाद उमेश द्विवेदी के नेतृत्व में पत्रकार पुलिस अधीक्षक से मिले और पत्रकार हित में सात सूत्रीय ज्ञापन सौपा और पत्रकार हित में बड़ी देर तक एसपी से वार्ता हुई। इस मौके पर राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री सुशील केशवानी कार्यवाहक राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण कुमार द्विवेदी जिला अध्यक्ष सुबोध केशरवानी सुशील मिश्रा उर्फ बबलू गणेश साहू जिला महामंत्री शशि भूषण सिंह सिराथू तहसील अध्यक्ष विष्णु सोनी अजीत कुमार कुशवाहा संतलाल मौर्या राम बाबू केशरवानी अनिल कुमार पुष्पेन्द्र कुमार उर्फ नेता तिवारी चायल तहसील अध्यक्ष मदन केशरवानी राकेश कुमार केसरवानी मुन्ना सिंह यादव राकेश दिवाकर बृजेंद्र केसरवानी फैज अहमद राज कुमार समसुल हसन,शकील अहमद महेंद्र मिश्रा संजय कुमार मिश्रा नरेंद्र यादव रितेश कुमार जायसवाल शैलेंद्र कुमार मौर्य शिव कुमार मौर्य उत्तम मिश्रा अशोक कुमार मौर्य मंजीत सिंह बुदुल उर्फ शिव कुमार रजनीश कुमार सहित तमाम मौजूद पत्रकार साथी को माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया गया है भारतीय पत्रकार संघ की बैठक में उपस्थित पत्रकारों ने कार्यक्रम को संबोधित किया और अपने विचार व्यक्त किया है।

पॉकेट, बग्घी नही हमारे नेता का जन्म दिन जनता के बीच मनाया जाता है : धर्मराज मौर्य

अखंड भारत संदेश

सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत अनुसूचित बस्ती चौपाल एवं लाभार्थी सम्पर्क अभियान के बाद अनुसूचित जाति के घर में भोजन किया

अझुवा कौशांबी। अनुसूचित बस्ती चौपाल एवम लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्या ने नगर पंचायत अझुवा की अनुसूचित बस्ती(गिहारबस्ती) में चौपाल लगाकर मोदी सरकार की विभिन्न योजनाओं का विस्तार से वर्णन किया है उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा पहले मुख्यमंत्री, नेता अपना जन्म दिन पर कोई विदेश से बग्घी मंगाता था,कोई पॉकेट मनी इकट्ठा करता था लेकिन हमारे प्रधानमंत्री जनता के हित में सेवा पखवाड़ा कार्य क्रम के तहत कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे पदाधिकारी घर घर जाकर सरकार की योजनाओं का लाभ दिलवाने का प्रयास कर रहे हैं। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत अनुसूचित बस्ती चौपाल एवं लाभार्थी सम्पर्क अभियान के अन्तर्गत अझुवा मंडल के नगर पंचायत वार्ड नंबर शांतिनगर की गिहार बस्ती शक्तिकेन्द्र में आयोजित गोष्ठी में पदाधिकारीगणों द्वारा जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य का जोरदार स्वागत किया धर्मराज मौर्य ने उपस्थित लोगों को आभार और उपस्थित सभी लोगो को भाजपा सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओ की विस्तृत जानकारी दिया और घर घर जाकर सम्पर्क भी किया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने अनुसूचित जाति के मनोज गिहार के घर में भोजन भी ग्रहण किया इस दौरान नगर पंचायत अझुवा की चेयरमैन शांती देवी कुशवाहा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश कुशवाहा, शिव प्रताप मौर्य, प्रशांत केसरवानी अशोक गिहार, मनोज गिहार, गिरिराज कुशवाहा, सुरेश मौर्य सभासद प्रतिनिधि, रामबाबू मोदन वाल सभासद, फूल चंद्र केसरवानी सभासद, डा रामराज मौर्य, पप्पू गौतम, सुनील साहू, शत्रुघ्न गुप्ता, देश राज मौर्य,गुलाब लोधी, नरसिंह यादव, फारूक हसन उर्फ अच्छु भाई सहित सैकड़ों पदाधिकारी कार्य, कर्ता बस्ती की सैकड़ों महिलाएं पुरुष मौजूद रहे।

संपादक की कलम से

महिला आरक्षण विधेयक : शकुनि का पांसा

इस विधेयक के खिलाफ कोई नहीं है। महिलाओं को समानता की मांग करने वाला कभी उन्हें आरक्षण देने के खिलाफ हो भी नहीं सकता। इसकी नियमावली भी बाद में बनाई जा सकती है, लेकिन सवाल यह है कि इतने सालों तक सरकार में रही और संसद के अधिवेशनों में महिला विरोधी कदम उठाने वाली भाजपा को आज अचानक क्यों इस देश की महिलाओं के पक्ष में निर्णय लेने का ख्याल आ गया?

अंततः वोट कबाड़ने और सत्ता में बने रहने के लिये आखिरी पांसा भी फेंक दिया गया। 'मनुस्मति' को देश के संविधान से ऊपर मानने वाली, 'संविधान सभा' में हिंदू महिलाओं को अधिकार देने वाले 'हिंदू कोड बिल' के खिलाफ हंगामा करते हुये उसे पारित होने से रोकने वाली महिला विरोधी पलटन ने अंततः महिला आरक्षण के विधेयक को 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' के नाम से एक पांसे की तरह उछाल दिया है। इस विधेयक के खिलाफ कोई नहीं है। महिलाओं को समानता की मांग करने वाला कभी उन्हें आरक्षण देने के खिलाफ हो भी नहीं सकता। इसकी नियमावली भी बाद में बनाई जा सकती है, लेकिन सवाल यह है कि इतने सालों तक सरकार में रही और संसद के अधिवेशनों में महिला विरोधी कदम उठाने वाली भाजपा को आज अचानक क्यों इस देश की महिलाओं के पक्ष में निर्णय लेने का ख्याल आ गया? इसीलिए न कि अब लोकसभा और कई बड़े राज्यों के चुनाव सिर पर हैं। कई महिला संगठन इस विधेयक को पारित करने और महिलाओं को विधायिकाओं में अधिकार देने की कई सालों से मांग कर रहे थे। दिल्ली और देश के कई शहरों, कस्बों और इलाकों में इसकी मांग करते हुये प्रदर्शन हुये, सेमीनार हुये, महिलाओं की बैठकें हुईं। कांग्रेस के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार भी कोई दूध की धुली नहीं थी, लेकिन उस वक्त जब यह विधेयक राज्यसभा में पारित हुआ था तब लोकसभा में इसे पारित करने में अड़ंगे लगाने वाली भाजपा अब क्यों इस विधेयक को पारित करने का दिखावा कर रही है? वैसे किसी भी समाज या देश में बदलाव तभी होते हैं जब आम जनता उनके पक्ष में आवाज बुलंद करती है। देश के प्रगतिशील महिला आंदोलनों का ही परिणाम था कि प्रजातांत्रिक परंपराओं और धर्मनिपेक्षता की रक्षा करने के लिये संविधान में संशोधन होते रहे और कानून बनते रहे। 'राष्ट्रीय महिला आयोग' बना और हर राज्य में भी 'महिला आयोग' बने। देश में कामगार महिलाओं की दशा पर सरकार द्वारा एक अध्ययन करवाया गया और महिलाओं के पक्ष में कानून बनाने की कोशिश की गई। दहेज हिंसा को परिभाषित करते हुये 498 ए जैसा कानून बना, देश में घरेलू हिंसा को रोकने के लिये अलग कानून बनाया गया, कार्यस्थल पर यौन हिंसा के खिलाफ कानून बना, यौन हिंसा की परिभाषा विस्तृत की गई, पंचायतों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण देने के बाद उन्हें प्रशिक्षित किया गया और अब कई पंचायतों में महिलायें आधे से भी अधिक चुनी गई हैं।माना कि इन तमाम कानूनों में कई खामियां हैं, लेकिन इन खामियों को दूर करने के लिये आवाज उठाई जा रही है। कुल मिलाकर आज नहीं तो कल महिला आरक्षण विधेयक पारित होना ही था। जो भाजपा हर साल हजारों महिलाओं की जान लेने वाले दहेज अपराध को रोकने के लिये बने 498 ए कानून को कमजोर करने में लगी हो, वह कैसे इस कानून को बनायेगी और महिलाओं को विधायिकाओं में पहुंचने का रास्ता साफ करेगी।

क्यों बापू पसंद करते थे विद्यार्थियों से मिलना

आर.के.सिन्हा

महात्मा गांधी को विद्यार्थियों से मिलना-जुलना और उनसे बातें करना पसंद था। वे स्कूलों, कॉलेजों और विश्व विद्लायों में भी अक्सर जाते थे। वे एक बार मास्टर जी की भी भूमिका में आ गए थे। वे पहली बार 12 मार्च 1915 को राजधानी दिल्ली आए तो सेंट स्टीफंस कॉलेज में ठहरे। वे वहां पर छात्रों और फेक्ल्टी से भी मिले। उनके साथ सामयिक सवालों पर लंबी चचाएं की। दरअसल उन्हें दिल्ली प्रवास के दौरान सेंट स्टीफंस कॉलेज में रूकने का आग्रह उनके करीबी सहयोगी दीनबंधु सी.एफ.एंड्रयूज ने किया था। दीनबंध एंड्रयूज उसी दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी से जुड़े हुए थे जिसने सेंट स्टीफंस कॉलेज और सेंट स्टीफंस अस्पताल की स्थापना की थी। यहाँ के छात्रों पर गांधी जी और एंड्रयूज का असर न हो यह नहीं हो सकता। यहां की दीवारों पर अभी भी गांधीजी और एंड्रयूज के चित्र टंगे हैं। सेंट स्टीफंस कॉलेज की स्थापना दिल्ली में ब्रदरहुड ऑफ दि एसेंनडेंड क्राइस्ट ने सन 1877 में हुई थी। अब इसे दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी कहा जाता है। दिल्ली ब्रदरहु सोसायटी के फादर सोलोमन बताते हैं कि सेंट स्टीफंस कॉलेज को भले ही ब्रिटेन की एक मिशनरी ने शुरू किया पर इसकी भारत तथा यहां के लोगों के प्रति निष्ठा और समर्पण असंदिग्ध रहा। दीनबंधु एंड्रयूज ब्रिटिश नागरिक होते हुए भी भारत की आजादी के प्रबल पक्षधर थे। इसी से अंदाजा लग जाएगा कि सेंट स्टीफंस कॉलेज को खोलने वाली संस्था का मूल चरित्र किस तरह का है। गांधी जी यहां 1918 तक रहे । उन्हें यहां पर ब्रजकृष्ण चांदीवाला नाम के एक छात्र मिले जो आगे चलकर उनके पुत्रवत हो गए। उन्होंने ही गांधी जी की मृत्यु के बाद अंतिम बार स्नान करवाया था। गांधीजी का काशी से भी गहरा लगाव था। वे अपने जीवनकाल में 12 बार काशी आए। अपना पहला राजनीतिक उद्बोधन गांधीजी ने 5 फरवरी 1916 को बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में दिया था।

सेंट्रल हिंदू कॉलेज परिसर में काशी हिंदू विश्वविद्यालय का स्थापना समारोह मनाया जा रहा था। साथ में बीएचयू के संस्थापक पं. मदन मोहन मालवीय, एनी बेसेंट, दरभंगा के महाराजा रामेश्वर सिंह के साथ कई रियासतों के राजा वहां मौजूद थे। गुजराती वेशभूषा (धोती, पगड़ी और लाठी) में आए गांधीजी ने मंच से लोगों के सामने तीन बातें रखी थीं। गांधीजी ने कहा था- ह्वदेश की जनता, छात्र और आप सभी भारत का स्वराज कैसा चाहते हैं? कांग्रेस और मुस्लिम लीग के लोग स्वराज को लेकर क्या सोचते हैं, यह स्पष्ट होना चाहिए? इसी बीच गांधीजी की नजर वहां मौजूद राजाओं के आभूषणों पर पड़ी। उन्होंने कहा- अब समझ में आया कि हमारा देश सोने की चिड़िया से गरीब कैसे हो गया? आप सभी को अपने स्वर्ण जड़ित आभूषणों को बेचकर देश के जनता की गरीबी दूर करनी चाहिए। इस बीच,यह जानकारी भी कम लोगों को है कि गांधी जी मास्टर जी के भी भूमिका में रहे। राजधानी में उनकी पाठशाला चलती थी। वे अपने छात्रों को अंग्रेजी और हिन्दी पढ़ाते थे। उनकी कक्षाओं में सिर्फ बच्चे ही नहीं आते थे। उसमें बड़े-बुजुर्ग भी रहते थे। वे राजधानी के वाल्मिकि मंदिर परिसर में 214 दिन रहे। 1 अप्रैल 1946 से 10 जून,1947 तक। वे शाम के वक्त मंदिर से सटी वाल्मिकी बस्ती में रहने वाले परिवारों के बच्चों को पढ़ाते थे। उनकी पाठशाला में खासी भीड़ हो जाती थी। गांधी अपने उन विद्यार्थियों को फटकार भी लगा देते थे, जो कक्षा में साफ-सुथरे ढंग से तैयार हो कर नहीं आते थे। वे स्वच्छता पर विशेष ध्यान देते थे। वे मानते थे कि स्वच्छ रहे बिना आप शुद्ध ज्ञान अर्जित नहीं कर सकते। यह संयोग ही है कि इसी मंदिर से सटी वाल्मिकी बस्ती से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2 अक्तूबर 2014को स्वच्छ भारत अभियान की भी शुरूआत की थी।

बहरहाल वह कमरा जहां पर बापू पढ़ाते थे, अब भी पहले की तरह ही बना हुआ है। इधर एक चित्र रखा है, जिसमें कुछ बच्चे उनके पैरों से लिपटे नजर आते हैं। आपको इस तरह का चित्र शायद ही कहीं देखने को मिले। बापू की कोशिश रहती थी कि जिन्हें कतई लिखना-पढ़ना नहीं आता वे भी कुछ लिख-पढ़ सकें। इस वाल्मिकी मंदिर में बापू से विचार-विमर्श करने के लिए पंडित नेहरू से लेकर सीमांत गांधी खान अब्दुल गफ्फार खान भी आते थे। सीमांत गांधी यहां बापू के साथ कई बार ठहरे भी थे। अब भी इधर बापू के कक्ष के दर्शन करने के लिए देखने वाले आते रहते हैं। वाल्मिकी समाज की तरफ से प्रयास हो रहे हैं कि इधर गांधी शोध केन्द्र की स्थापना हो जाए। गांधी जी की संभवतः महानतम जीवनी ह्यदि लाइफ आफ महात्मा गांधीह्व के लेखक लुई फिशर भी उनसे वाल्मिकी मंदिर में ही मिलते थे। वे 25 जून,1946 को दिल्ली आए तो यहां पर बापू से मिलने पहुंचे थे। उस समय इधर प्रार्थना सभा की तैयारियां चल रही थीं। ह्यदि लाइफ आफ महात्मा गांधीह्व को आधार बनाकर ही फिल्म गांधी का निर्माण हुआ था। यही नहीं, गांधी जी के आशीर्वाद से ही जामिया मिल्लिया इस्लामिया यूनिवर्सिटी स्थापित हुई। वे इसके पहले करोल बाग और फिर ओखला के परिसरों में कई बार गए भी। महात्मा गांधी ने अगस्त 1920 में, असहयोग आंदोलन का ऐलान करते हुए भारतवासियों से ब्रिटिश शैक्षणिक व्यवस्था और संस्थानों का बहिष्कार करने का आह्वान किया था। गांधी जी के आह्वान पर, उस समय अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के कुछ अध्यापकों और छात्रों ने 29 अक्तूबर 1920 को जामिया मिल्लिया इस्लामिया की बुनियाद रखी। बाद में जामिया, अलीगढ़ से दिल्ली स्थानांतरित हो गया। ब्रिटिश शिक्षा और व्यवस्था के विरोध में बने, जामिया मिल्लिया इस्लामिया को धन और संसाधनों की बहुत कमी रहती थी। रजवाड़े और पैसे वाले लोग, अंग्रेजी हुकूमत के डर से इसकी आर्थिक मदद करने से कतराते थे। इसके चलते 1925 के बाद से ही यह बड़ी आर्थिक तंगी में घिर गया। ऐसा लगने लगा कि यह बंद हो जाएगा। लेकिन गांधी जी ने कहा कि कितनी भी मुश्किल आए, स्वदेशी शिक्षा के पैरोकार, जामिया को किसी कीमत पर बंद नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा, ह्यह्यजामिया के लिए अगर मुझे भीख भी मांगनी पड़े तो मैं भीख मांगूगा ह्व गांधी जी के सबसे छोटे पुत्र देवदास गांधी ने जामिया में एक शिक्षक के रूप में काम किया। गांधी जी के पोते रसिकलाल ने भी जामिया में पढ़ाई की। यह जरूरी है कि देश गांधी जी के व्यक्तित्व के इस पक्ष को भी जाने की वे छात्रों और नौजवानों के बीच में जाना पसंद करते थे।

भारत कनाडा मामले में अमेरिकी रुख पर दुनियां की नजरें

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां में जी-20 शिखर सम्मेलन दिल्ली घोषणापत्र,कुछल भारतीय नेतृत्व,तेजी से बढ़तीअर्थव्यवस्था बढ़ता जनसमर्थन, हर क्षेत्र में चौमुखी विकास सहित अनेक मुद्दों पर भारत की दस्तक महसूस की जा रही है,जिससे भारत की बॉस औरऑटोग्राफ की उपाधि सिद्ध होते जा रही है।बड़े बुजुर्गों का कहना हैकि घी गोदड़ी में छुपाकर खाना चाहिए वरना ज्वेलेसी रूपी नाग से भिड़ंत होते हुए कमजोर होने और सफलता फिसल जाने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। हम अनेक क्षेत्रों चाहे वह व्यापार व्यवसाय तकनीकी प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में देखते हैं कि आपसी ज्वेलेसी के चलते कंपटीशन, टांग खींचना जैसे कृत्य शुरू हो जाते हैं। वैसे अगर हम इस परिपेक्ष में वर्तमान नए भारत, दबंग प्रतिष्ठित बुलंद भारत को देखें तो स्वाभाविक है, सफलता में उन देशों को मजा ना आता हो और सामने होकर यारी दिलदारी और पीछे टांग खींचने की बारी से भी इनकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि आज हर देश अपना ओहदा उच्चपद रुतबा खोना नहीं चाहता इसके लिए यदि वह सामने से कुछ नहीं कर सकता तो, पर्दे के पीछे कुछ संभावनाएं बढ़ जाती है। परंतु सच तो सामने आकर ही रहता है,अगर भारत सच्चा है तो हमारे में कहावत है सचु त बीठो नचु यानें अगर हमसच्चे हैं तो भरे बाजार में लोगों के बीच अपनी सच्चाई का सबूत देकर खुशी से नाच सकते हैं। आज यह विषय हम इसलिए उठा रहे हैं क्योंकि भारत के रिश्ते अब तक पड़ोसी और विस्तारवादी देश से तल्खी में थे, परंतु विगत कुछ दिनों से कनाडा के साथ तल्खी चल रही है। इसलिए अब इस एंगल से सोचना जरूरी है, क्योंकि यह स्थिति जानबूझकर उठाई गई है या स्वाभाविक है इसे देखने की जरूरत है, क्योंकि कनाडा फाइव आइस, जी7 का सदस्य है, तो अमेरिका हमारा अत्यंत करीबी दोस्त है, जिसके लिए परीक्षा की घड़ी है कि इस मुद्दे को मिलकर सुलझाने की चेष्टा करें, क्योंकि भारत पश्चिमी देशों का सदस्य नहीं है परंतु पश्चिम से बहुत अच्छे रिश्ते हैं। परंतु दबी जबान से यह बात सामने आ रही है कि 28 सितंबर 2023 को वॉशिंगटन डीसी में भारत अमेरिका विदेश मंत्रियों की बैठक में अमेरिका ने इस मुद्देको उठाया है, जिसे बाहरी तौर पर साफ इनकार किया जा रहा है ,परंतु मोंटसेंशियल में कनाडा पीएम द्वारा भारत की तारीफ और अमेरिका द्वारा विदेश मंत्रियों की बैठक में मुद्दा उठाने की गारंटी वाली बात कह कर इसपर बल दिया हैऔर रणनीति कूटनीति की बू रही है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, कनाडा प्रकरण में अमेरिका की भूमिका, भारत को बेहद सतर्क रहने को रेखांकित करना जरूरी है।

साथियों बात अगर हम 28 सितंबर 2023 को वॉशिंगटन डीसी में भारत अमेरिका विदेश मंत्रियों की बैठक की करें, तो, संभावना जताई जा रही है कि, अमेरिका के विदेश मंत्री ने गुरुवार को समकश के साथ मीटिंग के वक्त निज्जर की हत्या का मुद्दा उठाया। रॉयटर्स के मुताबिक, एक अमेरिकी अधिकारी ने इस बात की पुष्टि की। अधिकारी ने बताया- उन्होंने भारत सरकार से मामले की जांच में सहयोग करने के लिए कहा है। की दूसरी तरफ,दोनों देशों के विदेश मंत्रियों में से किसी ने भी प्रेसवार्ता में मुलाकात का एजेंडा सार्वजनिक नहीं किया। हालांकि एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया की इस दौरान कनाडा के पीएम के लगाए आरोपों का मामला विदेशमंत्री ने सामने रखा। मीडिया में रिपोर्ट के अनुसार, नाम न बताए जाने की शर्त पर अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि ब्लिंकन ने भारत को कनाडाई जांच में सहयोग करने का आश्वासन दिया है। वहीं विदेश विभाग के प्रवक्ता ने इस मुद्दे पर भारत सरकार के साथ लगातार बातचीत और उनसे सहयोग करने का आग्रह किया है।

गौरतलब है कि इससे पहले विदेश मंत्री ने बीते दिनोंकनाडा के आरोपों पर सबूत देने की बात कही थी। उन्होंने कनाडाई पीएम के आरोपों पर कहा था कि अगर आपके पास विशिष्ट जानकारी है, अगर आपके पास कुछ प्रासंगिक है, तो हमें बताएं। हम इसे देखने को तैयार हैं। वे आगे ये भी बोले कि अभी तस्वीर पूरी बन नहीं पा रही है क्योंकि संदर्भ का पता नहीं। इसके साथ ही उन्होंने आईना दिखाते हुए ये भी कहा था कि राजनीतिक कारणों से खालिस्तानियों के प्रतिकनाडा काफी उदार है। साथ ही वह इस दौरान कनाडा में भारतीय राजनियकों को मिलने वाली धमकी और भारतीय वाणिज्य दूतावासों पर हमलों पर भी चिंता जताई थीं।

साथियों बात अगर हम अमेरिका की करें तो,जहां एक तरफ चीन के डर के कारण भारत के साथमजबूत सामरिक संबंध बनाना चाहता है तो वहीं दूसरी तरफ भारत की एकता और अखंडता को चुनौती देने वाले आतंकवादी तत्वों को पनाह देने वाले कनाडा का साथ की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। अमेरिका दशकों तक भारत को परेशान करने के लिए पाकिस्तान का भी इसी तरह से इस्तेमाल करता रहा है। लेकिन भारत बदल रहा है और अब समय आ गया है कि अमेरिका और उसके सहयोगी देशों को यह साफ-साफ बता दिया जाए कि सामरिक साझेदारी, व्यापार और आर्थिक समझौता भारत के लिए महत्वपूर्ण हो सकता है लेकिन यह भारत की एकता अखंडता और संप्रभुता से बढ़कर ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं है और यह बात अमेरिका और उसके सहयोगी देश जितनी जल्दी समझ ले उतना ही यह विश्व की शांति के लिए बेहतर होगा। चीन की आक्रामक नीति से परेशान अमेरिका एक तरफ जहां भारत को अपने एक मददगार देश के तौर पर देख रहा है, दोनों ही देश चीन की आक्रामक नीतियों के खिलाफ एकजुट हो रहे हैं, संयुक्त सैन्याभ्यास कर चीन को संकेत दे रहे हैं, आर्थिक मोर्चे पर लगातार नए-नए समझौते कर आर्थिक संबंधों को मजबूत कर रहे हैं। यहां तक कि रक्षा क्षेत्र में भी कई विकल्प होने के बावजूद भारत अमेरिका के साथ रक्षा समझौते कर उसकी अर्थव्यवस्था को मदद देने का काम कर रहा है लेकिन इसके बावजूद अमेरिका की चुप्पी ने भारत को सतर्क कर दिया है।निज्जर हत्याकांड में कनाडा द्वारा लगाए गए बेतुके आरोप की वजह से भारत और कनाडा के रिश्तों पर तो बुरा असर पड़ ही रहा है।लेकिन इस पूरे मामले में कई जानकारी के सामने आने के बाद अब अमेरिका के रुख को भी लेकर कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं।

साथियों बात अगर हम कनाडाई पीएम का मोंट्रियल में दिए गए वक्तव्य की करें तो, कनाडाई पीएम ने कहा किउन्हें अमेरिका से आश्वासन मिला है कि विदेश मंत्री गुरुवार को वाशिंगटन में भारतीय विदेश मंत्री के साथ बैठक के दौरान निज्जर हत्या में भारत की भूमिका के बारे में सार्वजनिक रूप से लगाए गए आरोपों को उठाएंगे। मीडिया के मुताबिक, पीएम ने कहा कि अमेरिका भारत सरकार से बात करने में हमारे साथ रहा है। उन्होंने कहा, यह कुछ ऐसा है जिसे सभी लोकतांत्रिक देशों और कानून के शासन का सम्मान करने वाले सभी देशों को गंभीरता से लेने की जरूरत है। आगे कहा, हम भारत सरकार के प्रति अपने दृष्टिकोण सहित अपने सभी साझेदारों के साथ कानून के शासन में रहते हुए एकविचारशील जिम्मेदार तरीके से आगे बढ़ रहे हैं।

उन्होंने कहा,भारत एक बढ़ती हुई आर्थिक शक्ति और महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक खिलाड़ी है। जैसा कि हमने पिछले साल अपनी इंडो-पैसिफिक रणनीति में कहा था कि हम भारत के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने को लेकर बहुत गंभीर हैं। जाहिर तौर पर कानून के शासन वाले देश के रूप में, हमें इस बात पर जोर देने की जरूरत है कि भारत को यह सुनिश्चित करने के लिए कनाडा के साथ काम करने की जरूरत है कि हमें निज्जर के मामले के पूरे तथ्य मिलें। कनाडा के पीएम ने भारत से गतिरोध के बीच कहा है कि कनाडा अभी भी भारत के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। एक बार फिर कथित आरोपों को लेकर कहा कि खालिस्तानी आतंकवादी निज्जर की हत्या मेंभारत सरकार की संलिप्तता के विश्वसनीय आरोपों के बावजूद कनाडा अभी भी भारत के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत के दुनिया भर में बढ़ते प्रभाव की ओर इशारा करते हुए ट्रूडो ने कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि कनाडा और उसके सहयोगी भारत के साथ जुड़े रहें। मॉन्ट्रियल में एक प्रेस कांफ्रेंस में बोलते हुए ट्रूडो ने कहा कि उन्हें लगता है कि यह बेहद महत्वपूर्ण है कि कनाडा और उसके सहयोगी विश्व मंच पर भारत के बढ़ते महत्व को देखते हुए उसके साथ रचनात्मक और गंभीरता से जुड़ते रहें। उन्होंने ये भी कहा कि साथ ही कानून के शासन वाले देश के रूप में हम चाहते हैं कि भारत, कनाडा के साथ मिलकर काम करे, आगे कहा किअमेरिका हमारे साथ है और वह भारत के सामने कनाडा की धरती पर कनाडाई नागरिक की हत्या के मामले को उठा रहा है। आगे कहा कि सभी लोकतांत्रिक देश चाहते हैं कि, सभी देश उनके कानून का सम्मान करें और उसे गंभीरता से लें। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि भारतअमेरिका यारीकनाडा मामले पर कूटनीतिक हल निकालने की बारी।भारत कनाडा मामले में अमेरिकी रुख पर दुनियां की नजरें।कनाडा प्रकरण में अमेरिका की भूमिका - भारत को बेहद सतर्क रहने की आवश्यकता को रेखांकित करना जरूरी

-संकलनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र

3

वैचारिक गिरावट की ओर तेजी से दौड़ती भाजपा

- जगदीश रत्तनानी

संसद में बनाई गई स्थिति से बाहर निकलने का एक आसान तरीका है। भाजपा नेतृत्व माफी मांग सकता है, प्रधानमंत्री सहित उसके वरिष्ठ नेता दानिश अली से मिल सकते हैं और उन्हें तथा राष्ट्र को आश्वस्त कर सकते हैं कि ऐसा दोबारा नहीं होगा एवं अपमानित करने वाले को उचित सजा दी जाएगी। भाजपा में शामिल और पार्टी के समर्थक लोगों में से कितने लोग सोचते हैं कि ऐसा रास्ता संभव है, वांछनीय है और यहां तक कि भाजपा के लिए लाभदायक भी है? दक्षिण दिल्ली से भारतीय जनता पार्टी के सांसद रमेश बिधूड़ी द्वारा बसपा सांसद कुंवर दानिश अली के खिलाफ कहे गए अपमानजनक और सांप्रदायिक अपशब्द ऐसी भाषा है जो सड़कों पर भी कही जाने योग्य नहीं है और जिसे प्रतिबंधित किया जाना चाहिए, यह भाषा सत्ता पक्ष की ओर से संसद में बोली जा रही है। इस तरह की भाषा बहस के स्तर की गिरावट का प्रतिनिधित्व करती है। इस स्तर पर भाजपा प्रतिस्पर्धी सांप्रदायिकता और ध्यान आकर्षित करने की बीमारी में फंस गई है। इसके कुछ महत्वाकांक्षी सदस्य खतरनाक तरीकों से मंच हथियाने की कोशिश कर रहे हैं। बिधूड़ी के खिलाफ कड़ी और त्वरित कार्रवाई की कमी इस तरह के दुरुपयोग को वैध बनाती है। यह वास्तव में दूसरों को संदेश देती है कि इस कीचड़ में खेलना और 2024 के चुनावों की तैयारी के दौरान सांप्रदायिक घृणा के बढ़ते प्रसार में योगदान देना ठीक है। इसका हालिया उदाहरण भाजपा के एक अन्य सांसद का यह दावा है कि बिधूड़ी को उकसाया गया था। वह बयान भी इस मामले को और सांप्रदायिक बनाने का एक प्रयास है।बिधूड़ी के अकथनीय और उग्र शब्द उस वक्त आए जब वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बचाव करते हुए दिखाई दिए। इसे सामान्य परिस्थितियों में और आदर्श रूप से प्रधानमंत्री के अपमान के रूप में देखा जाना चाहिए।

आरोप का जवाब देने के अन्य तरीके भी हैं। विवाद उस समय शुरू हुआ जब प्रधानमंत्री ने चन्द्रमा मिशन का श्रेय इसरो को देने के बजाय इसका क्रेडिट खुद लिया। अपशब्दों का प्रयोग कर आरोपों का खंडन करने से कोई फायदा नहीं होता है बल्कि इससे आरोप सही साबित होते हैं। आरोपों के गुण-दोषों की परवाह न करते हुए देखें तो ऐसी हरकतों से प्रधानमंत्री और पार्टी को नुकसान होता है और इससे नेतृत्व को शॉक लगना चाहिए। इसके अलावा बिधूड़ी ने अपनी असभ्यतापूर्ण हरकत से संसद के नए भवन में संसद के पहले सत्र को ही अपवित्र कर दिया जिसे भाजपा अपनी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में पेश कर रही थी। बिधूड़ी ने भाजपा की इस उपलब्धि का अपहरण कर लिया है। खुद प्रधानमंत्री ने संसद की नई इमारत को 'सिर्फ एक नई इमारत नहीं बल्कि एक नई शुरूआत का प्रतीक' कहा है। बिधूड़ी ने उस 'नई शुरूआत' को एक बहुत ही अशुभ अर्थ दे दिया। उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम यानी महिला आरक्षण विधेयक से भी ध्यान हटा दिया जिसे प्रधानमंत्री ने एक ऐतिहासिक कानून तथा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने वाला कहा था। बिधूड़ी की टिप्पणी उन पर कड़ी कार्रवाई करने के लिए पर्याप्त होनी चाहिए। कारण बताओ नोटिस जारी होने के बाद रविवार रात तक बिधूड़ी पर कार्रवाई न होना कई सवाल खड़े करता है। इसमें मुख्य बात भाजपा की नई प्रकृति और चरित्र ही होना चाहिए क्योंकि वह 2024 का चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। भाजपा को पूरा भरोसा है कि वह सत्ता में वापसी करेगी परन्तु ऐसा नहीं है कि उसे राहुल गांधी की ओर से मिलने वाले 'सरप्राईज' को लेकर कोई चिंता नहीं होगी। विपक्ष की एकजुटता को भले ही कुछ लोग एकजुट उपस्थिति के बजाय एक पैचवर्क समाधान के रूप में खारिज कर रहे हों लेकिन इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस एकजुटता ने भाजपा को चिंता में डाल दिया है। सत्ता-विरोधी एक मजबूत लहर भी चल रही है।

वृद्धावस्था को सजा नहीं, रचनात्मक मजा बनाये

- ललित गर्ग -

अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस जिसे बुजुर्ग दिवस, वरिष्ठ नागरिक दिवस, प्रौढ़ दिवस अथवा वृद्धजन दिवस भी कहा जाता है, प्रत्येक वर्ष 1 अक्टूबर को मनाया जाता है। यह दिवस अपने वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान करने, उनके वार्धक्य को सुखद बनाने एवं उनके सम्बन्ध में चिंतन करने के लिये मनाया जाता है। आज का वृद्ध समाज अत्यधिक कुंठाग्रस्त एवं उपेक्षित है और सामान्यतः इस बात से सर्वाधिक दुःखी है कि जीवन का विशद अनुभव होने के बावजूद कोई उनकी राय न तो लेना चाहता है और न ही उनकी राय को महत्व ही देता है। इस प्रकार अपने को समाज में एक तरह से निष्प्रयोज्य समझे जाने के कारण हमारा वृद्ध समाज सर्वाधिक उपेक्षित, दुःखी, प्रताड़ित रहता है। वृद्ध समाज को इस दुःख और संत्रास से छुटकारा दिलाना आज की सबसे बड़ी जरुरत है। इस दिशा में ठोस प्रयास किये जाने की बहुत आवश्यकता है। संयुक्त राष्ट्र ने विश्व में बुजुर्गों के प्रति हो रहे दुर्व्यवहार और अन्याय को समाप्त करने के लिए और लोगों में जागरुकता फैलाने के लिए 14 दिसम्बर, 1990 को इस दिवस को मनाने का निर्णय लिया और 1 अक्टूबर, 1991 को पहली बार यह दिवस मनाया गया, जिसके बाद से इसे हर साल इसी दिन मनाया जाता है। प्रश्न है कि दुनिया में वृद्ध दिवस मनाने की आवश्यकता क्यों हुई? क्यों वृद्धों की उपेक्षा एवं प्रताड़ना की स्थितियां बनी हुई है? चिन्तन का महत्वपूर्ण पक्ष है कि वृद्धों की उपेक्षा के इस गलत प्रवाह को रोके। क्योंकि सोच के गलत प्रवाह ने न केवल वृद्धों का जीवन दुश्वार कर दिया है बल्कि आदमी-आदमी के बीच के भावात्मक फासलों को भी बढ़ा दिया है। वृद्धावस्था जीवन की सांझ है। वस्तुतः वर्तमान के भागदौड़, आपाधापी, अर्थ प्रधानता व नवीन चिन्तन तथा मान्यताओं के युग में जिन अनेक विकृतियों, विसंगतियों व प्रतिकूलताओं ने जन्म लिया है, उन्हीं में से एक है वृद्धों की उपेक्षा। वस्तुतः वृद्धावस्था तो वैसे भी अनेक शारीरिक व्याधियों, मानसिक तनावों और अन्यान्य व्यथाओं भरा जीवन होता है और अगर उस पर परिवार के सदस्य, विशेषतः युवा परिवार के बुजुर्गों/वृद्धों को अपमानित करें, उनका ध्यान न रखें या उन्हें मानसिक संताप पहुँचाएं, तो स्वाभाविक है कि वृद्ध के लिए वृद्धावस्था अभिशाप बन जाती है। इसीलिए तो मनुस्मृति में कहा गया है कि-ह्वजब मनुष्य यह देखे कि उसके शरीर की त्वचा शिथिल या ढीली पड़ गई है, बाल पक गए हैं, पुत्र के भी पुत्र हो गए हैं, तब उसे सांसारिक सुखों को छोड़कर वन का आश्रय ले लेना चाहिए।

दुनिया भारत व मोदी का मान रही लोहा: लवकुश

मोदी-योगी बिना भेदभाव के दे रहे लाभ: सांसद-भाजपा बूथ सशक्तिकरण अभियान शुरू

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। भाजपा ने बूथ सशक्तिकरण व अनुसूचित जाति बस्ती में सम्पर्क अभियान के तहत कार्यक्रमों में बरगढ मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह की अध्यक्षता में कार्यकर्ता बैठक हुई। बतौर मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी व सांसद आरके सिंह पटेल ने बरगढ मंडल के कोलमजरा व मऊ के अम्बेडकर नगर वार्ड मे अनुसूचित जाति बस्ती में सम्पर्क कर समस्यायें जानी। शनिवार को भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कार्यकताओं व कोलमजरा तथा मऊ में अम्बेडकर नगर में अनुसूचित जाति बस्ती में सम्पर्क कर कहा कि सभी मडंलो के बूथों के सशक्तिकरण का काम हो रहा हैं। मंडल वार प्रवासी मंडलो की बैठक कर बूथो को सक्रिय किया जायेगा। अनुसूचित बस्तियों में घर-घर सम्पर्क करेंगे। जिलाध्यक्ष ने कहा कि मोदी की अगुवाई में भारत का मान दुनिया में बढ रहा है। दुनिया भारत का व मोदी जी का लोहा मान रही है। योगी की कानून व्यवस्था से अपराधियों ने प्रदेश छोड दिया या जेलों मे बंद है। 2024 मे मोदी की अगुवाई में तिबारा भाजपा सरकार बनाने का सभी सकल्प लें। सांसद आरके सिंह पटेल ने मऊ मे अम्बेडकर नगर मे अनुसूचित जाति बस्ती में कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार व प्रदेश की योगी सरकार बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों को जनहित की योजनाओ का लाभ दे रही है। पूर्ववर्ती सरकारों में अनुसूचित जाति के वोट लेने को पूंछा जाता था, फिर कोई सुध लेने वाला नही होता था। मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह ने सभी का आभार जताया। कार्यक्रम में खासतौर पर चेयरमैन मऊ अमित द्विवेदी, जिला पंचायत सदस्य विनीत द्विवेदी, तीरथ तिवारी, सुरेश अनुरागी, संजय पाडे, बालाजी, हरिकेश बहादुर सिंह, श्याम नरायण शुक्ला, श्रवण कुमार त्रिपाठी, सतोष मिश्रा, शारदा अग्रहरी, पुनीत मिश्रा, विनीत शुक्ला, तुलसीदास पाडे, धीरेन्द्र मिश्रा, सत्यप्रकाश गौतम, रामप्रकाश कोरी आदि मौजूद रहे।

सीएम योगी पस्त-एसडीएम रामजन्म यादव मस्त

योगी सरकार की जनता पस्त, एसडीएम रामजन्म यादव मस्त- भूमिधरी को सरकारी भूमि बताकर करते हैं खेल-तहजीब बिकती है, फरमान बिकते हैं

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। सच कोने में है दुबका, दरारों से झांक रहा है। झूंठ मद्मस्त हो, चैराहे पर नाच रहा है- ऐसा ही कुछ आलम इन दिनों मानिकपुर तहसील के हैं। एसडीएम रामजन्म यादव ने जब से तहसील मानिकपुर का कार्यभार संभाला है, तब से तहसील में कोई भी कार्य बिना लेन-देन के नहीं हो रहे। तहसील कमाई का डेरा बना है। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कडे निर्देश हैं कि हर-हाल में भूमि बैनामों का नामांतरण छह माह में हो जाये, लेकिन मानिकपुर तहसील में आठ माह से एक साल तक के नामांतरण लम्बित हैं। कह सकते हैं कि योगी सरकार में योगी की जनता पस्त है, एसडीएम रामजन्म यादव अपनी चाल में मस्त हैं।

ऐसा ही एक मामला शनिवार को मानिकपुर तहसील के अमचुर नेरुआ का सामने आया है। बताया गया कि योगी सरकार के निदेर्शों का तहसील में रंचमात्र पालन नहीं हो रहा। जिला मुख्यालय के पुरानी बाजार की निधि पाण्डेय व प्रियंका मिश्रा ने फरवरी माह में ढाई बीघा भूमि अमचुर नेरुआ में जगजीत सिंह से बैनामा ली थी। नामांतरण कराने को मानिकपुर तहसील में आवेदन दिया था। पहले तो तहसील कर्मी हीलाहवाली करते रहे। मामला उछलने पर एसडीएम रामजन्म यादव ने अमचुर नेरुआ की प्रधान प्रिया द्विवेदी से इस मामले में आपत्ति दर्ज करवा दी। प्रधान ने आपत्ति में लिखा कि 231/2 मि में ग्राम समाज का सडक के दोनों ओर कब्जा है। बिना किसी साक्ष्य एवं सबूत के भूमिधरी को ग्राम समाज की जमीन बताते हुए दाखिल-खारिज रोकने को कहा है। इस बाबत एसडीएम रामजन्म यादव ने कहा कि रिकार्ड देखकर बतायेंगे, जबकि उन्हें मौके पर देखना चाहिए कि वास्तव में ग्राम समाज का कब्जा है या नहीं। जबकि पूर्व एसडीएम प्रमेश श्रीवास्तव ने अपनी आख्या में लिखा है कि मौके पर जगजीत सिंह की चहारदीवारी है।

मानिकपुर तहसील में ऐसे फर्जी व बेबुनियाद कागजों के

हवाले से लोगों के दाखिल-खारिज रोके जाते हैं या निरस्त किये जाते हैं। बाद में ऐसे मामलों में भारी लेन-देन कर वाद को निस्तारित कर दिया जाता है। ऐसा ही अमचुर नेरुआ में जगजीत सिंह से ही बैनामा लेने वाले धर्मेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र मान सिंह निवासी जरिहा तहसील कर्वी के वाद में नवम्बर माह में साक्ष्यों के अभाव में खारिज कर 12 अप्रैल 2023 को नामांतरण कर दिया गया। जाहिर है कि ये सब कार्यवाही लेन-देन के खातिर की जा रही है। इस बारे में एसडीएम यादव ने कहा कि

नामांतरण की जिम्मेदारी तहसीलदार की है। मानिकपुर तहसील में तहजीब बिकती है, यहां फरमान बिकते हैं, जरा तुम दाम तो बोलो यहां ईमान बिकते हैं- बस फिलहाल आज इतना ही।

तहसील में हर कार्य की निर्धारित हैं दरें

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। मानिकपुर तहसील में हर काम की दरें तय हैं। लेखपाल नामांतरण में पांच हजार रुपये लेकर आख्या लगाता है। क्रमशः नामांतरण करने में तीस हजार से दो लाख रुपये तक वसूले जाते हैं। मानिकपुर तहसील कर्मियों के क्रियाकलापों से तहसील जाने वाले ग्रामीण व लोग बुरी तरह त्रस्त हैं, एसडीएम मस्त हैं और योगी सरकार की जनता पस्त है।

बेदखली से बचने को हांके चलती प्रधान

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। मानिकपुर तहसील के अमचुर नेरुआ गांव की प्रधान प्रिया द्विवेदी क्यों एसडीएम के हांके चल रही है? अहम वजह ये है कि प्रिया के पति मनोज द्विवेदी अमचुर नेरुआ में सडक किनारे पक्का घर बनाये हैं। इस घर का न कोई बैनामा है और न कोई अभिलेख हैं। ये घर विशुद्ध रुप से ग्राम समाज की जमीन पर बना है। प्रशासन को इसे बेदखल करना चाहिए। एसडीएम ऐसा न कर दबाव में लेकर प्रधान से जो चाहते हैं, लिखवाकर ले लेते हैं। ऐसा नहीं तो सीएम योगी के कडे निर्देश ग्राम समाज की जमीन से लोगों को बेदखल किया जाये। क्यों प्रधान का घर गिराने की कार्यवाही एसडीएम नहीं कर रहे?

दो को चलेगा जागरूकता अभियान

अखंड भारत संदेश

मऊ/चित्रकूट। अपर जिला जज/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव फारुख इनाम सिद्दीकी ने मऊ में दो अक्टूबर को स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाने की बाबत तहसीलदार मऊ को पत्र भेजा है। इसी क्रम में तहसीलदार मऊ राजेश यादव ने खंड शिक्षाधिकारी व महामति प्राणनाथ महाविद्यालय के प्रबंधक तथा प्रधानाध्यापक अहिरी शारदेन्दु शुक्ला को भेजे पत्र में कहा है कि आठ अक्टूबर तक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान चलाया जायेगा।

निबंधन कार्यालय को मिली व्हीलचेयर

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी/इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी अध्यक्ष अभिषेक आंनद ने दिव्यांगों व बुजुर्गों की सुविधा के मद्देनजर रेड क्रॉस सोसायटी की ओर से उपनिबंधक कार्यालय को अत्याधुनिक व्हील चेयर कम ट्राई साइकिल भेंट करने पर कहा कि सोसायटी सचिव केशव शिवहरे दिव्यांगो की मदद को ये कार्य किया है।

शनिवार को जिलाधिकारी ने कहा कि रजिस्ट्री बैनामा आदि में बायोमैट्रिक स्थल तक जाने को बुजुर्गों को दिक्कतें होती थी। ऐसे में निबन्धन कार्यालय में व्हील चेयर कम ट्राई साइकिल की आवश्यकता थी। उपनिबंधन कार्यालय को ये व्हील चेयर दी गई है। इससे दिव्यांगो, बुजुर्गों एवं परिजनों को लाने ले जाने में सुविधा होगी। जरूरत अनुसार अन्य कार्यालयों में भी ये सुविधा दी जायेगी। दिव्यांगों-बुजुर्ग जो चलने में असमर्थ हैं, ऐसे लोगों को स्कूल-कॉलेजों, कार्यालयों, अस्पतालों व अन्य स्थलों में ऐसी सुवधायें अनिवार्य रुप से होनी चाहिए।

उपनिबंधक राजेश सिंह ने कहा कि रेड क्रॉस सोसायटी की प्रदत्त ये सुविधा जरुरतमंदो को लाभकारी साबित होगी। इस मौके पर सीडीओ अमृतपाल कौर, सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, एआईजी आरराम सुन्दर यादव, सब रजिस्ट्रार राजेश सिंह, सूचना अधिकारी सुरेन्द्र कुमार, रेड क्रॉस सोसायटी सचिव केशव शिवहरे आदि मौजूद रहे।

पाल समाज को न्याय दिलाने को आया आभास महासंघ

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। रैपुरा थाने के रामनगर के राजेंद्र पाल के परिवार को 25 सितम्बर को दबंगों ने मारपीट कर गाली- गलौज कर पत्थर, लाठी-डंडे चलाये थे। इस बाबत रैपुरा थाना प्रभारी ने रिपोर्ट नहीं दर्ज की।

इस मामले को लेकर आभास महासंघ व पाल महासभा के पदाधिकारियों ने पीड़ित परिवार को लेकर पुलिस अधीक्षक व जिलाधिकारी को सौंपे पत्र में दबाव बनाया था। तब दबंगों के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई। थाना प्रभारी ने पीड़ित परिवार से हलफनामा लेकर समझौते का दबाव बनाया। पीड़ित परिवार के समझौता न करने पर थाना प्रभारी ने क्रास केस दर्ज कर लिया।

आभास महासंघ के जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार सनेही ने पीड़ित परिवार को लेकर जिलाधिकारी के पास पहुंचे। जिलाधिकारी से भेंटकर घटना की जानकारी दी। मांग किया कि राजेन्द्र पाल व परिजनों पर लगे मामले वापस लिये जायें। विवेचक को बदला जाए। दबंगों की गिरफ्तारी हो। जिलाधिकारी ने भरोसा दिया कि पीड़ित परिवार को न्याय मिलेगा। आरोपी जेल जायेंगे। इस मौके पर पीड़ित परिवार समेत शनि वर्मा, एआरपी भाई आदि मौजूद रहे।

चार को जंतर-मंतर जायेंगी आंगनबाडियां

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। आंगनबाडी कर्मचारी एवं सहायिका एसोसिएशन की जिलाध्यक्ष ऊषा द्विवेदी ने जिला स्तरीय बैठक में निर्णय लिया कि अखिल भारतीय आंगनबाडी कर्मचारी संघ चार अक्टूबर को जंतर-मंतर दिल्ली में धरना प्रदर्शन में भारी तादाद में हिस्सा लेंगी।

शनिवार को एसोसिएशन के अध्यक्ष ऊषा द्विवेदी ने बताया कि बैठक में तय हुआ है कि चार अक्टूबर के जंतर-मंतर के धरना प्रदर्शन में भारी तादाद में आंगनबाडी एवं सहायिका हिस्सा लेने जायेंगी। ये धरना प्रदर्शन सिविल अपील संख्या 3153 सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के अनुपालन भारत सरकार के न करने की बाबत दस सूत्रीय मांगों से संबंधित है। बैठक में महामंत्री सावित्री देवी, आरती पाण्डेय, दुर्गावती, केतकी देवी, अनीता सिंह, ममता देवी, गोमती आदि मौजूद रहीं।

किसानों को करें जागरूक, पराली जलाना है अपराध: डीएम

डीएम ने बैठक कर दिये निर्देश

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कृषि विभाग से संचालित विभिन्न योजनाओं की बैठक में कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, भू लेखांकन, ई केवाईसी एवं आधार फीडिंग में पंचायत सहायक व कृषि विभाग से संबंधित कार्य करने वाले को सभी पावर बैंक दें।

शनिवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि फसल प्रबंधन एवं फसल अवशेष जलाने की बाबत उप कृषि निदेशक को निर्देश दिये कि जिले में होने वाली गोष्ठियों व चैपालों से फसल अवशेष जलाने के दुष्परिणाम एवं कानूनों के बारे में जानकारी दें। किसानों को जागरूक करें। कहा कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण आदेश अनुसार फसल अवशेष जलाना दंडनीय अपराध है। जिले में प्रयोग होने वाली प्रत्येक कंबाइन हार्वेस्टर समेत कृषि विभाग, ग्राम विकास, राजस्व विभाग के कर्मचारी नामित है। कोई भी कंम्बाइन हार्वेस्टर सुपर एक्स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम अथवा एक्स्ट्रा रीपर अथवा एक्स्ट्रा रेक एवं बेलर या अन्य फसल यंत्रों के बिना चलती मिलने पर तत्काल सीजकर कंबाइन मालिक के खुद के खर्चे पर सुपर एक्स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम लगवाकर ही छोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि धान की पराली को खेत में कम्पोस्ट बनाने का प्रचार किया जाये। एसडीएम राजापुर, मऊ को निर्देश दिये कि इन क्षेत्रों में धान की पैदावार होती है। लेखपाल-प्रधानों के साथ बैठक करें। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एसडीएम मऊ राकेश पाठक, राजापुर प्रमोद कुमार झा, उप कृषि निर्देशक राजकुमार, जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सुभाष चंद्र, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक तुलसीराम आदि मौजूद रहे।

पुलिस ने तमंचा समेत एक दबोचा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र कुमार की अगुवाई में दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी ने शिवभारत पुत्र स्व बाबूलाल निवासी पनौटी के कब्जे से एक तमंचा 12 बोर व कारतूस समेत गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ थाने में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी, दरोगा शिवमणि मिश्रा, सिपाही राहुल पुरी व महिला सिपाही रचना प्रजापति शामिल रहीं।

सरधुवा पुलिस ने दो के कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब की बरामद

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र सिंह की अगुवाई में पुलिस ने दो लोगों के कब्जे से 20 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया।

शनिवार को दरोगा राजेश कुमार राय ने सिपाही अमित कुमार व बब्बू राजा के साथ कृष्ण कुमार पुत्र रामस्वरुप निवासी लोधन का डेरा मजरा पनौटी के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया। इस क्रम में दरोगा दिनेश कुमार पाण्डेय ने सिपाही अतुल कुमार व धर्मेन्द्र कुमार के साथ भइयालाल पुत्र स्व बोधन निषाद निवासी हरिशनपुर के कब्जे से दस लीटर महुआ शराब बरामद कर थाने में आबकारी अधिनियम के तहत दोनों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

तीन जुआरियों को पुलिस ने दबोचा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्रा की अगुवाई में वरिष्ठ दरोगा रामवीर सिंह की टीम ने नांदिन कुर्मियान गांव से ताश के पत्तों से हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते सुरेश कुमार गुप्ता पुत्र रामचंद्र गुप्ता निवासी डेरा थाना बारा जिला प्रयागराज, संजय सोनकर पुत्र वकील सोनकर, पुरुषोत्तम जायसवाल पुत्र संतोष कुमार जायसवाल निवासी नांदिन कुर्मियान को गिरफ्तार किया है। जुआरियों के कब्जे से मालफड 12500 रुपये व ताश के 52 पत्ते, जामा तलाशी से 3840 रुपये बरामद किये। थाने में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। टीम में वरिष्ठ दरोगा रामवीर सिंह, दीवान मनोज कुमार, सिपाही अजय वर्मा व रोहित कुशवाहा शामिल रहे।

हत्या का मामला दर्ज न होने पर लगाया जाम, सीओ ने खुलवाया जाम

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। कर्वी कोतवाली के लौढियाखुर्द गांव में 30 वर्षीय महिला की हत्या के मामले में रिपोर्ट दर्ज न करने पर नाराज ग्रामीणों ने झांसी-मिजार्पुर राजमार्ग पर जाम लगा दिया। सीओ हर्ष पाण्डेय के समझाने-बुझाने पर ग्रामीणों ने जाम खोला।

शनिवार को कोतवाली कर्वी के इटरौर गांव के शिवचरण की पुत्री का विवाद दस साल पहले लौढियाखुर्द में सोनू के साथ हुआ था। पति ने पत्नी की हत्याकर रेलवे ट्रैक में फेंक दिया था। मृतका के मायके पक्ष ने आरोप लगाया कि कर्वी कोतवाली में रिपोर्ट नहीं दर्ज हो रही थी। मायके पक्ष ने पुरानी कोतवाली चैराहे के पास सडक पर शव रखकर जाम लगा दिया। इससे आधे घंटे तक आवागमन ठप रहा। जाम की सूचना मिलने पर सीओ सिटी हर्ष पाण्डेय ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाने में सफलता प्राप्त की।

बरगढ पुलिस ने दो चोरों को दबोच किया खुलासा

दो फोन चोरी के रुपये व मोटरबाइक बरामद

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ मऊ राजकमल की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक बरगढ अंजनी कुमार सिहं की अगुवाई में चैकी प्रभारी हरदीकला प्रभुनाथ सिंह की टीम ने चोरी की घटना का खुलासा किया है। उन्होंने दो चोरों के कब्जे से चोरी के दो फोन व तीन हजार रुपये व घटना में प्रयुक्त मोटरबाइक समेत गिरफ्तार किया है।

ज्ञात है कि 28 सितम्बर को अम्बेदकर राव सिंह पुत्र परशुराम सिंह निवासी मुरका ने बरगढ़ थाने में

रामलखन यादव पुत्र स्व चन्द्रभान यादव निवासी अरवारी नौढिया बोझ ने सूचना दी कि अज्ञात चोर उनके घर से मोबाइल फोन, रुपये, कपड़े आदि चुरा ले गये हैं। पुलिस ने मामला दर्जकर हरदीकला प्रभारी दरोगा प्रभुनाथ सिंह की टीम ने आज मुखबिर की सूचना पर चैकी हरदीकला क्षेत्र रेलवे क्रासिंग बंधे के पास से अमरेन्द्र विक्रम उर्फ ऋषभ सिह पुत्र पुष्पराज सिंह व रूद्र प्रताप उर्फ बच्चा सिंह पुत्र बलवीर सिह निवासी पूरबपताई थाना मऊ के कब्जे से दो मल्टीमीडिया मोबाइल फोन, चोरी के जीन हजार रुपये, घटना में प्रयुक्त मोटरबाइक बरामद कर चोरी का सामान पकडा। बरामदगी पर दोनों के खिलाफ धारायें बढाई। टीम में दरोगा प्रभुनाथ सिहं यादव, दरोगा राजेश कुमार यादव, दीवान रमेशचन्द्र, सिपाही राहुल यादव, राहुल यादव, चन्दन विश्वकर्मा शामिल रहे।

रामनगर ब्लाक का छह माह में दूर होगा पिछडापन: सांसद

पीएम का लाइव प्रसारण दिखाया

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। सांसद आरके सिंह पटेल, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर की मौजूदगी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों से संकल्प सप्ताह सबकी आकांक्षायें सबका विकास आकांक्षी ब्लाक में लाइव प्रसारण व उद्बोधन दिखाया।

शनिवार को प्रधानमंत्री ने भारत की समृद्धि विरासत की लगी प्रदर्शनियां देखी। भारत के 112 आकांक्षी जिले बरेली, जम्मू कश्मीर व मेघालय में हो रहे विकास बाबत वार्तालाप भी किया। सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि जिले के रामनगर ब्लाक पिछड़ा है। मंडल

के दो जिले बांदा-चित्रकूट में ब्लॉक रामनगर को लिया है। घड़ी का उदाहरण देते हुए कहा कि कुछ घरों में काफी घड़ी होती है। कुछ में एक घड़ी होती है। उस व्यक्ति को देखना है कि किस क्षेत्र में पिछड़ा है। मूलभूत सुविधायें देंगे तो छह माह में कार्य पूरा हो सकता हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने अतिथियों के प्रति आभार जताया। इस मौके पर सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीसीएनआरएल ओम प्रकाश मिश्रा, डीपीआरओ कुमार अमरेंद्र, डीओ राजेन्द्र यादव आदि मौजूद रहे।

सरधुवा पुलिस ने चोर दबोचकर बरामद किये दो हजार

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र सिंह की अगुवाई में दरोगा अनिल कुमार गुप्ता की टीम ने चोरी के वांछित फूल कुमार पुत्र बब्बू निवासी नैनी को दो हजार रुपये समेत गिरफ्तार किया।

ज्ञात है कि 30 अगस्त को अतरौली गांव की श्रीमती मैना पत्नी शिवा पण्डित ने थाने में रिपोर्ट लिखाई थी कि फूल कुमार ने उसके तीन बकरे व दो मुर्गे चोरी कर लिये हैं। पुलिस ने चोरी का मामला दर्जकर आज दरोगा अनिल कुमार गुप्ता ने फूल कुमार को गिरफ्तार किया।

गांवों से अमृत कलश में मिट्टी संजोकर लायें ब्लाक: डीएम, शासन के निर्देश पर होंगे भव्य कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने सभी बीडीओ एवं कार्यक्रम अधिकारियों से कहा कि सूबे के मुख्य सचिव के निर्देश में आजादी अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी- मेरा देश के मद्देनजर तिथिवार रोस्टर तैयार कर अमृत कलश यात्रा कराए जाने के निर्देश मिले हैं।

शनिवार को जिलाधिकारी ने विकासखंड स्तरीय तिथि निर्धारित कर कहा कि दो अक्टूबर को विकासखंड कर्वी, पांच को मानिकपुर एवं मऊ, छह को पहाड़ी व नौ रामनगर में कार्यक्रम होंगे। मेरी माटी-मेरा देश में निर्धारित तिथि में प्रत्येक गांव से संग्रहित अमृत कलश लेकर युवक मंगल दल, महिला मंगल दल, नेहरू युवा केंद्र, स्काउट एवं गाइड्स, एनसीसी, प्रधान आदि ग्रामीण जुलूस की शक्ल में गांवों से होते हुए ब्लॉक मुख्यालय पहुंचेंगे।

सोमालिया में चाय की दुकान पर आत्मघाती हमला, सात की मौत

मोगादिशु। सोमालिया की राजधानी मोगादिशु में एक चाय की दुकान पर हुए आत्मघाती हमले में कम से कम सात लोगों की जान चली गई। यह चाय की दुकान राष्ट्रपति भवन के पास है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से इस पर

विस्तार से चर्चा की गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक सोमालिया की राजधानी में चाय बेचने वाली एक दुकान पर एक आत्मघाती हमलावर ने खुद को उड़ा लिया। इस हमले में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई। पुलिस प्रवक्ता सादिक दुदिशे ने कहा कि शुक्रवार को यह विस्फोट मध्य सोमालिया में राष्ट्रपति भवन के पास चाय की दुकान पर हुआ। सभी हताहत लोग चाय पीने के लिए समय बिता रहे थे। इस दुकान में अकसर सोमाली सुरक्षा बलों के सदस्यों के साथ-साथ विशिष्ट नागरिक भी चाय पीने आते हैं। रिपोर्ट्स में कहा गया है कि इस हमले की जिम्मेदारी अल कायदा से जुड़े अल-शबाब समूह ने ली है।

जलवायु परिवर्तन से हो रहे नुकसान की फंडिंग करने से मुकर रहे विकसित देश, विशेषज्ञों ने जताई चिंता

न्यायर्क। जलवायु परिवर्तन के नुकसानों को झेल रहे विकासशील देशों को फंडिंग करने से विकसित देश मुकर रहे हैं। दरअसल विकसित देशों का कहना है कि मदद पाने वाले देशों की संख्या को कम करने की मांग कर रहे हैं। साथ ही विकसित देशों का कहना है कि मदद करने वाले देशों की संख्या को भी बढ़ाया जाए। विकसित देशों के इस रुख पर वैश्विक दक्षिणी देशों के विशेषज्ञों ने चिंता जाहिर की है।

विकसित देश फंडिंग देने में कर रहे आनाकानी

विशेषज्ञों ने इस बात पर जोर दिया है कि विकासशील देशों को दिसंबर में सऊदी अरब में संयुक्त राष्ट्र की पर्यावरण के मुद्दे पर आयोजित होने वाले सम्मेलन COP28 में एकजुट होकर विकसित देशों के सामने अपनी मांग रखनी चाहिए। बता दें कि मिस्त्र के शर्म अल शेख शहर में आयोजित हुई COP27 की बैठक में एक हानि और क्षति निधि बनाने का फैसला हुआ था। इस निधि में विकसित देश योगदान देंगे और जलवायु परिवर्तन के नुकसानों का सामना कर रहे देशों को इस निधि से फंडिंग की जानी है। हालांकि बीते हफ्ते संयुक्त राष्ट्र में हानि और क्षति निधि के मुद्दे पर मंत्री स्तर की बैठक हुई, जिसमें इस मुद्दे पर भारी मतभेद सामने आए कि किस देश को फंडिंग मिलनी चाहिए और किन देशों को इस निधि में योगदान देना चाहिए। विकसित देशों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के सबसे ज्यादा नुकसान झेल रहे देश और छोटे और गरीब देशों को इस निधि से फंडिंग की जानी चाहिए। विकसित देश पाकिस्तान और लीबिया को भी इस लिस्ट में रखने के पक्ष में नहीं हैं, जबकि बीते दिनों इन दोनों देशों ने जलवायु परिवर्तन के चलते विनाशकारी बाढ़ का सामना किया और इससे हजारों लोगों की जान गई। विकसित देश सभी सक्षम देशों जैसे भारत और चीन को हानि और क्षति निधि में योगदान देने की भी मांग कर रहे हैं। वहीं विकासशील देशों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के नुकसान झेल रहे सभी विकासशील देशों को फंडिंग होनी चाहिए।

न्यूयॉर्क में भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालात, रेल-हवाई यातायात हुआ ठप, आपातकाल लागू

न्यायर्क। न्यूयॉर्क में भारी बारिश से बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए हैं। हुई बारिश बीते एक दशक में हुई एक दिन में सबसे ज्यादा बारिश है। शहर के कई सब-वे और रेल लाइन्स पर पानी भर गया है और आम जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। कई निचले इलाकों में पानी भरा हुआ है। न्यूयॉर्क के लागार्डिया एयरपोर्ट टर्मिनल को भी बंद करना पड़ा। अमेरिकी मौसम विज्ञानियों ने बताया कि न्यूयॉर्क के ब्रुकलिन में करीब सात इंच बारिश हुई। कुछ जगहों पर सिर्फ एक घंटे में करीब ढाई इंच बारिश हुई। जॉन एफ केनेडी एयरपोर्ट इलाके में करीब आठ इंच बारिश हुई, जो सितंबर के महीने में हुई रिकॉर्ड बारिश है। इससे पहले साल 1960 में चक्रवाती तूफान डोना के समय इतनी बारिश हुई थी। दो साल पहले चक्रवाती तूफान इडा से भी उत्तर पूर्वी इलाके में भारी बारिश से करीब 13 लोगों की जान गई थी।

अमेरिकी संसद की अनूठी पहल, ईसाई पादरी की जगह सिख ग्रंथी की प्रार्थना से शुरू हुई सदन की कार्यवाही

वाशिंगटन। अमेरिकी संसद में एक अनूठी पहल की गयी है। संसद सत्र की कार्यवाही ईसाई पादरी की जगह सिख ग्रंथी की प्रार्थना से शुरू हुई

अमेरिकी संसद के हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में हर स्तर के पहले दिन सदन की कार्यवाही औम तौर पर एक ईसाई पादरी द्वारा प्रार्थना के साथ की जाती है। इस बार अमेरिका ने एक ऐतिहासिक कदम उठाया। अमेरिकी संसद सत्र की कार्यवाही की शुरुआत इस बार कुछ अलग तरीके से हुई। न्यूजर्सी के पाइन हिल गुरुद्वारा के ग्रंथी ज्ञानी जसविंदर सिंह ने प्रार्थना करके सदन की कार्यवाही शुरू की।

सदन के अध्यक्ष केविन मैकार्थी ने घोषणा की कि जसविंदर सिंह प्रतिनिधि सभा में प्रार्थना करने वाले पहले सिख पादरी हैं। प्रार्थना कार्यवाही शुरू करेंगे।

जसविंदर सिंह अमेरिकी के तुरंत बाद सदन में प्रवेश करते हुए सांसद डोनाल्ड नॉरक्रॉस ने इसे ऐतिहासिक अवसर बताया। उन्होंने कहा कि आज का दिन इस बात की याद दिलाता है कि अमेरिका धर्म की स्वतंत्र अभिव्यक्ति का स्वागत करता है और उसके मूल्यों को लेकर प्रतिबद्ध रहेगा। सिख समन्वय समिति ईस्ट कोस्ट के मीडिया प्रवक्ता हरजिंदर सिंह ने कहा कि अमेरिकी संसद के इतिहास में आज पहली बार सदन का सत्र सिख प्रार्थना के साथ शुरू हुआ। यह पूरे वैश्विक सिख समुदाय के लिए बहुत खुशी का अवसर है।

खालिस्तानियों का दुस्साहसः स्कॉटलैंड में गुरुद्वारा जा रहे भारतीय उच्चायुक्त को रोका, कार से उतरने नहीं दिया

स्कॉटलैंड । स्कॉटलैंड में भारतीय उच्चायुक्त को रोके जाने की खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि खालिस्तान समर्थकों को ऐसा दुस्साहस किया है। ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी के साथ यह घटना घटी है। वे गुरुद्वारे जा रहे थे, तभी उन्हें कुछ खालिस्तान समर्थकों ने रोक लिया। वे अपनी कार से थे। जैसे ही उन्होंने कार से उतरने की कोशिश की, कुछ लोगों ने कार का दरवाजा पकड़ लिया और उन्हें उतरने तक नहीं दिया। सूत्रों के मुताबिक, इस मुद्दे को ब्रिटेन के विदेश कार्यालय और पुलिस के समक्ष भी उठाया गया है।

क्या है मामला?

इस बार ब्रिटेन में कट्टरपंथी खालिस्तानी समर्थकों ने सारी हदें पार कर दीं। खालिस्तानी समर्थकों के एक समूह ने ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी को शुक्रवार को स्कॉटलैंड के एक गुरुद्वारे में प्रवेश करने से रोक दिया। सूत्रों के मुताबिक, खालिस्तान समर्थकों को जानकारी लगी कि दोरईस्वामी ने अल्बर्ट ड्राइव पर ग्लासगो गुरुद्वारा की गुरुद्वारा समिति के साथ एक बैठक करने वाले थे। जब वे यहा पहुंचे तो कुछ लोगों ने उनकी कार को घेर लिया। मौके पर हल्की नोकझोंक भी हुई।

अलास्का में एक साथ युद्ध के मैदान में उतरीं भारत और अमेरिका की सेनाएं

जुनो। अमेरिकी राज्य अलास्का में भारत और अमेरिका की सेनाएं एक साथ युद्ध के मैदान में उतरी तो संयुक्त रणनीतिक विश्लेषण और युद्ध कौशल देखते ही बन रहा था। 8 अक्टूबर तक चलने वाले भारत और अमेरिका के संयुक्त युद्धाभ्यास के दौरान दोनों सेनाओं ने मिलकर अभ्यास किया। इस अभ्यास का लक्ष्य दोनों सेनाओं की ताकत को बढ़ाना और उनके रिश्ते को मजबूत करना है।

अमेरिका और भारत के बीच वार्षिक युद्धाभ्यास के 19वें संस्करण में भारतीय सेना के 350 सैनिकों का दल भाग ले रहा है। भारत की मराठा लाइट इन्फेंट्री रेजिमेंट और अमेरिका की ओर से फर्स्ट ब्रिगेड कॉम्बेट टीम की 1-24 इन्फेंट्री बटालियन ने इस संयुक्त युद्धाभ्यास की थीम 'पर्वत व चरम मौसम के हालात में संयुक्त सैनिक समूह की तैनाती' रखी है। इस दौरान दोनों देशों की सैन्य ड्रिल की श्रेष्ठ पद्धतियों और दृष्टिकोण को एक-दूसरे के सामने रखा जाएगा। सैन्य कौशल, युद्ध से जुड़ी इंजीनियरिंग, लड़ाकू कार्रवाइयों के दौरान बाधाएं हटाने और इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) से युद्ध के तौर-तरीके भी आपस में साझा किये जाएंगे। दोनों पक्ष टैक्टिकल ड्रिल की शृंखला का अभ्यास करेंगे। यह संयुक्त राष्ट्र शांति सेना की कार्रवाइयों में दोनों को साथ तैनात करने में मदद करेगा। अभ्यास के बाद चुने हुए विषयों पर अकादमी चर्चाएं होंगी। अपने अनुभवों और श्रेष्ठ कार्य पद्धतियों के बारे में भी आपस में विस्तृत बातचीत होगी। विशेषज्ञों का मानना है कि यह जमीनी युद्धाभ्यास दुश्मन सेना के सामने ब्रिगेड स्तर पर एक मिली-जुली सेना का प्रदर्शन जांचने में मदद करेगा। इससे ब्रिगेड व बटालियन स्तर पर संयुक्त निगरानी प्रणाली की जांच हो सकेगी। इसके अलावा युद्धाभ्यास के दौरान हेलिकॉप्टर या विमानों से सैन्य कार्रवाइयों में सैनिक उतारने व सैन्य ताकत बढ़ाने की क्षमताएं परखी जाएंगी। ऊंचे स्थलों और चरम मौसम के हालात में सैन्य कार्रवाई के दौरान रसद सामग्री की जरूरतों, हताहत सैनिकों के लिए प्रबंधन, बचाव अभियानों, युद्ध के समय चिकित्सा सहायता पहुंचाने व अन्य पहलुओं का भी परीक्षण होगा।

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की हालत नाजुक, परिवार विदेश ले जाने की तैयारी में

ढाका। बांग्लादेश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी की अध्यक्ष खालिदा जिया की हालत नाजुक है। 78 वर्षीय खालिदा जिया का पिछले 50 दिन से राजधानी ढाका के एवरकेयर अस्पताल में इलाज चल रहा है। उनके स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार नहीं हुआ है। इलाज के लिए परिवार उन्हें विदेश ले जाने की तैयारी में हैं। परिवार ने इसके लिए सरकार से अनुमति मांगी है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स में यह जानकारी दी गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सरकार से अनुमति मिलते ही खालिदा जिया को विदेश ले जाया जाएगा। वह लीवर सिरोसिस बीमारी से जूझ रही हैं। परिवार की इच्छा उन्हें जर्मनी ले जाने की है। इसके अतिरिक्त संयुक्त राज्य अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और सिंगापुर के अस्पतालों से भी संपर्क किया गया है। खालिदा जिया के छोटे भाई मेजर (सेवानिवृत्त) सईद इस्कंदर के हवाले से रिपोर्ट्स में कहा गया है कि 25 सितंबर को इसके लिए औपचारिक रूप से गृह मंत्रालय में आवेदन किया गया है। परिवार का कहना है कि उन्हें कोरोनरी केयर यूनिट में भर्ती कराने की जरूरत है। सईद इस्कंदर ने कहा है कि



हमें मंत्रालय से त्वरित प्रतिक्रिया की उम्मीद है। खालिदा जिया को अत्याधुनिक उपचार की तत्काल जरूरत है। यह इलाज केवल विदेशों में उपलब्ध है।

मीडिया रिपोर्ट्स में खालिदा जिया के निजी चिकित्सक डॉ. एजेडएम जाहिद हुसैन के हवाले से कहा गया है कि वह गंभीर रूप से बीमार हैं और उन्हें लीवर प्रत्यारोपण सहित तत्काल उन्नत उपचार की आवश्यकता है। यह बांग्लादेश में संभव नहीं है। लिवर सिरोसिस के कारण उनके हृदय और गुर्दे में गंभीर दिक्कत पैदा हो गई है। वह सांस नहीं ले पा रहीं। पेट संबंधी समस्या बढ़ गई है। खालिदा जिया का जीवन अधर में है। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने सरकार से मांग की है कि खालिदा जिया को तत्काल विदेश ले जाने की अनुमति प्रदान की जाए। मिर्जा फखरुल ने हाल ही में ढाका में जर्मन दूतावास के प्रभारी जान रॉल्फ जानोस्की से मुलाकात की है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कानून मंत्री अनीसुल हक ने पुष्टि की कि गृह मंत्रालय को खालिदा जिया के विदेश में चिकित्सा उपचार के लिए आवेदन प्राप्त हुआ है। आवेदन पर गृह मंत्रालय जल्द ही निर्णय लेगा। उल्लेखनीय है कि जिया अनाथालय ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले में फरवरी 2018 में कारावास की सजा के बाद खालिदा जिया का स्वास्थ्य बिगड़ा। उन्होंने लगभग दो साल सलाखों के पीछे बिताए।

ईरान में कैदी को मौत की सजा की घोषणा से जेल में बवाल, गोली चली, आगजनी

तेहरान। ईरान की राजधानी तेहरान में रामहॉर्मोज जेल में एक कैदी को मौत की सजा सुनाने के बाद जमकर बवाल हुआ। इससे गुस्साए बाकी कैदियों ने आग लगाकर दंगा शुरू कर दिया। दंगे के दौरान गोलियों की आवाज सुनी गई। यह जानकारी मीडिया रिपोर्ट्स में दी गई है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि इस साल नशीली दवाओं से संबंधित अपराधों के लिए दोषी ठहराए गए कम से कम 173 लोगों को फांसी दी चुकी है। इससे कैदी काफी खफा हैं। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा

गया है कि दक्षिण पश्चिम ईरान में एक जेल में कैदियों ने एक साथी कैदी के खिलाफ जारी मौत की सजा के विरोध में आग लगा दी और गोलीबारी की। ईरान, चीन के बाद दुनिया में सबसे अधिक संख्या में फांसी देने वाला देश है। वहां इस प्रकार की हिंसा होती रहती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एमनेस्टी इंटरनेशनल ने जून में एक रिपोर्ट में कहा कि ईरानी अधिकारियों ने व्यवस्थित रूप से अनुचित परीक्षणों के बाद इस साल नशीली दवाओं से संबंधित अपराधों के लिए दोषी ठहराए गए कम से कम 173 लोगों को फांसी दी है। यह संख्या पिछले साल की तुलना में लगभग तीन गुना अधिक है।

यूक्रेन के जिन इलाकों पर रूस का कब्जा, वो मॉस्को के साथ मिलना चाहते हैं, राष्ट्रपति पुतिन का बड़ा दावा

मास्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शनिवार को कहा कि रूस द्वारा कब्जाए गए यूक्रेनी इलाकों के लोग, रूस के साथ मिलना चाहते हैं। हालिया स्थानीय चुनाव से यह साफ हो गया है। पुतिन ने बीते साल इन इलाकों में हुए जनमत का भी हवाला दिया। हालांकि उन जनमत को पश्चिमी देशों ने अवैध करार दिया था। रूस द्वारा यूक्रेन के चार इलाकों को अपने देश का हिस्सा बनाने के पुतिन के एलान के एक साल पूरा होने पर रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने एक वीडियो संदेश जारी किया। वीडियो संदेश में पुतिन ने कहा कि रूस में शामिल होने का विकल्प इस महीने के स्थानीय चुनाव से मजबूत हुआ है, जिनमें उन लोगों को जीत मिली है, जो रूस के समर्थक हैं। जनमत के एक साल के बाद ही लोगों ने एक बार फिर रूस में शामिल होने की इच्छा जाहिर की है और उन लोगों का समर्थन किया है जो अपनी मेहनत से लोगों का विश्वास जीते हैं। पुतिन ने इस बात पर भी जोर दिया कि फरवरी 2022 में रूसी कार्रवाई ने यूक्रेनी लोगों को कीव के राष्ट्रवादी नेताओं से बचाया, जिन्होंने उनके खिलाफ गृह युद्ध छेड़ रखा था।

भारत ने वाशिंगटन में कनाडा को सुनाई खरी-खरी, विदेशमंत्री जयशंकर ने दिखाया आईना

वाशिंगटन। भारत के विदेशमंत्री डॉ. एस जयशंकर ने अपनी अमेरिका यात्रा के दौरान साथ कुछ भी संबंधित जानकारी साझा करता है तो हम इस पर हुए भी उसके प्रत्यर्पण अनुरोध का कभी कोई जवाब नहीं दिया।

विचार करने के लिए तैयार हैं। विदेशमंत्री जयशंकर ने कहा कि जिसकी मौत पर कनाडा हाय तौबा मचा रहा है, वह भारत में हिंसा और अवैध गतिविधियों में शामिल रहा है। कनाडा की सरकार ने निज्जर के बारे में सब कुछ जानते उन्होंने कहा कि भारत असल में कनाडा के लिए वीजा निलंबित करना पंसद नहीं करता है। लेकिन कनाडा की हठधर्मिता के कारण हमें ऐसा करना पड़ा। जयशंकर ने साफ तौर पर कहा कि कनाडाई पक्ष ने हमारे लिए चीजें काफी मुश्किल बना दी हैं। कनाडा में हमारे (भारतीय) राजनयिकों को धमकाया जा रहा है। उन्होंने हमारे राजनयिकों को इस हद तक परेशान कर दिया है कि वह अपना काम तक नहीं कर पा रहे हैं। महत्वपूर्ण यह है कि कनाडा अब तक आतंकी निज्जर की हत्या से संबंधित किसी भी दावे का साक्ष्य पेश नहीं कर सका है। उन्होंने कहा कि आज कनाडा में हिंसा का माहौल है। डराया-धमकाया जा रहा है। हमारे मिशन पर हमले हो रहे हैं। वाणिज्य दूतावास के सामने हिंसा हो रही है। राजनयिकों के बारे में पोस्टर लगाए जा रहे हैं। क्या यह सामान्य है? मान लीजिए यह सब किसी और देश के साथ होता तो क्या प्रतिक्रिया होती? जयशंकर ने कहा कि कनाडा के मौजूदा हालात को सामान्य नहीं कहा जा सकता।

कंगाल पाकिस्तान ने सऊदी अरब और चीन के सामने फैलाई झोली, मांगे 11 अरब अमेरिकी डॉलर

इस्लामाबाद। एक-एक पैसे के लिए परेशान, कंगाल पाकिस्तान ने अब मदद के लिए सऊदी अरब और चीन के सामने एक बार फिर से झोली फैलाई है। नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान ने घरेलू और विदेशी मुद्रा भंडार के अंतर को पाटने की कोशिश में चीन और सऊदी अरब से 11 अरब अमेरिकी डॉलर की मदद मांगी है।

इस्लामाबाद में सीनेटर सलीम मांडवीवाला की अध्यक्षता में वित्त और राजस्व पर सीनेट की स्थायी समिति के समक्ष कार्यवाहक वित्त मंत्री शमशाद अख्तर द्वारा पेश एक विस्तृत नीति दस्तावेज में जानकारी दी गई है। पाकिस्तान ने कार्यवाहक सरकार के खुदरा, कृषि और रियल एस्टेट क्षेत्रों में कर दायरे को प्रभावी ढंग से विस्तारित करने और अवैध मुद्रा की आवाजाही के खिलाफ कार्रवाई

जारी रखने के दबाव के बीच यह मांग की है। अख्तर के मुताबिक सरकार मौजूदा समय में एक आर्थिक पुनरुद्धार योजना पर काम कर रही है, जिसे जल्द ही कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवार उल हक काकर के सामने पेश किया जाएगा और वित्त पर सीनेट की स्थायी समिति के साथ साझा किया जाएगा। दरअसल पाकिस्तान चाहता है कि देश में निर्वाचित सरकार के गठन तक आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) का बेलआउट कार्यक्रम पटरी पर रहे।

इसीलिए कार्यवाहक वित्त मंत्री ने कहा कि कार्यवाहक सरकार के पास व्यापक ढांचागत सुधार करने की सीमित गुंजाइश थी, लेकिन उन्होंने उन सुधारों को पूरा करने का वादा किया, जो 70 करोड़ अमेरिकी डॉलर की ऋण किस्त का वितरण सुनिश्चित करने के लिए आईएमएफ के कार्यक्रम का हिस्सा थे। उन्होंने बताया कि आईएमएफस से इस संबंध में वार्ता अक्टूबर के अंत में शुरू होगी।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।